राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 263, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली शनिवार 06 अप्रैल 2024, मूल्य : 2 /-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

**मुख्य अपडेट**

केजरीवाल को जेल भेजने के पीछे गहरी साजिश : संजय सिंह .... पेज 03

महाकुंभ-2025 : नए पावर स्टेशन, नई लाइनें, जगमग होगी कुंभ नगरी .... पेज 05

अनमोल सहित पांच भारतीय कजाखस्तान चैलेंजर के क्वार्टर फाइनल में .... पेज 07

## कांग्रेस का 2024 का घोषणा पत्र जारी, गरीबों को न्याय देने का वादा

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने 2024 के चुनाव के लिए हाथ बदलेगा हालत नारे के साथ आज अपना घोषणा पत्र जारी किया और कहा कि यह %न्याय पत्र% है जो देश की जनता को पांच न्याय के साथ 25 गारंटी देता है तथा गरीबों की खुशहाली का वादा करता है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, घोषणा पत्र समिति के अध्यक्ष पी चिदंबरम और पार्टी महासचिव संगठन के सी वेणुगोपाल ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संयुक्त रूप से कांग्रेस का घोषणा पत्र जारी किया और कहा कि घोषणा पत्र न्याय की गारंटी देता है इसलिए इसे न्याय पत्र कहा गया है। इसमें सभी देशवासियों से न्याय का वादा है और लोगों को विश्वास दिलाया गया है कि कांग्रेस को वोट देने से पूरे देश के हालात बदल जाएंगे।




श्री खडगे ने कहा कि घोषणा पत्र गरीबों को समर्पित है और देश के गरीबों को सम्मान देने का वादा किया गया है। इसमें आम लोगों की आर्थिक हालत सुधारने के लिए 5,000 करोड़ रुपए का नया स्टार्टअप फंड देने का भी वादा किया गया है।

उन्होंने कहा हम देश की सामाजिक और आर्थिक गति को आगे ले जाएंगे। किसानों, गरीबों, मजदूरों, महिलाओं और वंचित वर्गों के विकास के बंद दरवाजे खोलेंगे। ये हमारी प्रतिज्ञा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा ही डॉ. मनमोहन सिंह जी के नेतृत्व वाली सरकार की आलोचना करते हैं लेकिन उन 10 वर्षों में कांग्रेस ने मनरेगा, सूचना का अधिकार, खाद्य सुरक्षा, भूमि अधिग्रहण कानून, शिक्षा का अधिकार सहित कई कदम उठाए हैं। मनरेगा और खाद्य सुरक्षा के पीछे सोनिया गांधी जी का बहुत बड़ा योगदान रहा है। मोदी जी इसके मुकाबले अपने 10 साल के कार्यकाल में एक भी काम नहीं कर सके।

### कांग्रेस का घोषणापत्र झूठ, भ्रम का पुलिंदा

भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस के घोषणा पत्र में खोखले वादे करने और विदेशों की तस्वीरें लगाने पर आड़े हाथों लेते हुए शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस ने घोषणापत्र में जनता के बीच भ्रम फैलाया है। भाजपा के प्रवक्ता एवं सांसद डॉ सुधांशु त्रिवेदी ने पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर अपने घोषणापत्र में हमेशा की तरह खोखले वादे करने और अपने वादों को कभी पूरे नहीं करने का आरोप लगाया। उन्होंने कांग्रेस के घोषणापत्र को वास्तविकता से परे सिर्फ लोक लुभावनें वादों से भरा तथा झूठ और भ्रम का पुलिंदा बताया। भाजपा की नीतियों के कारण आज महंगाई दर लगभग 5 प्रतिशत और बेरोजगारी दर 3 प्रतिशत है और पिछले 50 वर्षों में न्यूनतम महंगाई दर वाले वर्ष 2017, 2019, 2004, 2001 और 2003 थे जिनमें महंगाई दर क्रमश: 3.3, 3.73, 3.77, 3.78, 3.81 प्रतिशत थी और इन सभी वर्षों के दौरान देश में भाजपा सरकार थी।

## यूपी मदरसा एक्ट रद्द करने के फैसले पर रोक

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा-17 लाख छात्रों पर असर पड़ेगा

लखनऊ। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को यूपी बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशन एक्ट 2004 को असंवैधानिक करार देने वाले इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी। इसके साथ ही केंद्र और यूपी सरकार से जवाब भी मांगा। कोर्ट का कहना है कि हाईकोर्ट के फैसले से 17 लाख छात्रों पर असर पड़ेगा। छात्रों को दूसरे स्कूल में ट्रांसफर करने का निर्देश देना ठीक नहीं है।

22 मार्च को इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने यूपी मदरसा एक्ट को असंवैधानिक घोषित कर दिया था। कोर्ट ने कहा था कि यह धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत का उल्लंघन है। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने मदरसा बोर्ड की याचिका पर सुनवाई की। बेंच ने कहा कि हाईकोर्ट प्रथमदृष्टया सही नहीं है। ये कहना गलत होगा कि यह मदरसा एक्ट धर्मनिरपेक्षता का उल्लंघन करता है। यहां तक कि यूपी सरकार ने भी हाईकोर्ट में मदरसा एक्ट का बचाव किया था। इसके जवाब में यूपी सरकार की तरफ से एएसजी केएम नटराज ने कहा, हमने हाईकोर्ट में जरूर इस एक्ट का बचाव किया था, मगर कोर्ट ने इस एक्ट को असंवैधानिक करार दे दिया था।

#### विभिन्न धर्मों के बच्चों के साथ भेदभाव नहीं किया जा सकता

22 मार्च को लखनऊ बेंच ने 86 पेज का फैसला सुनाया था। इसमें कहा था- विभिन्न धर्मों के बच्चों के साथ भेदभाव नहीं किया जा सकता। धर्म के आधार पर उन्हें अलग-अलग प्रकार की शिक्षा मुहैया नहीं कराई जा सकती। अगर ऐसा किया जाता है, तो यह धर्मनिरपेक्षता का उल्लंघन होगा। इसके साथ ही क्सरकार को एक स्कीम बनाने को कहा, ताकि मदरसों में पढ़ रहे छात्रों को औपचारिक शिक्षा प्रणाली में शामिल किया जा सके।



### भीमा कोरेगांव मामला : सुप्रीम कोर्ट ने दी प्रोफेसर शोमा सेन को जमानत

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने भीमा कोरेगांव मामले में गैरकानूनी गतिविधियाँ (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत वर्ष 2018 में गिरफ्तार प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता प्रोफेसर शोमा सेन को शुक्रवार को जमानत दे दी। न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता 66 साल की है और विभिन्न बीमारियों से पीड़ित हैं। इसी वजह से अदालत उसके खिलाफ 1967 अधिनियम की धारा 43 डी (5) की कठोरता का प्रावधान लागू नहीं होगी।

## एनसीईआरटी ने 11वीं-12वीं का सिलेबस बदला

### बाबरी मस्जिद, हिंदुत्व और गुजरात दंगों से जुड़े चैप्टर हटाए

नई दिल्ली। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद यानी एनसीईआरटी ने 11वीं-2वीं कक्षा की पॉलिटिकल साइंस की किताबों से बाबरी मस्जिद, हिंदुत्व की राजनीति, 2002 के गुजरात दंगों, मणिपुर और अल्पसंख्यकों से जुड़े कई संदर्भ हटा दिए हैं।

ये बदलाव एनसीईआरटी की नई किताबों में कब से देखने को मिलेंगे, यह अभी साफ नहीं है, क्योंकि नया सेशन शुरू हो गया है और ये किताबें अभी बाजार में नहीं आई हैं।

अभी देश के 23 राज्यों में एनसीईआरटी सिलेबस पर आधारित किताबें पढ़ाई जाती हैं। इनमें उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, गोवा, कर्नाटक, त्रिपुरा, हरियाणा, मिजोरम और दिल्ली शामिल हैं। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के स्कूलों में भी यह किताबें पढ़ाई जाती हैं।

#### 11वीं की किताब से गुजरात दंगों का जिक्र हटा

कक्षा 11 की पॉलिटिकल साइंस की किताब में डेमोक्रेटिक पॉलिटिक्स-एक के चैप्टर 5 में से गुजरात दंगों का जिक्र हटा दिया गया है। इसके लिए एनसीईआरटी ने स्पष्टीकरण दिया है कि चैप्टर में ऐसी घटना का जिक्र था जो 20 साल पुरानी है और इसे न्यायिक प्रक्रिया के माध्यम से सुलझा लिया गया है।

#### गुजरात दंगों में मारे गए मुसलमानों का जिक्र हटा

एक और बड़े बदलाव में, कक्षा 11 की पॉलिटिकल साइंस की किताब पॉलिटिकल थ्योरी के पेज 112 पर धर्मनिरपेक्षता के टॉपिक में गोधरा कांड के बाद के दंगों में मारे गए मुसलमानों का संदर्भ हटा दिया गया है। इस बदलाव पर एनसीईआरटी का कहना है कि किसी भी दंगे में सभी समुदायों के लोगों को नुकसान होता है। यह सिर्फ एक समुदाय नहीं हो सकता।

## भारतीय तटरक्षक बल ने 27 बांग्लादेशी मछुआरों को किया रेस्क्यू, नाव का हुआ था स्टीयरिंग गियर खराब

नई दिल्ली। भारतीय तटरक्षक बल ने 27 बांग्लादेशी मछुआरों की जान बचाई है।

अधिकारियों ने शुक्रवार को कहा कि बांग्लादेशी मछुआरों की मछली पकड़ने वाली नाव भारतीय क्षेत्र में बह गई थी।

#### नाव का हुआ था स्टीयरिंग गियर खराब

तटरक्षक बल ने कहा कि चार अप्रैल को दिन में 11: 30 बजे भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा पर गश्त के दौरान भारतीय तटरक्षक जहाज अमोघ ने बांग्लादेशी मछली पकड़ने वाली नाव (बीएफबी) सागर को भारतीय जल क्षेत्र में बहते हुए देखा।

जांच के लिए टीम को भेजा गया। पता चला कि स्टीयरिंग गियर खराब होने के कारण नाव भारतीय जल क्षेत्र पहुंच गई थी।

टीम ने खराबी को ठीक करने की कोशिश की, लेकिन बीएफबी का पतवार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त था। मौसम की अनुकूल स्थिति को देखते हुए बीएफबी को भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा पर लाने का निर्णय लिया।

इस बीच भारतीय तटरक्षक क्षेत्रीय मुख्यालय ने बांग्लादेश तटरक्षक बल को घटना की जानकारी दी।

## मोदी एजेंसियों पर कब्जा करके वित्तीय एकाधिकार रखना चाहते हैं : राहुल



नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर केंद्रीय एजेंसियों पर कब्जा करके वित्तीय एकाधिकार कायम करने का आरोप लगाते हुये दावा किया कि आगामी लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 180 सीटें जीतने का भी आंकड़ा पार नहीं कर पायेगी। गांधी ने शुक्रवार को पार्टी का घोषणापत्र जारी करने के बाद संवाददाताओं से कहा, जिस तरह से अडानी का बंदरगाहों, बुनियादी संरचनाओं और रक्षा क्षेत्र में एकाधिकार है, उसी तरह श्री मोदी केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई), प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और आय कर (आईटी) विभाग का इस्तेमाल करके वित्तीय एकाधिकार कायम करना चाहते हैं।

## बेंगलुरु ब्लास्ट के मुख्य और सह-आरोपी पहचाने गए : एनआईए

### बीजेपी कार्यकर्ता भी हिरासत में; 3 राज्यों में 18 जगह रेड की थी

बेंगलुरु। बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे ब्लास्ट मामले की जांच कर रही एनआईए ने शुक्रवार (5 अप्रैल) को बताया कि मामले में मुख्य और सह-आरोपी की पहचान हो गई है। मुसाविर हुसैन शाजिब मुख्य आरोपी और अब्दुल मतीन ताहा सह-आरोपी है। मुसाविर ही कैफे में विस्फोटक लेकर गया था। दोनों ही शिवमोगा जिले के तीर्थहल्ली के रहने वाले हैं।

एनआईए के मुताबिक, दोनों आरोपी फरार हैं। उनकी तलाश में कर्नाटक, तमिलनाडु और यूपी के 18 ठिकानों पर छापेमारी की गई। 29 मार्च से दोनों पर 10 लाख रुपए का इनाम घोषित है। आरोपियों के जानने वालों, स्कूल-कॉलेज के समय के लोगों से पूछताछ की जा रही है।

वहीं, जांच एजेंसी ने शुक्रवार को ही ब्लास्ट केस में भाजपा कार्यकर्ता साई प्रसाद को को हिरासत में लिया है। एनआईए का कहना है कि साई का कैफे ब्लास्ट के आरोपियों से कनेक्शन है।

#### शाजिब की मदद करने वाला 26 मार्च को गिरफ्तार किया गया था

एनआईए ने 26 मार्च को चिकमंगलुरु के रहने वाले मुजम्मिल शरीफ को गिरफ्तार किया था। मुजम्मिल ने मुसाविर हुसैन शाजिब और अब्दुल मतीन ताहा को ब्लास्ट से जुड़ा सामान मुहैया कराया था। मुजम्मिल को पकड़ने के लिए एनआईए ने तीन राज्यों कर्नाटक, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश में छापेमारी की। तलाशी के दौरान कुछ कैश के साथ कई डिजिटल डिवाइस भी जब्त किए गए थे।

इससे पहले जांच एजेंसी ने 23 मार्च को दो संदिग्धों की पहचान की थी। फरार आरोपी ताहा तमिलनाडु पुलिस इंस्पेक्टर के विल्सन की हत्या के मामले में वॉन्टेड था और चेन्नई में मुख्य संदिग्ध के साथ रहा था।



एनआईए के मुताबिक, शाजिब और ताहा दोनों ही ङ्गस्ङ्गस् मॉड्यूल का हिस्सा हैं। इसकी पुष्टि मॉड्यूल के सदस्यों ने भी की थी, जिन्हें पहले गिरफ्तार किया गया था।

## असम में पुलिस को बड़ी सफलता, 210 करोड़ की हेरोइन जब्त; एक आरोपी गिरफ्तार

एएनआई, कछार (असम)। असम में इन दिनों ड्रग्स मुक्त राज्य की दिशा में लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में एसटीएफ असम और कछार पुलिस ने संयुक्त अभियान में सिलचर में 21 किलोग्राम हेरोइन जब्त की है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत 210 करोड़ रुपये है।



साथ ही एक आरोपी को गिरफ्तार भी किया है। वहीं इस मामले की जांच जारी है। इसे लेकर असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने अपने एक्स हैंडल पर जानकारी देते हुए असम पुलिस को बधाई दी है। साथ ही उन्होंने यह जिक्र भी किया कि यह ड्रग्स के खिलाफ चल रहे अभियान को लेकर राज्य में अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई है।

इस संयुक्त ऑपरेशन का प्रतिनिधित्व असम एसटीएफ के आईजीपी पार्थ सारथी महंता और कछार पुलिस के एसपी नुमल महत्ता ने किया।

गुप्त सूचना के आधार पर गुरुवार को एसटीएफ की टीम ने सईदपुर के पास वाहन MZ-01-7204 की जांच की इस दौरान उन्हें प्योर फॉर्म में 21 किलो ग्राम हेरोइन जब्त की। यह इलाका कछार जिले के सिलचर पुलिस थाने के अंतर्गत आता है।

## केरल में बम विस्फोट : एक माकपा कार्यकर्ता की मौत, तीन घायल

एजेंसी

कन्नूर। केरल में पनूर के पास मुलियाथोड में देशी बम बनाने के दौरान विस्फोट होने से मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के एक कार्यकर्ता की मौत हो गयी और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये हैं।

पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि विस्फोट के बाद छापे के दौरान दो बम और विस्फोटक सामग्री जब्त की गयी। बाद में बम निरोधक दस्ते ने शाम में बमों को निष्क्रिय किया।

पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान पुथूर के निवासी शेरिन के रूप में की गयी है, जिन्हें चेहरे और छाती पर चोटें आयीं थीं और उनका कोझिकोड के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। विस्फोट में विनीश नामक व्यक्ति की दोनों हथेलियां शरीर से अलग हो गयी। उसका कोझिकोड के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है, जहां उसे वेंटिलेटर पर रखा गया है।

इस घटना में दो और घायल, असवंत और विनोद को क्रमश- थालास्सेरी और परियारम के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

गौरतलब है कि घटना गुरुवार मध्यरात्रि के बाद करीब एक बजे घटी, जब वे सभी मुलियाथोड में एक घर की छत पर बम बना रहे थे।

स्थानीय लोगों से घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों का थालास्सेरी के सहकारी अस्पताल में प्राथमिक उपचार कराने के बाद कन्नूर में चाला के पास एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। बाद में स्थिति गंभीर होने पर उन्हें कोझिकोड के एक निजी अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया।

पनूर क्षेत्रीय निरीक्षक प्रेमसदन के नेतृत्व वाली टीम ने आसपास के इलाकों में छापे मारे और घटनास्थल की जांच की। पुलिस आयुक्त आर. अजितकुमार की टीम ने बताया कि इस सम्बन्ध में मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच की जा रही है।

**फर्जी एनओसी**

**एसीइबी की जांच में कई अहम जानकारियां आई सामने**

## तीन साल में अंग प्रत्यारोपण की 800 फर्जी एनओसी हुई जारी

जयपुर। राजधानी जयपुर में फर्जी एनओसी के आधार पर अंग प्रत्यारोपण के मामले में रोजाना नई जानकारियां सामने आ रही हैं। राजस्थान भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की जांच में अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन भी सामने आया है। एसीबी का मानना है कि अंग प्रत्यारोण की फर्जी एनओसी जारी करके उसके आधार पर निजी अस्पतालों में प्रत्यारोपण किया जाता था।

#### अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन आया सामने

इसके लिए बांग्लादेश, नेपाल और कंबोडिया सहित अन्य देशों से गरीब लोगों को पैसे का लालच देकर यहां लाया जाता था और फिर फर्जी एनओसी के आधार पर अंग प्रत्यारोपण करवाया जाता था, जिनका अंग प्रत्यारोपण होता था उनसे पैसा वसूला जाता था। हालांकि इस बारे में एसीबी के अधिकारी फिलहाल अधिकारिक रूप से बोलने को तैयार नहीं है।

#### तीन साल में आठ सौ एनओसी जारी

यह भी सामने आया है कि अंग प्रत्यारोपण को लेकर फर्जी एनओसी देने वाले प्रदेश के सबसे बड़े एसएमएस अस्पताल के सहायक प्रशासनिक अधिकारी गौरव सिंह ने तीन साल में करीब आठ सौ एनओसी जारी की है।

कई दिन तक निगरानी रखने के बाद एसीबी ने गौरव को गिरफ्तार किया है। गौरव के कार्यालय में 75 एनओसी तैयार मिली। इनमें से अधिकांश एनओसी विदेशी नागरिकों की मिली है। यह एनओसी जयपुर के आधा दर्जन निजी अस्पतालों को दी जानी थी।

#### मात्र इतने रुपयों में जारी करता था फर्जी एनओसी

एसीबी की जांच में सामने आया कि गौरव 35 से 40 हजार रुपये लेकर फर्जी एनओसी देता था।

एसएमएस अस्पताल में बनी राज्य स्तरीय कमेटी की बैठक लंबे समय से नहीं हुई। बिना बैठक के ही गौरव निजी अस्पताल के कर्मचारियों से पैसे लेकर फर्जी तरीके से एनओसी जारी कर रहा था।

फर्जी एनओसी लेने के मामले में गिरफ्तार किए गए जयपुर स्थित फोर्टिस अस्पताल के समन्वयक विनोद सिंह और ईएचसीसी अस्पताल के अनिल जोशी से हुई पूछताछ में सामने आया कि गिरोह के तार अंतरराष्ट्रीय स्तर तक जुड़े हुए हैं।

चिकित्सा एवं शिक्षा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने फोर्टिस और ईएचसीसी का लाइसेंस अंग प्रत्यारोपण अधिनियम, 1994 के तहत रद्द कर दिया है। अब इनमें अंग प्रत्यारोपण नहीं हो सकेगा।

## शार्ट न्यूज

### 'रामेश्वरम विस्फोट मामले में भाजपा कार्यकर्ता एनआईए की हिरासत में'

बेंगलुरु। कर्नाटक में बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले ने उस समय एक महत्वपूर्ण मोड़ ले लिया है जब राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने घटना के सिलसिले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक कार्यकर्ता को हिरासत में लिया। कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव ने दावा किया किया है भाजपा कार्यकर्ता साई प्रसाद को शिवमोग्गा जिले के तीर्थहल्ली से कथित तौर पर हिरासत में लिया गया। राव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा, तीर्थहल्ली के भाजपा नेता साई प्रसाद को राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले में हिरासत में ले लिया है। पिछले मार्च में बेंगलुरु में हुए रामेश्वरम कैफे विस्फोट की जांच चल रही है, और एक भाजपा कार्यकर्ता की संलिप्तता मामले में एक नया आयाम जोड़ती है। राव ने इससे भी आगे बढ़कर विस्फोट में भाजपा की संलिप्तता का अनुमान लगाते हुए पार्टी पर धार्मिक संरक्षण की आड़ में भगवा आतंकवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, अब भाजपा क्या कहेंगी कि विस्फोट का कारण हमारी सरकार है? क्या इसका मतलब यह नहीं है कि भाजपा रामेश्वरम कैफे विस्फोट में शामिल है क्योंकि भाजपा नेता को एनआईए ने हिरासत में ले लिया है?

### कांग्रेस के स्टार प्रचारकों के नाम घोषित, खड़गे, राहुल, प्रियंका के नाम शामिल

नैनीताल। कांग्रेस पार्टी ने उत्तराखंड के लिये अपने 40 स्टार प्रचारकों के नाम का ऐलान कर दिया है। स्टार प्रचारकों की सूची में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ ही पार्टी के नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा के नाम शामिल हैं। चुनाव आयोग को भेजी गयी स्टार प्रचारकों की सूची में जिन नामों का ऐलान किया गया है उनमें हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के अलावा कुमारी शैलजा, जितेन्दर सिंह, सलमान खुर्शीद, गुरदीप सिंह सप्पाल, अलका लांबा और अमरिंदर सिंह राजा के नाम शामिल हैं। इनके अलावा प्रदेश के तीस कांग्रेस नेताओं के नाम सूची में शामिल हैं। इनमें दिग्गज नेताओं में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष करन महरा, प्रतिपक्ष के नेता यशपाल आर्य, प्रीतम सिंह और हरक सिंह रावत के नाम प्रमुख हैं। सूची में कांग्रेस नेता हरीश रावत की पुत्री अनुपमा रावत, भुवन चंद्र कापड़ी, काजी निजामुद्दीन, मयूख महर, तिलक राज बेहड़, ममता राकेश, मनोज तिवारी, श्री फुरकान अहमद, हरीश धामी, मदन सिंह बिष्ट, विक्रम सिंह नेगी, आदेश सिंह चौहान, गोपाल सिंह राना शामिल हैं। इनके अलावा अन्य जो नाम हैं उनमें खुशाल सिंह अधिकारी, सुमित हृदयेश, रवि बहादुर, वीरेंद्र जति, गोविंद सिंह कुंजवाल, ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी और ज्योति रौतेला के नाम शामिल हैं।

### त्रिपुरा में दोनों लोस सीटों पर बहुकोणीय मुकाबला

अगरतला। त्रिपुरा की दोनों लोकसभा सीटों – पश्चिमी त्रिपुरा और पूर्वी त्रिपुरा – पर चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की सही संख्या नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख यानी आठ अप्रैल के बाद पता चलेगी लेकिन 19 और 26 अप्रैल को होने वाले चुनाव में दोनों ही सीटों पर बहुकोणीय मुकाबला होने की संभावना है। अब तक 18 उम्मीदवारों ने दोनों लोकसभा सीटों के लिए अपना नामांकन दाखिल किया है। पश्चिमी त्रिपुरा और पूर्वी त्रिपुरा दोनों में नौ–नौ उम्मीदवारों के साथ हालांकि मुख्य लड़ाई भारतीय जनता पार्टी और इंडिया समूह के उम्मीदवारों के बीच ही होगी। राज्य में 32,218 नए मतदाताओं सहित 28.56 लाख मतदाता अपनी पसंद का नेता चुनने के लिए 793 मतदान केंद्रों पर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। पश्चिम त्रिपुरा में जहां भाजपा ने त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री विप्लव कुमार देव को मैदान में उतारा है वहीं कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आशीष कुमार साहा त्रिपुरा में आठ पार्टियों के इंडिया समूह के सर्वसम्मत उम्मीदवार हैं।

### संघ की विचारधारा परोसने के लिये सैनिक स्कूलों में लागू किया गया पीपीपी मोड : सैलजा

चंडीगढ़। कांग्रेस महासचिव कुमारी सैलजा ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने देश के सैनिक स्कूलों में राष्ट्रभक्ति की बजाय अपने संगठनों की विचारधारा को परोसने के 'षड्यंत्र' के तहत सैनिक स्कूलों में सार्वजनिक–निजी–भागीदारी (पीपीपी) मोड की शुरुआत की गयी। सैलजा ने यहाँ जारी बयान में कहा कि पीपीपी मोड लागू करने के बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा से जुड़े लोगों को सैनिक स्कूल चलाने की इजाजत देने से साफ है कि यहां पढ़ने वाले छात्रों के दिमाग में संघ की विचारधारा भरने की शुरुआत हो चुकी है। उन्होंने कहा कि रिपोर्टर्स क्लेक्टिव की ताजा रिपोर्ट से साफ है कि 62 प्रतिशत नये सैनिक स्कूल संघ परिवार, भाजपा के नेताओं और उनके सहयोगियों द्वारा चलाए जा रहे हैं। आठ स्कूलों का प्रबंधन तो आरएसएस या फिर उसके सहयोगी संगठन करते हैं, जबकि छह स्कूल हिंदू धार्मिक संगठनों से जुड़े हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि यह सब कुछ एक दिन में नहीं हुआ, बल्कि साजिश के तहत इसे अंजाम दिया गया है, ताकि छात्रों की विचारधारा को ये बचपन से ही अपने अनुसार बदल सकें।

### मोदी ने देश का कायाकल्प किया : सैनी

रतिया (सिरसा)। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि दस वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की कायाकल्प की है और वे देश को दुनिया में नंबर वन देश बनाने के लिए कृतसंकल्प हैं। सैनी सिरसा संसदीय क्षेत्र के रतिया में शुक्रवार को 'विजय संकल्प रैली' से भारतीय जनता पार्टी के चुनाव प्रचार का शंखनाद करते हुए यह बात कही। उन्होंने विजय संकल्प रैली में पार्टी प्रत्याशी डा. अशोक तंवर को अपना आशीर्वाद देकर लोकसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 400 पार के नारे में आहूति डालने का आह्वान किया। सैनी ने कहा किमोदी की सोच है कि हर घर के ऊपर छत हो और हर पेट को रोटी हो, इसके लिए लगातार हमारी सरकार प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री ने अनाजमंडी में उमड़े जनसमूह को संबोधित करते हुए डा. अशोक तंवर को ऊर्जावान व कर्मठ नेता की संज्ञा देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल में रही भाजपा की केंद्र सरकार द्वारा किए गए कार्यों का एक–एक करके ब्यौरा दिया। उन्होंने कहा कि हम देखते थे हमारी माताएं बहनें सिर पर मटका लेकर पानी के लिए दूर–दूर जाती थीं, लेकिन भाजपा की सरकार आने पर उनके लिए घर तक शुद्ध पानी की व्यवस्था की गई।

# यूएसए के लोगों से ठगी करने वाला कॉल सेंटर पकड़ा

**नोएडा पुलिस ने 12 को अरेस्ट किया, एंटी वायरस सॉफ्टवेयर बेचने के नाम पर ठगी करते थे**

नोएडा। हैलो हमारी कंपनी के पास MCAFEE/NORTON नामक एंटी वायरस सॉफ्टवेयर है। ये आपके कंप्यूटर और लैपटॉप में आने वाली समस्या का समाधान करेगा। इससे आपके सिस्टम का आईपी एड्रेस कंप्रोमाइज नहीं होगा। इसके लिए आपको 500 डॉलर सालाना देना होगा। पैसे ट्रांसफर होते ही कॉल डिस्कनेट कर दिया जाता है। इसकी शिकायत काफी दिनों से पुलिस को मिल रही थी। पुलिस ने आईपी एड्रेस ट्रेस किया और कॉल सेंटर का पर्दाफ़ाश किया।

कॉल सेंटर से 12 लोगों को कालिंग के दौरान नोएडा पुलिस ने पकड़ा। ये लोग काफी दिनों से सक्रिय थे। एक बार कस्टमर फंसने पर 100 से 500 डॉलर उनसे मंगवाते थे। ये पैसा गिफ्ट कार्ड या बिट क्वाइन के जरिए लिया जाता था।

यूनीक कोड के जरिए एक बार पैसा रीडिम होने पर ये कॉल को डिस्कनेट कर देते थे। इनके पास यूएसए नागरिकों का डेटा था। जिनको



सर्वर के जरिए ये कॉल करते थे। इसके बाद उन्ही की ई मेल पर एक लिंक भेजा जाता था।

इस लिंक के क्लिक करते ही प्रोसेसिंग फीस के रूप में पैसा जमा करते। जब वो साफ्टवेयर डाउनलोड करते तो वो फेक होता था। ये कॉल सेंटर बिना किसी लाइसेंस के चलाया जा रहा था।

इनके कब्जे से 14 डेस्कटॉप, 14 कीबोर्ड, 14 माउस, 14 सीपीयू, 14 हैडफोन, एक वाई–फाई, एक राउटर व 02 सर्वर बरामद किया गया है। इनकी कॉल डटेल और बैंक स्टेटमेंट चेक किए जा रहे है। बता दे इससे पहले भी नोएडा में यूएसए के नागरिकों के साथ ठगी करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान प्रदीप कुमार, अविरल गौतम, ऋषभ शुक्ला, अली हसन, अनुराग तोमर, हरेंद्र चौधरी, मोहम्मद राजू, संदीप कुमार , दीपक शर्मा, सौरभ, साकेत प्रियदर्शी, शिवम हुई है। ये लोग बिल्डिंग संख्या सी–37, द्वितीय तल, ASSISTARA GLOBAL SERVICES PRIVATE LTD सेक्टर–2 में कॉल सेंटर चला रहे थे। इन सभी को यही से गिरफ्तार किया गया है।

## एक्सप्रेसवे पर वाहन से कुचलकर एक की मौत, तीन घायल

ग्रेटर नोएडा। नोएडा–ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर जीरो प्वाइंट के समीप शुक्रवार की सुबह सड़क किनारे खड़ी कार में पीछे से अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस हादसे में कार सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हो गए। सभी घायलों का नजदीक के अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। नॉलेज पार्क पुलिस के मुताबिक शुक्रवार की सुबह एक कार जीरो प्वाइंट के समीप सड़क किनारे खड़ी थी। बताया जा रहा है कि कार चालक सवारी के इंतजार में था। इस दौरान पीछे से किसी अज्ञात वाहन ने कार में टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर 108 नंबर एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को नजदीक के अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टर ने कार सवार एक सवारी को मृत घोषित कर दिया, जिसकी पहचान प्रेम सिंह निवासी ग्राम भरतपुर थाना किशनी जिला मैनपुरी के रूप में हुई। हादसे में घायल तीन लोगों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी पुलिसएक्सप्रेसवे के किनारे खड़ी कार में टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन की पुलिस तलाश में जुट गई है।

## कर्ज के चलते युवक ने बनाई लूट–अपहरण की झूठी कहानी

**पुलिस ने युवक को नोएडा के एक होटल से पकड़ा**

गौतम बुद्ध नगर। सेंट्रल नोएडा की सूरजपुर थाना पुलिस ने एक युवक के साथ लूट और अपहरण की घटना होने के मामले में बड़ा खुलासा किया है। पुलिस ने इस मामले का खुलासा करते हुए बताया कि युवक ने ज्यादा कर्ज होने के चलते खुद ही यह पूरी योजना बनाई थी और अपने साथ लूट और अपहरण की झूठी सूचना अपने परिवार को दी थी। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को नोएडा के एक होटल से पकड़ लिया है।

दरअसल, गुरुवार सुबह ग्रेटर नोएडा के म्यु 2 सेक्टर में रहने वाले नितिन राघव द्वारा डायल 112 पुलिस कंट्रोल रुम को सूचना दी गयी कि उनका भाई विकास राघव नौकरी के लिए सैक्टर 142 के लिए जा रहा था, अल्फा –1 मैट्रो ए.टी.एम. पर पैसे निकालने के बाद कुछ लोगो ने उस पर चाकू से हमला कर दिया, यह बात विकास ने मुझे फोन कर बतायी इसके बाद विकास का फोन लगातार बंद आ रहा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए जानकारी की गयी तो उस युवक की आखिरी लोकेशन सूरजपुर थाना क्षेत्र के जुनपत के पास होना पायी गयी, जांच के इसी क्रम में थाना सूरजपुर



पुलिस व सर्विलांस टीम व तकनीकी सहायता के संयुक्त प्रयास के फलस्वरुप विकास को सकुशल बरामद कर लिया गया है। जिससे घटना के सम्बन्ध में गहनता से पूछताछ की गयी तो यह स्पष्ट हुआ कि विकास के ऊपर काफी लोगो का कर्जा है, उस कर्जे की मांग से बचने के लिए विकास द्वारा चाकू मारकर लूट होने और स्वंय की अपहरण होने की झूठी कहानी गढ़ी गयी।

विकास की पत्नी से भी पूछताछ की गयी तो प्रारम्भ में विकास की पत्नी ने सम्पूर्ण घटनाक्रम से अनभिज्ञता जताई, परन्तु बाद में सघन पूछताछ में यह स्वीकार किया कि विकास पर काफी कर्जा है, उसने कर्जा देने से बचने के लिए यह कहानी रची थी।

## मुठभेड़ के बाद रणदीप भाटी गैंग का बदमाश गिरफ्तार

ग्रेटर नोएडा। शासन की ओर से चिह्नित माफिया रणदीप भाटी गिरोह के बदमाश मनोज उर्फ गुड्डु रिठौरी को पुलिस और स्वॉट टीम ने शुक्रवार को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से 0.32 बोर की पिस्टल, कारतूस और हुंडई वरना कार बरामद हुई है। मनोज के खिलाफ पहले से ही गैंगस्टर एक्ट, हत्या का प्रयास, रंगदारी मांगने जैसे मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस गिरोह के अन्य बदमाशों की तलाश में जुटी है।

शुक्रवार को ईकोटेक–1 पुलिस को सूचना मिली कि रणदीप भाटी गिरोह का बदमाश इलाके में घूम रहा है। पुलिस ने स्वॉट टीम को सक्रिय कर दिया और विनोद भाटी गोल चक्कर पर चेकिंग शुरू कर दी। इस दौरान आ रही वरना कार को रुकने का इशारा किया। चालक ने गाड़ी नहीं रोकी और सामने से आ रही पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। कार सवार गाड़ी से उतरकर सिरसा गोलचक्कर से डाढ़ा गोल चक्कर जाने वाले सर्विस रोड पर भागने लगा। पुलिस की जवाबी फायरिंग में पैर में गोली लगने से दादरी निवासी मनोज घायल हो गया। घायल मनोज को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया है।

नरेश भाटी और रणपाल भाटी गिरोह की कमान अब छोटे भाई रणदीप भाटी के पास है। प्रदेश सरकार ने रणदीप भाटी गिरोह को माफिया और गैंगस्टर घोषित कर रखा है। उसके खिलाफ यूपी, हरियाणा और दिल्ली के अलग–अलग थानों में 30 से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं।

## नोएडा में संदिग्ध परिस्थितियों में एमिटी के छात्र की मौत

**दोस्त के कमरे पर सोने आया था, रात में तबीयत बिगड़ गई थी**

नोएडा। नोएडा के सेक्टर–126 के होम केयर लिविंग पीजी में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक एमिटी यूनिवर्सिटी से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की पढ़ाई कर रहा था। वह एमएससी फर्स्ट ईयर का स्टूडेंट था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। बताया गया कि दो दिन पहले युवक की तबीयत खराब हुई थी। वह यहां अपने दोस्त के रूम पर आराम करने आया था। यही से उसकी लाश बरामद हुई है।

### बुधवार को आदर्श अपने दोस्त के कमरे पर आया था

एसीपी प्रवीण सिंह ने बताया कि सेक्टर–126 में होम केयर लिविंग पीजी है। यहां आदर्श कुमार का साथी



श्याम प्रसाद ने टू सिटर रूम लिया है। अक्सर आदर्श श्याम के कमरे पर पढ़ाई करने आता था। कई बार वो यही रुका और शाम को वापस घर चला जाता था। बुधवार को आदर्श ने एमिटी में क्लास अटैंड की और शाम को श्याम के रूम पर आ गया। दोनों के बातचीत हुई इसके बाद आदर्श सो गया। गुरुवार सुबह नौ बजे श्याम को एक असाइनमेंट पर जाना था। इसलिए वो सुबह करीब 9 बजे ही घर से निकल गया। श्याम ने पुलिस को दिए स्टेटमेंट में बताया कि उसके कमरे की एक ही चाबी है इसलिए वो उसे लेकर गया था। रूम लॉक नहीं किया गया था। साथ ही उसका दूसरा रूम मेट पहले से बाहर था। गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे श्याम वापस आया। उस समय भी आदर्श सो रहा था।

### कमरे में अचेत अवस्था मिला था

श्याम थका था तो बगल वाले बेड पर वो भी सो गया। शाम को श्याम का दूसरा रूम मेट हर्ष जैन आया। उस समय श्याम ने आदर्श को उठाने का प्रयास किया। उसने जैसे ही श्याम को पलटा वो अचेत था। श्याम ने केयरटेकर को इसकी जानकारी दी। इसके बाद एम्बुलेंस को सूचना दी गई। प्राथमिक जांच में सामने आया कि श्याम को मरे हुए करीब 4 से 5 घंटे हो गए है। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और परिजनों को इसकी जानकारी दी। आदर्श के पिता अखिलेश आर्मी से रिटायर्ड है और वर्तमान में आरबीआई में कार्यरत है। दो दिन पहले आदर्श की तबीयत खराब हुई थी।

उसे दिल्ली के एक अस्पताल में दिखाया गया था। उसके बाद उसकी तबीयत में सुधार था। पुलिस ने श्याम की स्टेटमेंट के अनुसार सीसीटीवी फुटेज की जांच की। जिसमें पुलिस को संदिग्ध नहीं लगा। फिलहाल मौत के सही कारणों का पता पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही पता चल सकेगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मॉडिफाई और जुगाड़ वाहनों के खिलाफ कार्रवाई

**ट्रैफिक पुलिस ने चलाया विशेष अभियान, 188 गाड़ियों को किया सीज**

गौतम बुद्ध नगर। गौतमबुद्ध नगर में नोएडा पुलिस के द्वारा जुगाड़ और मॉडिफाई वाहनों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई की गई है। इस दौरान 188 मॉडिफाई वाहन और जुगाड़ों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें सीज कर दिया गया। दरअसल, नोएडा, ग्रेटर नोएडा और ग्रेटर नोएडा वेस्ट सहित जिले के दूसरे हिस्सों में मॉडिफाइड वाहन अथवा जुगाड़ सड़कों पर बड़ी संख्या में गैरकानूनी तरीके से चल रहे हैं।

इनका उपयोग अधिकांशतः भार ढोने के लिए किया जा रहा है। सड़कों पर इनकी दिनों दिन बढ़ती संख्या के कारण जिले की सड़कों पर ट्रैफिक की समस्या में तेजी आई है। जिले के हाईवे एवं व्यस्तम सड़कों पर भी ये जुगाड़ वाहन तेज गति से बेरोकटोक दौड़ रहे हैं। इससे सड़क हादसों में भी वृद्धि हुई है। चूंकि ऐसे वाहनों की कोई वैधता नहीं होती है।

चोरी के दुपहिया वाहन सस्ती दरों



पर जुगाड़ बनाने के लिए मुहैया हो जाते हैं। जिससे बड़ी संख्या में चोरी के वाहनों का प्रयोग इन जुगाड़ वाहनों में प्रयोग किया जा रहा है। ये वाहन सड़कों पर पुलिस की नजरों के सामने दौड़ रहे हैं। ऐसे वाहन मोटर व्हीकल एक्ट की श्रेणी में भी नहीं आते हैं।

इनका कोई रजिस्ट्रेशन एवं वाहन नंबर भी नहीं होता है। ऐसे में कानूनी कार्रवाई से भी आसानी से बच निकलते हैं। पुलिस के आला अधिकारी भी इस बात को स्वीकार कर चुके हैं कि दिल्ली एनसीआर से बड़ी संख्या में चोरी होने वाले दोपहिया वाहनों को काटकर इन जुगाड़ अथवा मॉडिफाइड वाहनों में प्रयोग किया जा रहा है। ऐसे मॉडिफाइड वाहन दुपहिया वाहन चोर गिरोहों को वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

चोरी के दुपहिया वाहन सस्ती दरों पर जुगाड़ बनाने के लिए मुहैया हो जाते हैं। जिससे बड़ी संख्या में चोरी के वाहनों का प्रयोग इन जुगाड़ वाहनों में प्रयोग किया जा रहा है। ये वाहन सड़कों पर पुलिस की नजरों के सामने दौड़ रहे हैं। ऐसे वाहन मोटर व्हीकल एक्ट की श्रेणी में भी नहीं आते हैं।

डीसीपी ट्रैफिक के अनुसार यातायात पुलिस ने मॉडिफाइड अथवा जुगाड़ वाहनों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई की गई। ऐसे वाहन न तो मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत आते हैं। इनके द्वारा यातायात नियमों का भी उल्लंघन किया जाता है। इनके कारण जाम एवं दुर्घटना की स्थिति भी बनी रहती है। ऐसे प्रकरण भी संज्ञान में आये है कि चोरी व अन्य आपराधिक गतिविधियों में लिप्त वाहनों को काट कर इनके इंजन मोडिफाइड कर जुगाड वाहनों के रूप में कार्य कर रहे है।

ऐसे वाहनों के खिलाफ इटहेडा, किसान चौक, सैक्टर 62, सूरजपुर, रजनीगंधा, झुण्डपुरा, महर्षि आश्रम चौक, कस्बा कासना, कस्बा दादरी एवं कस्बा जेवर स्थानों पर कुल 18 टीमें बनाकर लगभग 1845 वाहनों की जांच की।

## शराब सेल्समैन की हत्या का अरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

ग्रेटर नोएडा। न्यू हैबतपुर में आधी रात के बाद शराब नहीं देने पर सेल्समैन की गोली मारकर हत्या के आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। शुक्रवार दोपहर मुठभेड़ में घायल हुए आरोपी की पहचान बुलंदशहर निवासी मनीष के रूप में हुई है। उसके कब्जे से हत्या में प्रयुक्त तमंचा और बाइक बरामद हुई है। पुलिस पूछताछ में मनीष ने सेल्समैन को गोली मारने की बात कबूल ली है। शुक्रवार दोपहर बाद बिसरख पुलिस एटीएस गोल चक्कर पर वाहनों की चेकिंग कर रही थी। पुलिस ने स्प्लेंडर प्लस बाइक सवार व्यक्ति को रुकने का इशारा किया। पुलिस को देखते ही बाइक सवार जलपुरा पुस्ते की ओर भागने लगा। पुलिस के पीछा करने पर बाइक सवार ने फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में बाइक सवार मनीष के पैर में गोली लग गई।

पुलिस पूछताछ में मनीष ने बताया कि वह साथी के साथ फाइनेंस की गाड़ियों



की रिकवरी करता है। 31 मार्च की रात को वह फाइनेंस की गाड़ियों की रिकवरी के लिए घूम रहे थे। इस बीच शराब खरीदने के लिए हैबतपुर ठेके पर गए। सेल्समैन अमरोहा निवासी हरिओम ने शराब देने से इन्कार कर दिया। गुस्से में उसने सेल्समैन को गोली मार दी। सेल्समैन के गिरते ही आरोपी फरार हो गए थे।

### पहले से दर्ज हैं तीन मुकदमे

मुठभेड मे घायल मनीष पर बुलंदशहर में तीन मुकदमे दर्ज हैं। ताजा मामला में गौतमबुद्ध नगर में मुकदमा दर्ज है। घायल मनीष का साथी अतुल पहले ही पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

## बीकानेर चौक पर श्री श्याम नर्सिंग होम का हुआ उद्घाटन

ललित कुमार गोठवाल

**झज्जर।** शहर के बीकानेर चौक पर श्री श्याम नर्सिंग होम का हुआ उद्घाटन इस उद्घाटन कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के ओमप्रकाश धनखड़ के पुत्र आदित्य धनखड़ मौके पर पहुंचे और उन्होंने रिबन कार्ड कर किया नर्सिंग होम के संचालक लक्ष्य धनखड़ ने किया और नर्सिंग होम के उद्घाटन कार्यक्रम में पहुंचे आदित्य धनकर का पगड़ी पहनकर और बुक के देकर सम्मानित किया गया वहीं नर्सिंग होम संचालक लक्ष्य ने बताया कि झज्जर शहर में लोगों के स्वास्थ्य की सुविधाओं के चलते इस नर्सिंग होम का उद्घाटन किया गया है। इस उद्घाटन समारोह के दौरान ब्लड डोनेशन कैंप का भी आयोजित किया गया जिसमें




करीबन काफी युवाओं ने अपना रक्तदान किया ताकि किसी का समय आने पर जीवन बचाया जा सके जिसमें हर तरह की बीमारी और खून संबंधित जांचों का इलाज किया जाएगा वहीं आदित्य धनखड़ ने कहा की एरिया में इस तरह के नर्सिंग हॉस्पिटल होने से लोगों को सुविधाएं मिलती रहेगी वही झज्जर शहर के अस्पताल की बात की जाए तो उन्होंने कहा की आने वाले समय में निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं ताकि शहर के जो हॉस्पिटल है उन में लोगों को अच्छी सुविधा प्रदान हो सके। वही इस मौके पर मोहित धनकर डॉक्टर सोमेश अरुण, कुणाल टिंकू, दिनेश आदि लोग शामिल रहे।

### घाटी में जुमात-उल-विदा की नमाज अदा की गयी

श्रीनगर। केन्द्रशासित प्रदेश जम्मू–कश्मीर की घाटी में रमजान के पवित्र महीने के अंतिम शुक्रवार को 'जमात–उल–विदा' की नमाज हर्षोल्लास के साथ अदा की गयी। घाटी में ऐतिहासिक जामिया मस्जिद को छोड़कर, अन्य सभी मस्जिदों और दरगाह स्थलों में सामूहिक रूप से नमाज अदा की गई। सबसे बड़ी सामूहिक नमाज श्रीनगर में डल झील के तट पर हजरतबल दरगाह में आयोजित की गई, जिसमें पुरुष महिलाओं और बच्चों सहित हजारों की संख्या में लोग जुमात–उल–विदा के अवसर पर एकत्र हुए। अधिकारियों ने पूरी घाटी में नमाज शांतिपूर्ण अदा करने के लिए व्यापक व्यवस्था की थी।

## महिला थाना प्रबंधक बहादुरगढ़ ने रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

ललित कुमार गोठवाल

**बहादुरगढ़।** जिला को नशा व अपराध मुक्त करने के उद्देश्य से पुलिस उपायुक्त बहादुरगढ़ श्री मयंक मिश्रा के दिशा निर्देश अनुसार शुक्रवार को वैश्य आर्य शिक्षा महिला महाविद्यालय बहादुरगढ़ में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। पुलिस उपायुक्त बहादुरगढ़ श्री मयंक मिश्रा के दिशा निर्देश अनुसार आयोजित जागरूकता रैली को महिला थाना प्रबंधक राजेश कुमारी व कॉलेज प्रिंसिपल डॉक्टर आशा कुमारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों सहित अध्यापक ने भाग लिया। झज्जर जिला को नशा व अपराध मुक्त करने के लिए झज्जर पुलिस द्वारा लगातार जागरूकता के




कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए शुक्रवार वैश्य आर्य शिक्षा महिला महाविद्यालय बहादुरगढ़ के विद्यार्थियों ने पुलिस अधिकारियों व कर्मचारी की अगुवाई में युवाओं व आम जन को नशा के दुष्प्रभाव, साइबर फ्रॉड व यातायात के नियमों के बारे जागरूक करने के लिए रैली का आयोजन किया गया। रैली को वैश्य आर्य शिक्षा महिला महाविद्यालय बहादुरगढ़ से महिला थाना प्रबंधक राजेश कुमारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह रैली कॉलेज से शुरू होकर लाइनपार बहादुरगढ़ के एरिया की मुख्य गलियों व चोक चौराहों से होते हुए वापस कॉलेज में पहुंची। इस रैली के दौरान विद्यार्थियों ने नशे के खिलाफ हाथों में बैनर लेकर नशे से होने वाली बुराइयों व बीमारियों की जानकारी देने के साथ ही नशे से दूर रहने के नारे लगाकर युवाओं सहित लाइनपार बहादुरगढ़ के लोगों को इसके प्रति जागरूक किया। इस दौरान झज्जर पुलिस द्वारा लोगों को नशे से दूर रहने के संबंध में शपथ दिलाई गई और उन्हें नशा करने वालों को भी जागरूक करने की अपील की गई।

जागरूक रैली के संबंध में जानकारी देते हुए महिला थाना प्रबंधक ने बताया कि पुलिस उपायुक्त श्री मयंक मिश्रा के दिशा निर्देशानुसार झज्जर जिला को नशा मुक्त बनाने के लिए चलाई गई मुहिम के अंतर्गत नशे के दुष्प्रभाव के बारे लोगों को जागरूक किया गया। उन्हें नशा न करने, यातायात के नियमों का पालन करने व साइबर क्राइम से बचने के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान वैश्य आर्य शिक्षा महिला महाविद्यालय बहादुरगढ़ की प्रिंसिपल डॉक्टर आशा व अन्य अध्यापक और विद्यार्थी मौजूद रहे।

गौरवशाली भारत

3

दिल्ली

नई दिल्ली

शनिवार 06 अप्रैल 2024

Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### बाबू जगजीवन राम को श्रद्धासुमन अर्पित

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से दलितों के मसीहा बाबूजी को मरणोपरांत भारत रत्न देने की मांग की : शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय**



अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के राष्ट्रीय महामंत्री शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने आज संघ के मुख्यालय बरवाला में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय बाबू जगजीवन राम की 116वीं जयंती पर कृतज्ञ राष्ट्र की और से उन्हें अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। वत्स ने कहा कि बाबू जगजीवन राम दलितों के मसीहा थे। उन्होने आजीवन दलितों, शोषितों एवं वंचित वर्ग के लोगों के कल्याण एवं उत्थान के लिए कार्य किए। वत्स ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी से बाबू जगजीवन राम को मरणोपरांत भारत रत्न सम्मान देने की मांग की है।

### प्रशिक्षण में नहीं पहुंचे 110 पीठासीन अधिकारी

साहिबाबाद। लोकसभा चुनाव के लिए आईटीएस में प्रशिक्षण के दौरान पहले दिन गैरहाजिर रहे 210 चुनाव कर्मियों को नोटिस जारी करने के बाद दूसरे दिन प्रशिक्षण में 42 कर्मी ही पहुंचे। बृहस्पतिवार को भी 168 क्रमिक गैर हाजिर रहे। इनमें से 110 तो पीठासीन अधिकारी और 63 प्रथम मतदान अधिकारी गायब रहे। दूसरे दिन हुए लोकसभा निर्वाचन 2014 के तहत पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी प्रथम का दूसरे दिन का प्रशिक्षण आईटीएस में संपन्न हुआ। पहली पाली में कुल 1480 में से 83 अनुपस्थित रहे, जिनमें 50 पीठासीन अधिकारी एवं 33 प्रथम मतदान अधिकारी अनुपस्थित थे। वहीं दूसरी पाली में कुल 1532 में से 85 अनुपस्थित रहे। इनमें भी 55 पीठासीन अधिकारी और 30 प्रथम मतदान अधिकारी थे। प्रशिक्षण का पर्यवेक्षण मुख्य विकास अधिकारी कार्मिक प्रभारी अभिनव गोपाल द्वारा किया गया। बृहस्पतिवार को भी गैरहाजिर रहे कर्मचारियों को नोटिस जारी करते हुए निर्देशित किया गया है कि वह शुक्रवार को उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त कर लें।

### डेढ़ साल के मासूम की दर्दनाक मौत

लोनी (गाजियाबाद)। गाजियाबाद जिले के लोनी कोतवाली क्षेत्र के प्रकाश विहार कॉलोनी में घर में खेल रहे डेढ़ साल के मासूम ने पानी समझकर थिनर पी लिया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, मूलरूप से अलीगढ़ के रहने वाले अनिल कुमार परिवार के साथ प्रकाश विहार कॉलोनी में रहते हैं। वह लोनी के प्राइवेट हॉस्पिटल में काम करते हैं। बृहस्पतिवार को उनके घर में पुताई का काम चल रहा था। कविता रसोई में खाना बना रही थी। बेटा दक्ष कुछ दूरी पर खेल रहा था। खेलने के दौरान दक्ष ने पानी समझकर वहां रखा थिनर पी लिया। तभी कविता को दक्ष के रोने की आवाज सुनाई दी। कविता पास पहुंची तो देखा थिनर बिखरा हुआ था। बेटे की तबीयत खराब होने पर उसे प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर दक्ष को दिल्ली के सेंट स्टीफन हॉस्पिटल ले जाया गया।

### सेल्स मैनेजर की मां से सोने की चेन लूटी

साहिबाबाद। लिंक रोड थाना क्षेत्र के बृजविहार बी-ब्लॉक में बाइक सवार दो लुटेरों ने सेल्स मैनेजर की मां के गले से सोने की चेन लूट ली। घटना के दौरान वह मंदिर से पूजा कर घर लौट रही थीं। पुलिस ने लूट का मुकदमा दर्ज कर लुटेरों की तलाश शुरू कर दी है। सेल्स मैनेजर अभिषेक सिंह ने बताया कि उनकी मां अभिलाषा देवी बृजविहार के मंदिर में पूजा करने गई थीं। दोपहर 12:20 बजे वहां से लौटते हुए घर के पास बाइक पर खड़े दो लुटेरों ने उनके गले पर झपट्टा मारकर एक तोले सोने की चेन लूट ली। बाइक चला रहे लुटेरे ने हेलमेट जबकि पीछे बैठे लुटेरे ने कैप और टीशर्ट पहने हुए था। सूचना पर मौके पर थानाध्यक्ष और एसओजी टीम पहुंची। टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को लुटेरों की पहचान के लिए खंगालना शुरू कर दिया। एसीपी साहिबाबाद रजनीश उपाध्याय का कहना है कि जल्द ही लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### 6.5 लाख की आबादी को नहीं मिलेगा गंगाजल

साहिबाबाद। टीएचए के करीब 6.5 लाख की आबादी को आज (शुक्रवार) से अगले कुछ दिनों तक गंगाजल नहीं मिलेगा। सिंचाई विभाग ने नहर को हरिद्वार से बंद कर दिया है। इसकी वजह से नहर में पानी का स्तर नीचे होने से दोनों गंगाजल प्लांट में पानी का भंडारण नहीं हो सका। ऐसे में अगले कुछ दिन तक जीडीए और नगर निगम 151 नलकूपों से सुबह सात बजे से नौ बजे तक एक समय पानी की आपूर्ति करेंगे। जल निगम अधिशासी अभियंता उन्मेश शुक्ला ने बताया कि हरिद्वार से नहर बंद होने की वजह से सिद्धार्थ विहार और प्रताप विहार के गंगाजल प्लांट में पानी नहीं पहुंच सका। इसकी वजह से बृहस्पतिवार रात से दोनों प्लांट को अनिश्चित समय के लिए बंद कर दिया गया। गंगाजल की समस्या को लेकर सिंचाई विभाग से बातचीत हो रही है। इससे इंदिरापुरम, वसुंधरा, वैशाली, कौशांबी, बृज विहार सहित नोएडा में रहने वाले लोगों को गंगाजल के लिए इंतजार करना होगा।

### राहक बनकर आए बदमाश गहने चोरी कर भागे

गाजियाबाद। नंदग्राम क्षेत्र में मधुर सिंघल की ज्वैलर्स की दुकान पर ग्राहक बनकर आए दो बदमाशों ने गहने देखने के बहाने करीब ढाई की कीमत का ब्रास्लेट और नेकलेस चोरी कर लिया। इसके बाद और सामान देखने के बहाने बातों में उलझाकर भाग गए। मामले में उन्होंने नंदग्राम थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। मुरादनगर की शंकर विहार कॉलोनी के रहने वाले मधुर सिंघल का कहना है कि बुधवार को दो व्यक्ति दुकान पर आए और खुद का एक धार्मिक स्थल से बताया। इसके बाद उन्होंने कहा कि गुरु जी के लिए उपहार लेना है। उन्होंने उन्हें 25 ग्राम का ब्रास्लेट और 15 ग्राम का नेकलेस दिखाया। देखने के बहाने बातों में लगाकर उन्होंने दोनों सामान पर्स में रख लिए। इसके बाद और सामान देखने के लिए कहने लगे। कुछ देर में दोनों भाग गए। एसीपी नंदग्राम रवि कुमार सिंह का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है।

### बिसरख के रावण मंदिर का जीर्णोद्धार होगा

**ग्रेटर नोएडा।** बिसरख गांव के प्राचीन रावण मंदिर को चमकाने की तैयारी है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने मंदिर के जीर्णोद्धार की योजना बनानी शुरू कर दी ।प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि मंदिर का सर्वे किया गया है। मंदिर में तालाब बनाया जाएगा। तालाब के अलावा विभिन्न प्रकार की कलाकारी की जाएगी। मंदिर को अलग ढंग से सजाया जाएगा, ताकि लोग इसकी सुंदरता और आकर्षण का आनंद उठा सकें। मंदिर में दूर-दूर से लोग भगवान भोलेनाथ की पूजा करने के लिए आते हैं। मंदिर में स्थापित शिवलिंग का कोई अंत नहीं है। कई सालों पहले लोगों ने शिवलिंग का अंत ढूढ़ने के लिए खुदाई की थी, लेकिन कोई अंत नहीं मिला था। इस मंदिर की काफी मान्यताएं है। मान्यता है कि यह मंदिर वहीं हैं, जहां पर रावण ने भगवान भोलेनाथ की पूजा की थी। बताया जाता है कि बिसरख गांव में ही रावण का जन्म हुआ था। यही कारण है कि बिसरख गांव के ग्रामीण कभी भी दशहरा पर रावण के पुतले का दहन नहीं करते हैं।

### कार की टक्कर से स्कूटी सवार घायल

नोएडा। सेक्टर-86 बाजार में दूध खरीदने गए एक व्यक्ति को अज्ञात कार ने टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका अस्पताल में उपचार चल रहा है। इसको लेकर परिजनों ने फेज-2 थाने में केस दर्ज कराया है ।पुलिस को दी गई शिकायत में आंचल चतुर्वेदी ने बताया कि 25 फरवरी की सुबह उनके पति मधुर चतुर्वेदी स्कूटी से दूध लेने के लिए गए थे। इस दौरान जब वह वापस आ रहे थे, तो रास्ते में तेज रफ्तार में आ रही एक कार ने उनको टक्कर मार दी। हादसे में उनको गंभीर चोट आई। उनका अस्पताल में उपचार चल रहा है। शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है।

# सिसोदिया ने पत्र लिखकर कहा कि वह जल्द जेल से बाहर आयेंगे

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी(आप) के नेता मनीष सिसोदिया ने अपने विधानसभा क्षेत्र के लोगों को गुरुवार को पत्र लिखकर कहा कि वह जल्द ही जेल से बाहर आएंगे।

सिसोदिया ने जेल ने अपने विधानसभा क्षेत्र के लोगों को एक पत्र लिखकर उम्मीद भी जतायी कि वह जल्द ही जेल से बाहर आएंगे। उन्होंने कहा, जल्द ही आपसे बाहर मिलूंगा। अंग्रेज को भी अपनी ताक़त का घमंड था और उन्होंने लोगों को झूठे मामलों में जेल भेजा था।

उन्होंने कहा, अंग्रेजों ने सत्ता के अहंकार में डूबकर गांधी जी को भी कई बार, कई वर्षों तक जेल में डालकर रखा था, लेकिन इतिहास गवाह है कि महात्मा गांधी जैसे संत पर झूठे आरोप और तानाशाही वाले कानून लगाकर उन्हें जेल में डालने वाले अंग्रेजी राज का सूरज डूब गया था। आज गांधी जी का नाम सारी दुनिया में इतनी इज्जत से लिया जाता है। गांधी जी के नाम का सूरज कभी नहीं डूबता। उन्होंने कहा, सत्ता के नशे में चूर इन्हीं अंग्रेजों ने नेल्शन मंडेला को भी 30 साल तक जेल में डालकर रखा, लेकिन आज दुनिया जेल में डालने वाले उन तानाशाह का नहीं, बल्कि मंडेला को उनकी लड़ाई के लिए याद करती है। ये लोग बहुत बड़े लोग थे। मैं तो इनके पैरों की धूल के बराबर भी नहीं। ये लोग मेरी प्रेरणा हैं।

सिसोदिया ने कहा पिछले एक साल में, जेल में रहते हुए, मैंने राजनीति में आने के अपने कारण पर चिंतन किया। इससे मेरा संकल्प और मजबूत हुआ। यह संकल्प है देश के हर गांव, हर कस्बे, हर शहर में रहने वाले हर बच्चे के लिए शानदार और मुफ्त शिक्षा व्यवस्था सुनिश्चित हो। आज के समय में देशों की सामाजिक मजबूती स्कूलों से तय हो रही है। वहीं, आर्थिक मजबूती कॉलेजों-यूनिवर्सिटी के स्तर से तय हो रही है। यह बात हमारे देश की राजनीति को भी समझनी होगी।

'आप' नेता ने कहा, "आज सिर्फ दिल्ली ही नहीं, पंजाब में भी शिक्षा क्रांति की खबरें पढ़ने को मुझे मिलती हैं। यह एक बड़ा सुखद परिवर्तन देखने को मिल रहा है। आज़ादी के दीवानों के सपनों का भारत यही तो था। भगत सिंह के सपने का भारत, गांधी-सुभाष-अंबेडकर साहब के सपनों का भारत यही तो था। आप जानते हैं कि मैंने अपना पूरा जीवन इसी सपने को पूरा करने में लगाने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा, आज जब हम भारत को विकसित देश बनाने की बात कर रहे हैं। विकसित देशों ने अपने स्कूल- कॉलेजों को सिर्फ पढ़ाई पूरी होने का सर्टिफिकेट बांटने के



हिसाब से नहीं खड़ा किया है। विकसित देशों में स्कूल का मतलब है- बच्चे को कॉलेज आदि आगे की पढ़ाई के लिए तैयार करना।

उन्हें समाज में जाति-धर्मों का मेलजोल, समानता, स्त्री- पुरुष में भेदभाव खत्म करने जैसी बातों की सीख भी दी जाती है। मुझे खुशी है कि अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी का हर कार्यकर्ता अपने आप को इसी शिक्षा क्रांति का सिपाही मानकर चल रहा है।

# केजरीवाल को जेल भेजने के पीछे गहरी साजिश : संजय सिंह

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के नेता संजय सिंह ने गुरुवार को कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को साजिश के तहत जेल भेजा गया ताकि 'आप' को खत्म किया जा सके।

'आप' के राज्यसभा सांसद सिंह ने आज संवाददाताओं से कहा, दुर्भावनापूर्ण तरीके से साजिश रचकर इस देश और दिल्ली के बेटे अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया गया है। यह बहुत बड़ी साजिश है। केजरीवाल ने दिल्ली के दो करोड़ लोगों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, माताओं-बहनों को फ्री बस यात्रा की सुविधा देने का काम कर रहे हैं। ऐसे मुख्यमंत्री को जेल में डालने के पीछे बहुत गहरी और बड़ी साजिश रची गई है। संजय सिंह ने यह भी खुलासा किया कि दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा ने शराब घोटाला किया है। उन्होंने बताया कि इस शराब घोटाले में छोटे-मोटे लोग शामिल नहीं हैं, बल्कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के शीर्ष नेतृत्व के लोग शामिंल हैं।

उन्होंने मीडिया के सामने शराब कारोबारी एवं सांसद मगुंटा





श्रीनिवासुलु रेड्डी की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हाथ मिलाते हुए तस्वीरें साझा करते हुए कहा, सोलह जुलाई को जब मगुंटा रेड्डी श्री केजरीवाल और 'आप' के खिलाफ बयान देता है और हमारी पार्टी को खत्म करने की भाजपा की साजिश में शामिल हो जाता है, तो 18 जुलाई को मगुंटा रेड्डी के बेटे राघव रेड्डी की जमानत हो जाती है। एक मगुंटा रेड्डी को बार-बार ईडी शराब का घोटालेबाज बता रही है। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि मगुंटा रेड्डी का भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ क्या रिश्ता है? इस बार मगुंटा रेड्डी भाजपा की सहयोगी पार्टी टीडीपी से लोकसभा चुनाव लड़ रहा है और प्रधानमंत्री की तस्वीर लगाकर जनता से वोट मांग रहा है। भाजपा मगुंटा रेड्डी को घोटालेबाज कहती रही है और ईडी कहती रही कि वह मगुंटा रेड्डी पर कार्रवाई करेंगी, लेकिन जब उसने अरविंद केजरीवाल के खिलाफ बयान दे दिया तो वो मोदी जी तस्वीर लगाकर वोट मांग रहा है। देश के लोगों को यह जानना चाहिए कि अरविंद केजरीवाल के खिलाफ बयान देने वाले मगुंटा रेड्डी और उसके बेटे राघव रेड्डी की यही असल सच्चाई यही है। अरविंद केजरीवाल के बारे में इनके सही बयानों को ईडी अविश्वसनीय बताकर छुपा लेती है, कोर्ट में नहीं दिखाती।

सिंह ने कहा दूसरा व्यक्ति शराब कारोबारी सरथ रेड्डी है। इसे भाजपा बार-बार घोटालेबाज बताती है। सरथ रेड्डी के घर ईडी का छापा पड़ता है। उस दौरान सरथ रेड्डी साफ-साफ मना कर देता है कि वह अरविंद केजरीवाल को नहीं जानते। ईडी सरथ रेड्डी को 10 नवंबर 2022 को गिरफ्तार कर लेती है। इसके बाद सरथ रेड्डी छह महीने तक जेल में रहता है। रेड्डी पर केजरीवाल के खिलाफ बयान देने का बार-बार दबाव बनाया गया, लेकिन वो नहीं दिया। सरथ रेड्डी ने ईडी को 12 बयान दिए। जब सरथ रेड्डी को धमकाया गया कि केजरीवाल के खिलाफ बयान दो, वरना पूरी जिंदगी जेल में सड़ जाएगी तो वो टूट गया। सरथ रेड्डी ने 25 अप्रैल 2023 को अरविंद केजरीवाल के खिलाफ बयान दे दिया।

उन्होंने कहा कि असली शराब घोटाला प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच के बाद शुरु हुआ, जो भाजपा का शराब घोटाला है। इसमे 15 नवंबर 2022 को भाजपा को पांच करोड़ की पहली पेशगी पहुंचाया गया। भाजपा जिस सरथ रेड्डी को किंगपिन बताती थी, उसने गिरफ्तारी के बाद भाजपा को 55 करोड़ रुपए की रिश्वत दी।

**दोस्त की पत्नी को प्यार के जाल में फंसाया**

# शादी के बहाने दो साल तक किया दुष्कर्म

**कौशांबी।** एक कॉलोनी में दोस्त की पत्नी को प्यार के जाल में फंसाकर युवक ने उसे शादी का झांसा देकर दो साल तक दुष्कर्म किया। आरोपी के दूसरी युवती से शादी करने के बाद महिला ने कौशांबी थाने में दुष्कर्म, गर्भपात, मारपीट और धमकी का मुकदमा कराया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को पैसेफिक कॉल के सामने दिल्ली जाने वाले रास्ते से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

महिला ने पुलिस को शिकायत दी कि कुलदीप मौर्य निवासी गौरीगंज अमेठी, हाल पता राजनगर सेक्टर-11 की पति से दोस्ती थी। वह पति के साथ घर पर आता-जाता था। धीरे-धीरे नजदीकी बढ़ाकर दोस्त ने उन्हें प्यार के जाल में फंसा लिया फिर तमाम तरह के वायदे और कसम खाकर उन्हें शादी करने का विश्वास दिलाया। आरोप है कि उन्हें शादी का झांसा देकर आठ मई 2022 से सात मार्च 2024 तक अलग-अलग जगह बुलाकर दुष्कर्म किया। महिला जब भी आरोपी से शादी करने के लिए कहती थी तो वह अलग-अलग बहाने बनाकर बात को टाल देता था। ज्यादा दबाव बनाने पर महिला को अपने पति से तलाक लेने के लिए बोल दिया। वह दुष्कर्म के बाद पांच बार गर्भवती हुईं। आरोपी को जब इसका पता चला तो उसने दबाव बनाकर गर्भपात करा दिया। गर्भपात के विरोध पर आरोपी ने कमरे में बंद करके पीटा। कुछ महीनों बाद वह फिर गर्भवती हो गईं और एक बेटी को जन्म दिया। इस बीच आरोपी ने उन्हें बिना बताए चोरी-छिपे छह दिसंबर को दूसरी युवती से शादी कर ली। इसका पता चलने पर उन्होंने आरोपी कुलदीप से विरोध किया। 21 दिसंबर को उनकी तीन साल की बेटी की मौत हो गई। महिला के पति को दोस्त के बीच संबंध का पता चला तो उन्हें घर से निकाल दिया। परेशान होकर महिला ने आरोपी के पिता से मिलकर सच्चाई बताने का प्रयास किया तो उन्हें जान से मारने की धमकी दी।

आरोपी ने भी संबंध नहीं रखने की बात बोलकर घर से बाहर भगा दिया। कौशांबी पुलिस को शिकायत करने पर आरोपी और उसके पिता ने साथ रखने की बात कही लेकिन घर जाकर महिला को अंदर नहीं घुसने दिया। आरोप यह भी है कि पुलिस के सामने लिखित समझौता देने के बावजूद उन्हें साथ रखने से मना कर दिया।

## गाजियाबाद में यूपी कांग्रेस अध्यक्ष के बिगड़े बोल, पीएम मोदी पर की अभद्र टिप्पणी



**गाजियाबाद।** लोकसभा चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दल अपनी अपनी तैयारी में जुटे हुए हैं। प्रत्याशियों की लिस्ट भी जारी कर दी गई हैं। कुछ एक बाकी हैं। इसी बीच कई राजनीतिक दल प्रचार के दौरान एक दूसरे पर निशाना साध रहे हैं। इंडिया गठबंधन की गाजियाबाद से कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा के पक्ष में प्रचार करने के लिए यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय गाजियाबाद पहुंचे। यहां उन्होंने सत्ता पक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने केंद्र से लेकर यूपी सरकार तक पर निशाना साधा। यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि यहां के प्रत्याशियों को जनता भगा रही है। ईंट और पत्थर चल रहे हैं। इसका मतलब है कि जनता खुश नहीं है। मैं अभी रास्ते में आ रहा था। इन्होंने वहां बैरिकेट ला दिया। इन्होंने जगह-जगह पर बैरिकेट लगा दिए हैं। जगह-जगह रास्ते रोके हैं। अजय राय ने कहा कि मैंने पिछली बार का चुनाव बनारस से लड़ा था। तब मैं डेढ़ लाख वोट लेकर अकेले आया था। इस बार तो हमारे साथ समाजवादी पार्टी के भाई भी हैं। आप पार्टी के भाई हैं, आरजेडी के भाई हैं। इस बार तो मोदी की खटिया खड़ी कर देंगे। मैं यहां कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा के लिए वोट मांगने आया हूं। मंच से आगे कहा कि हम संघर्ष करने वाले लोग हैं। हमें जेल में डाल दोगे। हमारे घरों को गिरा दोगे। लेकिन हमारे इरादों को नहीं हिला सकते हैं। आज मैं आप सभी लोगों से यहां निवेदन करने आया हूं कि पूरी ताकत के साथ 26 को हाथ के निशान पर बटन दबाकर विजेयी बनाएं। हम सब डोली शर्मा के साथ खड़े हैं। यहां के प्रत्याशियों को कैसे भगाया जा रहा है।

## प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने डॉ. प्रवीन शर्मा जी की अध्यक्षता में नए शिक्षा निदेशक श्री आर.एन. शर्मा जी के साथ की बैठक की

- डॉ. वेद टंडन को प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन का चेयरमैन नियुक्त किया गया और डॉ. राकेश शर्मा को हॉनरी चेयरमैन मनोनीत किया गया
- डॉ अजय शर्मा एवं श्री जे.के. अरोड़ा को उपाध्यक्ष, जनरल सेक्रेटरी श्री अंशुल दीवान, कोषाध्यक्ष डॉ. पकिल यादव को मनोनीत किया गया



गुरुवार दिनांक 4 अप्रैल 2024 को प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने अपने अध्यक्ष डॉ. प्रवीन शर्मा जी की अगवानी में नए शिक्षा निदेशक श्री आर. एन.शर्मा जी से वार्ता की । इस अवसर पर गणमान्य शिक्षाविद डॉ. वेद प्रकाश टंडन, डॉ. राकेश शर्मा ,डॉ. अजय अरोड़ा, श्री राजेश गुप्ता, श्री अजय शर्मा तथा प्राइवेट स्कूल संगठन के अनेक क्षेत्रवार प्रतिनिधि भी उपस्थित थे । इस वार्ता में डॉ. प्रवीन शर्मा जी ने निजी विद्यालयों की समस्याओं एवं उनके समाधान हेतु कुछ अहम मुद्दों पर अपनी बात रखी ।

उन्होंने विद्यालयों के एफीलिएशन की प्रक्रिया को सुगम बनाने पर ज़ोर दिया, साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ई. डब्ल्यू. एस.)यानी फ्री शिप श्रेणी के छात्रों से जुड़ी राशि का समय पर भुगतान करने की भी सिफारिश की ,ताकि इस श्रेणी के लाभार्थियों को बेहतर सुविधाएं निर्बाध रूप से प्रदान की जा सकें। उन्होंने शिक्षा निदेशालय द्वारा नामांकित लोगों को विद्यालयों की प्रबंधन कमैटियों (एस.एम.सी.) के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार करने का सुझाव दिया । शिक्षा निदेशक महोदय श्री आर. एन. शर्मा जी ने भी सकारात्मक रुख अपनाते हुए सहयोग बनाए रखने के संकेत दिए।

अंत में धन्यवाद प्रस्ताव देते हुए शिक्षाविद डॉ. वेद टंडन एवं नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. प्रवीन शर्मा ने नए शिक्षा निदेशक श्री आर.एन. शर्मा एवं उनके सहयोगियों का धन्यवाद दिया। मीटिंग के दौरान सकारात्मक चर्चाओं और समस्याओं को सुनने के पश्चात उसे पर दिए गए उचित आश्वासन के लिए आभार व्यक्त किया।

## दिल्ली देहात, गांव, गरीबों के बच्चों के लिए कक्षा बारहवीं तक ईडब्लूएस कैटेगरी के तहत पढ़ाने की मांग की

नई दिल्ली। दिल्ली पंचायत संघ ने दिल्ली देहात,गांव,गरीबों के बच्चों के लिए राइट टू एजुकेशन नियम में बदलाव कर कक्षा बारहवीं तक EWS कैटेगरी के तहत पढ़ाने की मांग की।

दिल्ली के कुछ पब्लिक स्कूलों में इस नियम का हवाला देकर आठवीं कक्षा के बाद EWS के तहत पढ़ने वाले बच्चों को स्कूल से निकाल देते है। या बच्चें स्कूल फीस देकर पढ़ सकते है। जिसको लेकर गांव,गरीबो में आक्रोश बढ़ रहा है।

सरकार गांवों व गरीबो के बच्चों के साथ भेदभाव खत्म करें ।ओर उनको भी उच्च व उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तक पढ़ने का अधिकार दें ।यह नियम अमीर छात्रों व गरीब छात्रों के बीच खाई पैदा करता है।

पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा की यह स्कीम कक्षा बारहवीं तक होनी चाहिए।

इस पर दिल्ली सरकार व केंद्र सरकार को विचार करना चाहिए ।राइट टू



एजुकेशन के नियम में बदलाव कर नया नियम बनाए। जिसमे गांव,ग्रामीण,गरीबो के बच्चें कक्षा बारहवी तक मुफ्त शिक्षा ग्रहण कर सके।

पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा की सरकार ने गांवों के किसानों से उनकी कृषि भूमि को जबर्दस्ती कोडियों के भाव अधिग्रहण कर इन पब्लिक स्कूलों व अस्पतालों को दे दी।

जिस पर ये मनमानी कर रहे हैं ।ओर गांव व गरीब के लिए सरकार ने ऐसे नियम बना दिए जिनका फायदा उठा रहे है।

इसलिए सरकार से मांग है की इनको अपने अधिकार क्षेत्र मे लेकर गांव ग़रीबों को सुविधा देने का काम करें। ओर गांवों की जमीन पर बनें पब्लिक स्कूलों में गांवो के सभी बच्चों को मुफ्त पढ़ाया जाए।

पंचायत संघ सह प्रमुख सुनील शर्मा व पंच प्रमुख अधिवक्ता यमन यादव ने सरकार से मांग की कि तुरंत ऐसी कृषि भूमि जिस पर शासन प्रशासन के माध्यम से टेन्ट,पार्किंग,यूनिपोल वालों ने कब्जा किया या प्रशासन ने लिज पर दिया उसे खाली कराकर किसानों को वापिस करें।

दिल्ली पंचायत संघ जल्द दिल्ली देहात व गांवों के अधिकारों के लिए आंदोलन तेज करने के लिए महापंचायत बुलाएगा।

## गाजियाबाद में क्रोकरी कंपनी में लगी भीषण आग

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में बुलंदशहर इंडस्ट्रियल एरिया में क्रोकरी फैक्ट्री में गुरुवार को भीषण आग लग गई है। बुझाने के लिए दमकल की 12 गाड़ियां बुलाई गई है, लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका है। आग लगने के कारणों का पता नहीं चला पाया है। घटना कवि नगर थाना क्षेत्र की है। गाजियाबाद में दमकल विभाग के चीफ फायर ऑफिसर राहुल पाल ने बताया की घंटाघर कोतवाली फायर स्टेशन को जानकारी मिली कि सी 212 बुलंदशहर रोड इंडस्ट्रियल एरिया में कंपनी में आग लग गई है। आग भीषण थी इसीलिए घंटाघर कोतवाली फायर स्टेशन के अलावा आसपास के फायर स्टेशन से 12 दमकल की गाड़ियां दमकल कर्मियों सहित मौके पर भेजी गई है। कंपनी का नाम ईस्ट कोस्ट है और इसमें क्रोकरी बनाई जाती है। आग किन कारणों से लगी इसका पता नहीं चल पाया है, लेकिन 12 दमकल की गाड़ियां लगातार आग पर काबू पाने की कोशिश में जुटी।

# मोदीनगर में महिला ने पांच लाख की ठगी

**50 गज मकान दिलाने के नाम पर की ठगी**

मोदीनगर। मुरादनगर की एक महिला से 50 गज का प्लॉट दिलाने की बात कहकर पांच लाख रुपए ठगने का मामला सामने आया है।

पैसे वापस मांगने पर आरोपी महिला को जान से मारने की धमकी दे रहे है। पुलिस ने तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरु कर दी है। नगर की बैंक ऑफ बड़ौदा वाली गली कॉलोनी निवासी कल्लो अहरीवाल परिवार सहित रहते है। महिला ने बताया कि काफी समय पहले मेरी मुलाकात एक व्यक्ति से हुई। उक्त व्यक्ति ने बताया कि एक 50 गंज का मकान मिल रहा है ,जो सस्ते दाम पर मिल जाएगा।

इसके बाद महिला मकान देखने गई तो उन्हें पंसद आ गया। दोनों के बीच 6.80 लाख रुपए में मकान का सौंदा तय हो गया। 26 सितम्बर 2019 को महिला ने उक्त व्यक्तियों को पांच लाख रुपए पेशगी के दे दिए और बाकी रकम बैनामा के समय देने की बात तय हुई।

13 मार्च को महिला को मोदीनगर तहसील में बैनामा करने पहुंच गई ,लेकिन वह नहीं आए।

सुबह से शाम तक इंतजार करने के बाद महिला अपने घर वापस आ गई और उनसे अपने पांच लाख रुपए वापस मांगे।

पैसे वापस मांगने पर आरोपी महिला को जान से मारने की धमकी दे रहे है। महिला ने इस संबंध में मुरादनगर थाने में तहरीर दी है। एसीपी नरेश कुमार ने बताया कि महिला की तहरीर के आधार पर प्रेम ,रोहित व धर्मवीर सिंह निवासी विजयमंडी कॉलोनी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## संपादकीय

# हरियाणा में शिक्षा की समस्या

हरियाणा, भारत का एक प्रमुख राज्य है, जो अपनी सांस्कृतिक धरोहर, खेल, और तकनीकी विकास के लिए जाना जाता है। हालांकि, इस राज्य में शिक्षा की समस्याओं का सामना करना भी अभी तक किया गया है। इसकी एक समाधानात्मक दृष्टि है कि हरियाणा में चार लाख चौंसठ हजार बच्चों ने बीच में ही पढ़ाई छोड़ी है।

### आर्थिक समस्याएँ

हरियाणा एक आर्थिक रूप से समृद्ध राज्य है, लेकिन यहां भी अधिकांश लोग गरीबी और असमानता की समस्याओं से जूझते हैं। कई परिवार अपने बच्चों की शिक्षा को अर्थात पढ़ाई को बेहद महंगा मानते हैं और उन्हें छोड़ने के लिए मजबूर होते हैं। इसके परिणामस्वरूप, बच्चों को शिक्षा से वंचित रहना पड़ता है।

### सामाजिक प्रतिबंध

कई समाजों में शिक्षा के प्रति उत्साह की कमी होती है। विशेषकर लड़कियों को शिक्षा के प्रति विशेष रूप से नकारात्मक मानसिकता दिखाई जाती है। इसके परिणामस्वरूप, बच्चियों को पढ़ाई छोड़ने का दबाव महसूस होता है।

### परिवारिक कारण

कई मामलों में, परिवार की अनियमितता, अपर्याप्त आर्थिक सहारा, या परिवार के आदर्शों की अभावना भी बच्चों को पढ़ाई छोड़ने के लिए प्रेरित करती है।

शिक्षा प्रणाली की असफलता

कुछ मामलों में, शिक्षा प्रणाली की असफलता भी इस समस्या का कारण हो सकती है। गरीबी, असमानता, और शिक्षा के लिए सामाजिक समर्थन की कमी इसकी मुख्य वजह हो सकती है।

### आर्थिक प्रभाव

शिक्षा के अभाव में रहने से बच्चों के आर्थिक और सामाजिक विकास पर प्रभाव पड़ता है। ये बच्चे अपने सपनों को पूरा नहीं कर पाते और अपने परिवारों को भी आर्थिक सहारा नहीं दे पाते।

### सामाजिक प्रभाव

शिक्षा के अभाव में रहने वाले बच्चे सामाजिक रूप से भी पीछे हटते हैं। उन्हें समाज में समान दर्जा और अवसर नहीं मिलते, जिससे उनकी स्थिति और भी कमजोर होती जाती है।

### राष्ट्रीय विकास पर प्रभाव

शिक्षा के अभाव में रहने से राष्ट्रीय विकास पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। बिना शिक्षा के समाज का उत्थान संभव नहीं हो सकता, और यह विकास के प्रति असहाय लोगों के अधिकारों का उपेक्षा करता है।

# सालाना बजट खर्च करने में बरत रहे कोताही

भारतीय जेलों में क्षमता से अधिक बंदियों को रखे जाने के कारण उत्पन्न नारकीय स्थितियां न केवल संयुक्त राष्ट्र के नियमों का, बल्कि मानवाधिकारों का भी उल्लंघन है। यह वेदना किसी मानवाधिकार कार्यकर्ता की नहीं, बल्कि स्वयं गृह मंत्रालय के अंतर्गत निदेशक (एसआर) प्रवीन कुमारी सिंह द्वारा सभी राज्यों के प्रमुख सचिव गृह और कारागार तथा पुलिस प्रमुखों के लिए नौ मई, 2011 को जारी सर्कुलर में व्यक्त की गई है। जेलों की इस स्थिति पर संसद में भी निरंतर चिंता प्रकट की जाती रही है।

जेलों में क्षमता से अधिक संख्या में एक साथ बंदियों को रखे जाने से एक-दूसरे में बीमारियों के फैलने की आशंका ज्यादा होती है। मानवाधिकारों के उल्लंघन, स्वास्थ्य सेवाओं की कमी और न्याय-आधारित विकल्पों की अनुपस्थिति के कारण जेलों में बंद लोगों के स्वास्थ्य की समस्या उत्पन्न हो जाती है। जेलों का भौतिक बुनियादी ढांचा, भीड़-भाड़ का खतरा और कैदियों की लगातार आवाजाही से टीबी जैसी बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ जाता है।

विश्व में सर्वाधिक जनसंख्या वाले भारत की जेलें भी भरी रहती हैं। लॉन्सेट पब्लिक हेल्थ जर्नल में प्रकाशित एक वैश्विक अध्ययन के अनुसार, भारत में कैदियों को सामान्य आबादी की तुलना में तपेदिक (टीबी) होने का खतरा पांच गुना अधिक है। जर्नल के जुलाई, 2023 संस्करण में प्रकाशित एक अध्ययन में पाया गया कि भारत की जेलों में प्रति एक लाख कैदियों पर टीबी के 1,076 मामले थे। शोधकर्ताओं ने राष्ट्रीय स्तर पर तपेदिक की घटनाओं की दर और जेलों में भीड़-भाड़ के बीच एक सीधा संबंध पाया। विशेषज्ञों के अनुसार, जेलों में भीड़-भाड़ और वेंटिलेशन की कमी के चलते तपेदिक (टीबी) रोगियों की संख्या अधिक पाई जाती है। वर्ष 2017 में इंटरनेशनल जर्नल ऑफ इंफेक्शियस डिजीज में प्रकाशित एक अध्ययन में शोधकर्ताओं ने भारत की जेलों में टीबी के इलाज और जांच की व्यवस्था का अध्ययन किया, तो पाया कि निदान या डाइग्नोसिस की केवल 18 प्रतिशत, इलाज की 54 प्रतिशत और समय-समय पर जांच की 60 प्रतिशत जेलों में ही व्यवस्था थी।

नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो की %प्रिजन स्टैटिस्टिक्स इंडिया रिपोर्ट-2022% के अनुसार 31 दिसंबर, 2022 को भारत की जेलों में कुल 5,73,220 लोग बंदी थे, जबकि देश की कुल 1,330 जेलों में कुल क्षमता 4,36,266 कैदियों की ही थी। इस प्रकार देखा जाए, तो इन जेलों में क्षमता से 131.4 प्रतिशत अधिक बंदी रखे गए थे। ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, तेलंगाना, मणिपुर और नगालैंड जैसे कुछ राज्यों में क्षमता से कम बंदी थे, जबकि उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, महाराष्ट्र और जम्मू-कश्मीर जैसे कुछ राज्यों की जेलों में भेड़-बकरियों की तरह बंदी ठूंसे जाते हैं। उत्तराखंड जैसे शांत और छोटे राज्य की जेलों में 31 जनवरी, 2024 तक कुल 3,461 बंदियों की क्षमता के विपरीत 6,603 कैदी बंद थे। इन बंदियों में से लगभग 75 प्रतिशत विचाराधीन कैदी थे।

उक्त जेल सांख्यिकी के अनुसार, जेलों में बंद सभी बंदियों में केवल 1,33,415 बंदी ही सजायाफ्ता थे और शेष 4,34,302 विचाराधीन कैदी थे। इन विचाराधीन कैदियों में से कई ऐसे भी हैं, जो अदालत द्वारा दोष सिद्ध होने से पहले ही पांच साल से अधिक समय से जेलों में सजा काट रहे हैं। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा द्वारा 6 फरवरी, 2024 को लोकसभा में दी गई जानकारी के अनुसार, भारतीय जेलों में दो से तीन साल से 33,980 विचाराधीन कैदी, तीन से पांच साल से 25,869 विचाराधीन कैदी और पांच साल से अधिक समय से 11,448 विचाराधीन कैदी फैसले का इंतजार कर रहे थे। इनमें से कुछ निर्दोष भी हो सकते हैं और कुछ को कम सजा भी मिल सकती है, मगर वे पहले ही अकारण सजा काट रहे हैं।

इन भीड़-भाड़ वाली जेलों में सामान्य मानवीय सुविधाओं का अभाव तो रहता ही है, साथ ही स्वास्थ्य सुविधाओं का भी भारी अभाव रहता है, जिस कारण कैदी जेलों में दम तोड़ते रहते हैं। जेल सांख्यिकी के अनुसार, देश की जेलों में वर्ष 2022 में 1,995 मौतें हुईं, जिनमें 1,773 प्राकृतिक और 159 अप्राकृतिक मौतें थीं, जिनमें आत्महत्याएं भी शामिल थीं। प्राकृतिक मौतों में तपेदिक जैसी बीमारियां शामिल थीं।

# लोकतंत्र को कमजोर करती है अवसरवादी राजनीति




-ललित गर्ग-

कांग्रेस में लगातार वफादार नेताओं का पलायन जारी है, नये नामों में कांग्रेस के प्रवक्ता गौरव वल्लभ, महाराष्ट्र के जिम्मेदार एवं पूर्व मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष संजय निरुपम, बिहार कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा, निशाना साधने वाले मुक्केबाज विजेंदर, आचार्य प्रमोद कृष्णम हैं, जिन्होंने कांग्रेस को बाय-बाय कर दी है। इन सभी ने कांग्रेस के मुद्दाविहीन होने, मोदी के विकसित भारत के एजेंडे, राहुल गांधी की अपरिपक्व राजनीति एवं कांग्रेस की सनातन-विरोधी होने को पार्टी से पलायन का कारण बताया है। कुछ भी कहे, यह राजनीति में अवसरवाद का उदाहरण है, इस तरह का बढ़ता दौर चिंताजनक है। भारत की राजनीति में दलबदल की विसंगति एवं विडम्बना आजादी के बाद से लगातार देखने को मिलती रही है। पिछले साढ़े सात दशक के भारतीय लोकतंत्र में राजनीतिक पराभव के अक्स गाहे-बगाहे उजागर होते रहे हैं। दलबदल के बढ़ते दौर ने अनेक सवाल खड़े किये हैं। कल तक विपक्ष में जो नेता दागी होते थे, सतारूढ़ दल में शामिल होने के बाद ऐसा क्या हो जाता है कि उनके दाग दाग नहीं रहते। राजनीति में निष्ठाएं बदलने की स्थितियां आम नागरिकों को उद्वेलित कर रही हैं कि आखिर ऐसा क्या हो जाता है कि दागी नेता सत्ता की धारा में डुबकी लगाकर दूध का धुला घोषित हो जाता है।

हर बार चुनावों की घोषणा के साथ ही राजनीतिक दलों में 'आयाराम-गयाराम' का खेल शुरु हो जाता है। विभिन्न दलों के प्रभावी नेताओं को अपने दल में शामिल कराने की होड़ मची है, कभी कोई एक दल बाजी मारती हैं तो कभी कोई दूसरा दल। सभी सेलिब्रिटी आखिर सत्ता की तरफ ही क्यों भागते हैं? पूर्व न्यायाधीश हो, पूर्व अधिकारी हो, अभिनेता हो या खिलाड़ी राजनीति में अपना भविष्य आजमाते रहे हैं। अगर भाजपा की विचारधारा किसी विजेंदर, गौरव या अनिल शर्मा जैसे लोगों हो क्यों अच्छी लगती है तो सवाल यह भी है कि पिछले पांच साल तक वे कांग्रेस में क्यों रहे? ऐसे नेताओं की भी कमी नहीं है जो गत वर्ष के अंत में हुए विधानसभा चुनावों में एक पार्टी के चुनाव चिह्न पर उम्मीदवार थे तो अब दूसरी पार्टी का चुनाव चिह्न लेकर मैदान में उतरते दिख रहे हैं। उल्लेखनीय है कि इनदिनों भाजपा में जो विभिन्न दलों के तीस के लगभग राजनेता शामिल हुए हैं उनमें कांग्रेस, राकांपा, शिवसेना, टीएमसी, टीडीपी, एसपी और वाईएसआर कांग्रेस के नेता शामिल हैं। क्या यह भाजपा के निश्चित जीत की संभावनाओं का परिणाम है या केन्द्रीय एजेंसियों की कार्रवाई के डर का परिणाम है। निश्चिय ही यह स्थिति किसी लोकतंत्र के स्वास्थ्य के लिये शुभ नहीं कही जा सकती।

देश में लंबे समय से चुनाव सुधारों पर चर्चा चल रही है लेकिन चर्चा इस पर भी होनी चाहिए कि दलबदल का बढ़ता दौर कैसे रूके। राजनीति एवं राजनेताओं में नीति एवं सिद्धान्तों की बात प्रमुख होनी चाहिए लेकिन ऐसा न होना लोकतंत्र की बड़ी विसंगति है। राजनीति में सबकुछ जायज है वाली सोच एवं स्वार्थ की नीति दुर्भाग्यपूर्ण है। चुनाव का समय हर राजनेता के लिये अपने हित एवं स्वार्थ को चुनने का समय होता है, लेकिन उनके सामने लोकतंत्र के हिताहित का प्रश्न बहुत गौण हो जाता है। चुनावों में आचार संहिता के चलते कई प्रतिबंध लागू हो जाते हैं, लेकिन राजनीति में में दल-बदल पर नियंत्रण का कहीं कोई प्रावधान ही नहीं है, जबकि यह लोकतंत्र की जीवंतता एवं पवित्रता के लिये प्राथमिकता होनी चाहिए। सत्ता का स्वाद ही ऐसा होता है कि कोई भी राजनेता इससे अछूता नहीं रहता। इसीलिए आजकल दल बदलने का दौर खूब हो रहा है। यह बात दूसरी है कि ज्यादातर नेताओं में भाजपा का दामन थामने की होड़ मची है। एक दिन पहले भाजपा पर निशाना साधने एवं जीभर कर कोसने वाले नेताओं को एकाएक भाजपा इतनी अच्छी क्यों लगने लगती है? भाजपा को भी सोचना चाहिए कि आखिर ये अवसरवादी नेता जबभी उनके अनुकूल नहीं हुआ तो उसे भी बाय-बाय कर देंगे? भाजपा को यह भी देखना चाहिए कि पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ताओं की अनदेखी कर चंद घंटों पहले पार्टी में शामिल होने वाले को टिकट देना कहां तक उचित है। दलों को विचार करना ही होगा कि राजनीति के मायने चुनाव जीतना भर ही है या फिर वे विचारधारा के लिए समर्पित कार्यकर्ताओं को मौका देकर राजनीति को स्वस्थ रखना चाहते हैं। लोकतंत्र में जनता की आवाज की ठेकेदारी राजनैतिक दलों एवं नेताओं ने ले रखी है, पर ईमानदारी से यह दायित्व कोई भी दल एवं नेता सही रूप में नहीं निभा रहा है। सारे ही दल एवं नेता एक जैसे हैं यह सुगबुगाहट जनता के बीच बिना कान लगाए भी स्पष्ट सुनाई देती है। राजनीतिज्ञ पारे की तरह हैं, अगर हम उस पर अँगुली रखने की कोशिश करेंगे तो उसके नीचे कुछ नहीं मिलेगा। सभी दल राजनीति नहीं, स्वार्थ नीति चला रहे हैं।



भाजपा को अपने 400 पार के लक्ष्य को हासिल करना है, इसके लिये वह हर-तरह के समझौते कर रही है, दागी नेताओं को भी अपनी पार्टी में जगह दे रही है। ऐसे नेताओं के अपराधों पर भी परदा डाला जा रहा है। विडंबना है कि राजनीतिक निष्ठा बदलना इन नेताओं के लिये राहतकारी साबित हुआ है।

वजह यह कि इन नेताओं से जुड़े अपराध के मामले ठंडे बस्ते में डाल दिये गए हैं। जबकि दलील यह दी जाती है कि मामले बंद नहीं हुए हैं, जरूरत पड़ी तो जांच और कार्रवाई भी होगी। जो विपक्ष के उन आरोपों की पुष्टि करते हैं कि यह कार्रवाई राजनीतिक दुराग्रह एवं आग्रह के रूप में की जाती रही है। यही वजह है कि दल बदलने का फैसला राहत का रास्ता मान लिया जाता है। ऐसे में आम आदमी के मन में सवाल उठना स्वाभाविक है कि अचानक जांच एजेंसियां निष्क्रिय क्यों हो जाती हैं? क्यों किसी एजेंसी को लेकर अदालत को कहना पड़ता है कि फलां एजेंसी पिंजरे में बंद तोता है और मालिक की बोली बोलता है। विपक्ष के ऐसे तमाम आरोपों की तार्किकता हाल में आई एक रिपोर्ट दर्शाती है। जिसमें कहा गया है कि वर्ष 2014 के बाद भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच का सामना कर रहे 25 विपक्षी नेताओं के सत्तारूढ़ दल में शामिल होने के बाद उनमें से 23 को राहत मिल गई है। इनमें से तीन मामले बंद हो गए हैं और बीस की जांच रुकी हुई है। ऐसे अवसरवादी नेता फिर किसी नई पार्टी में नहीं जाएंगे इसको क्या गारंटी है? अच्छे लोग राजनीति में यदि सिर्फ पद पाने के लिए ही आए तो उसे क्या माना जाए? ऐसी जानी-मानी हस्तियां भी हैं जो आज यहां और कल वहां के उदाहरण पेश कर चुकी हैं। ऐसी सलेब्रिटी को पार्टी में शामिल होते ही टिकट से पुरस्कृत कर दिया जाता है।

राजनीतिक दलों को इस बड़ी विसंगति एवं अवसरवादिता पर विचार तो करना ही चाहिए कि आखिर कौन, किस इरादे से पार्टी में आ रहा है। ऐसे ढेरों उदाहरण मौजूद हैं कि नामी-गिरामी लोगों ने राजनीति में प्रवेश किया, टिकट भी मिला और चुनाव जीते भी। उसके बाद जनता से जुड़ ही नहीं पाए और अगले चुनाव में इनका टिकट कट गया। स्वस्थ राजनीति में ऐसे नेतृत्व की आवश्यकता है जो निष्पक्ष हो, ईमानदार हो, सक्षम हो, सुदृढ़ हो, स्पष्ट एवं सर्वजनहिताय का लक्ष्य लेकर चलने वाला हो। लेकिन स्वार्थी, अक्षम, दागी नेताओं को किसी भी दल में जगह देना यह उस दल की मजबूती एवं स्वस्थ राजनीति पर एक बदनुमा दाग है। विडम्बना है कि लोकतंत्र में सिर गिने जाते हैं, मस्तिष्क नहीं। इसका खामियाजा हमारा लोकतंत्र भुगतता है, भुगतता रहा है। ज्यादा सिर आ रहे हैं, मस्तिष्क नहीं। जाति, धर्म, स्वार्थ और वर्ग के मुखौटे ज्यादा हैं, मनुष्यता के चेहरे कम। तभी राजनीति अवसरवादिता का अखाड़ा बनती जा रही है।

# अकर्मण्यता से उपजा पलायनवादी यथार्थ, संघर्ष से होता ऊंचा मनोबल

अकर्मण्यता एक बड़ी शारीरिक,मानसिक व्याधि और दशा है, यह जीवन को निरर्थक बनाती है। इस अवस्था को तत्काल त्यागना चाहिए,और अपने जीवन के संघर्ष के लिए तैयार रखना चाहिए। मन ही मन यदि आपने किसी कठिन कार्य को करने का संकल्प ले लिया तो निरंतर जिजीविषा और संयम के साथ संघर्ष हर बड़ी जीत और सफलता के उत्तम मार्ग हैं। वैसे जीवन में दुष्कर, कठिन कार्य को पहले चुनना चाहिए जिससे पूरी शक्ति एवं उर्जा लगाकर हम उसे प्राप्त कर सकेद्य कठिन कार्य से घबराकर उससे पलायन करना निराशा को जन्म देता है। निराशा से बढ़कर कोई अवरोध नहीं अतः निराशा, हताशा को त्यागें और ऊर्जा उत्साह के साथ आगे बढ़े, सफलता आपके कदमों पर होगी। हर बड़ा व्यक्ति जो हमें समाज से अलग हटकर खड़ा दिखाई देता हैद्य जिसे हम विलक्षण मानते और प्रतिभा संपन्न मानते हैं और आज के संदर्भ में हम उसे सेलिब्रिटी कहते हैं तो निसंदेह उसकी इस सफलता के पीछे अनवरत श्रम, अदम्य मानसिक शक्ति और संयम छुपा होता है। बड़ी सफलता प्राप्त करने का कोई सरल उपाय या शॉर्टकट नहीं होता है। विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य की मानसिक दृढ़ता एवं संकल्पित कठिन श्रम ही सफलता के रास्ते खोलते हैं। यूं तो हर इंसान के जीवन में विशेषताएं, मान्यताएं, प्रतिबद्धताओं और आकांक्षाएं होती हैं। सभी लोग मूलभूत आवश्यकताओं के साथ साथ सामाजिकता , प्रसिद्धि और प्रतिष्ठा जैसी उच्च स्तरीय आवश्यकताओं की पूर्ति करना चाहते हैंद्य मानव की स्वाभाविक और अदम्य इच्छा की पूर्ति के संपूर्ण जीवन और उसके अस्तित्व के लिए अत्यंत आवश्यक है किंतु व्यक्ति की इच्छा,आकांक्षा सफलता उस उसके मूल्यों,सिद्धांतों और आदर्शों की कीमत पर कतई नहीं होनी चाहिए।

यदि व्यक्ति की आकांक्षा,सफलता और इच्छा उसकी अदम्य इच्छा, भूख और मूल्यों को समाविष्ट ना करते हुए दूसरी दिशा में जाती हो तो ऐसे में उसकी सफलता पूरे मानव समाज और मानवता के लिए संकट का कारण भी बन सकती हैद्य जिस तरह एक वैज्ञानिक मेहनत, लगन, प्रयोगशाला में मानवी संविधान मूल्यों से ओतप्रोत मानव कल्याण के उपकरण न बनाकर जैविक व रासायनिक हथियार बनाकर व्यापक नरसंहार जैसे अमानवीय अविष्कार को मूर्त रूप दे, तो यह समाज के लिए खतरनाक हो सकता हैद्य यही वजह है की सफलता का नक्शा और इच्छा के पीछे माननीय मूल्यों का होना अत्यंत आवश्यक भी है।

मूल्य, सिद्धांत और नैतिकता जीवन के लक्ष्य और उसके क्रियान्वयन में सर्वाधिक संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैंद्य सफलता की धारणा केवल स्थापित मापदंड न होकर मानवीय मूल्यों से जुड़ा होकर मानव कल्याण के लिए भी होना चाहिएद्यइसमें कोई संदेह नहीं की विश्व भर की सभी सभ्यताओं, संस्कृतियों और धर्मों में अहिंसा, सत्य ,करुणा, सेवा, दया और विश्व बंधुत्व की भावना की निर्विवाद उपस्थिति दिखाई देती है। और वैश्विक विकास की अवधारणा भी इन्हीं बिंदुओं पर रखकर तय की जाती है।

## कटू सच्चाई से स्याह चेहरा होता ।।

दर्पण तू दिल का सच बोलता होता,
संसार का हर मानव पूरा शत्रु तेरा होता ।।

घर-घर में तेरे टुकड़े बिखरे होते,
सत्य भी तेरी इस दशा में रोया होता।।

तेरे सम्मुख धूर्त का क्या रंग होता,
कटू सच्चाई से स्याह चेहरा होता ।।

सूर्पणखा क्या इतराती तेरे सम्मुख,
रावण ने भी खूब क्रंदन किया होता।।

दर्पण तेरी वाणी कटु सत्य सी होती,
सुंदरी का यौवन भी लजाया होता।।

गांधी की तरह सत्य से प्रयोग करता कहीं,
कोई गोडसे तुझे भी पत्थर से तोड़ गया होता।।



संजीव ठाकुर
रायपुर

# अधिक सयाने नेता ना घर के रहे ना घाट के



रमेश सर्राफ धमोरा

कहते हैं राजनीति संभावनाओं का खेल है। इसमें कब क्या हो जाए किसी को पता नहीं रहता है। राजनीति में जरा सा चूकने पर खेल ऐसा बिगड़ जाता है कि फिर सुधरे भी नहीं सुधर पाता है। देश में चल रहे लोकसभा चुनाव के दौरान कुछ राजनीतिक दलों व उनके नेताओं के साथ भी कुछ ऐसी घटनाएं घट गई जो ना उनसे निगलते बन रही है ना ही उगलते।

बिहार में लोक जनशक्ति पार्टी के नेता व केंद्र में मंत्री रहे पशुपति पारस अपने भतीजे चिराग पारस कि एनडीए से बगावत के वक्त खुलकर एनडीए के साथ रहकर अपना मंत्री पद बचा ले गए थे। उसे वक्त उनके साथ पार्टी के 6 में से पांच सांसद भी थे। मगर समय का चक्र देखिए आज पशुपति पारस के पास ना तो मंत्री पद बचा है ना ही लोकसभा की सीट बच पाई है। चिराग पासवान के एनडीए में वापस आने के चलते सीट शेयरिंग में उन्हें पांच सीट दे दी गई। जबकि उनके विरोधी चाचा पशुपति पारस वाली लोक जनशक्ति पार्टी को एनडीए में एक भी सीट नहीं दी गयी।

इससे नाराज होकर पशुपति पारस लालू यादव नीत महागठबंधन में शामिल होने की घोषणा कर केंद्रीय मंत्री पद से भी इस्तीफा दे दिया था। मगर राजनीति के चतुर खिलाड़ी लालू यादव ने पशुपतिनाथ पारस को घास नहीं डाला और उनकी पार्टी को गठबंधन में एक भी सीट नहीं दी। इससे पशुपति पारस की स्थिति बहुत ही हास्यास्पद हो गई। और वह फिर से एनडीए में शामिल होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गुणगान करने लगे हैं। पशुपति पारस के चक्कर में उनके दूसरे भतीजे प्रिंस राज भी इस बार बिना टिकट ही रह गए। उन्हें भी किसी गठबंधन में शामिल नहीं किया गया है।

कहां जा रहा है कि भाजपा द्वारा पशुपति पारस को चिराग पासवान का समर्थन करने के बदले राज्यपाल का पद व प्रिंस राज को बिहार सरकार में मंत्री बनाने का ऑफर दिया गया था। मगर उन्होंने उस ऑफर को छोड़कर महागठबंधन से सीट लेने के चक्कर में केंद्रीय मंत्री पद से भी इस्तीफा देते हुये एनडीए के खिलाफ बयानबाजी कर दी थी। अब देखते हैं चुनाव के बाद आगे पशुपति पारस व उनके भतीजे प्रिंस राज का फिर से राजनीतिक पुनर्वास होता है या वह राजनीति के बियाबान में खो जाते हैं। इसका पता तो लोकसभा चुनाव नतीजे के बाद ही लग पाएगा। फिलहाल तो पशुपति पारस ना घर के रहे ना घाट के रहे वाली स्थिति में है।



खुद को सन ऑफ मल्लाह कहलाने वाले विकासशील इंसान पार्टी के अध्यक्ष मुकेश सहनी के साथ भी कुछ ऐसा ही वाकया हुआ है। कभी मुंबई की फिल्में इंडस्ट्री में काम कर पैसे कमाने वाले मुकेश सहनी की फितरत एक जगह टिकने की नहीं रही है। वह बिहार में बड़ी राजनीति करने का सपना देखते रहते हैं। इसी चक्कर में वह अलग-अलग गठबंधनों में शामिल होकर चुनाव लड़ते रहे हैं। मगर कभी चुनाव नहीं जीत पाए हैं।

पिछले विधानसभा चुनाव में उन्होंने बिहार के एनडीए गठबंधन में शामिल होकर 13 सीटों पर अपनी पार्टी को चुनाव लड़वाया था और उनकी पार्टी के चार विधायक जीते थे। उनका स्वयं को भी नीतीश कुमार की सरकार में मंत्री बनाया गया था। मगर अपनी फितरत के मुताबिक वह अधिक समय तक गठबंधन में नहीं टिक पाए। तब भाजपा ने उनके विधायकों को तोड़ लिया और वह अकेले रह गए। अब उनका विधान परिषद का कार्यकाल भी पूरा हो गया है। इस बार के लोकसभा चुनाव में उन्होंने फिर से भाजपा के एनडीए व लालू प्रसाद यादव के महागठबंधन में शामिल होकर लोकसभा चुनाव लड़ने का प्रयास किया था। मगर उनके मांग पत्र व सीटों की संख्या देखकर किसी भी गठबंधन ने उनसे तालमेल करना मुनासिब नहीं समझा। दोनों ही गठबंधन उन्हें बातों में उलझाए रखा और अंत में किसी ने भी उनके साथ तालमेल नहीं किया। आज मुकेश सहनी यदि लोकसभा चुनाव लड़ते हैं तो उन्हें अपने ही दम पर चुनाव मैदान में उतरना पड़ेगा।

पूर्णिया के पूर्व सांसद पप्पू यादव किसी समय बिहार में चर्चित युवा नेता होते थे। कम उम्र में ही कई बार सांसद, विधायक बनने वाले पप्पू यादव की बाहुबली वाली छवि के चलते उन्हें चुनाव जीतने में कोई दिक्कत नहीं होती थी। एक समय उन्होंने शरद यादव जैसे दिग्गज नेता को भी हरा दिया था। मगर अब समय का फेर देखिए आज वही पप्पू यादव एक टिकट के लिए मारे मारे घूम रहे हैं। पिछले दिनों उन्होंने राजद सुप्रीमो लालू यादव से अपने संबंध सुधारने के लिए उनके आवास पर जाकर हाजिरी भी दे दी थी। फिर उन्होंने अपनी जन अधिकार पार्टी का दिल्ली कांग्रेस मुख्यालय में जाकर कांग्रेस में विलय कर दिया था।

कांग्रेस में शामिल होने के बाद पप्पू यादव ने पूर्णिया से कांग्रेस टिकट पर चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी थी। मगर राजनीति के चतुर खिलाड़ी लालू प्रसाद यादव ने पप्पू यादव को माफ नहीं किया था और उसके साथ खेला कर दिया। लालू यादव ने बिहार में सीट बंटवारे के दौरान पूर्णिया की सीट अपनी पार्टी राजद के खाते में रखकर वहां से जदयू की विधायक बीमा भारती को राजद प्रत्याशी घोषित कर दिया। इसके चलते पप्पू यादव का पूर्णिया से कांग्रेस प्रत्याशी नहीं बना पाई। अब पप्पू यादव ने घोषणा की है की जान चली जाएगी तब भी पूर्णिया को नहीं छोड़ेंगे और वह पूर्णिया से ही निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे।

पप्पू यादव के बयान पर कांग्रेस के बिहार प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने उनसे कन्नी काटते हुए कहा है कि पप्पू यादव ने अपनी पार्टी का कांग्रेस में विलय किया है लेकिन खुद पार्टी के सदस्य नहीं बने हैं। ऐसे में वह कहीं से भी चुनाव लड़ने को स्वतंत्र है। कांग्रेस पार्टी को उनसे कोई लेना देना नहीं है। पूर्णिया से टिकट नहीं मिलने के बाद पप्पू यादव की हालात देखते ही बनती है। वह न घर के रहे ना घाट के उल्टे उनके बने बनाये समीकरण और बिगड़ गए हैं। हालांकि पिछले चुनाव में पप्पू यादव ने मधेपुरा से लोकसभा चुनाव लड़ा था। जहां उनकी जमानत जप्त हो गई थी। उन्हें मात्र 97631 यानि 8.51 प्रतिशत वोट ही मिले थे। जबकि 2014 में वह मधेपुरा से चुनाव जीते थे। मधेपुरा में पिछली बार जमानत जब्त होने के चलते पप्पू यादव इस बार पूर्णिया से चुनाव लड़ रहें हैं। पप्पू यादव की पत्नी रंजीता रंजन कांग्रेस से राज्यसभा सांसद व पार्टी की राष्ट्रीय सचिव है। पूर्व में वह सहरसा व सुपौल से सांसद भी रह चुकी हैं।

## शार्ट न्यूज

### गोण्डा में सपा नेत्री नजरबंद

गोण्डा। उत्तर प्रदेश में गोंडा जिले के नगर पालिका परिषद गोण्डा की चेयरपर्सन उजमा राशिद को शुक्रवार को शत्रु सम्पत्ति के मामले में नगर पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर नजरबंद कर लिया! पुलिस उपाधीक्षक विनय सिंह ने बताया कि नगर कोतवाली पुलिस ने शत्रु सम्पत्ति के एक मामले में फरार चल रही सपा नगर पालिका अध्यक्ष उजमा राशिद को उनके गोंडा स्थित आवास पर हाउस अरेस्ट किया है। जहां पर मामले के विवेचक द्वारा उनसे पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा सपा नगर पालिका अध्यक्ष को गिरफ्तार कर जिला अस्पताल ले जाकर मेडिकल कराकर जेल भेजने की तैयारी है। दरअसल,सपा नगर पालिका अध्यक्ष के खिलाफ गत 16 मार्च को नगर कोतवाली में सहायक रजिस्ट्रार कानूनगो सदर तहसील ने मुकदमा दर्ज कराया था। उन्होनें बताया कि नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत रकाबगंज मोहल्ले में स्थित सरकारी शत्रु संपत्ति की जमीन पर गोंडा सपा नगर पालिका अध्यक्ष उजमा राशिद द्वारा अवैध रूप से कब्जा करके रहा जा रहा था।

### शिवपाल के धमकी भरे वीडियो की होगी जांच

बदायूं। बदायूं जिला प्रशासन समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव के एक कथित रुप से धमकी भरे वायरल वीडियो की जांच करेगा। दरअसल,शिवपाल का एक कथित वीडियो जिले में वायरल हो रहा है जिसमें वह मंच से कह रहे हैं हम सबसे वोट मांगेंगे, वोट दोगे तो ठीक नहीं तो बाद में हिसाब होगा। संभावना व्यक्त की जा रही है कि यह वायरल वीडियो सहसवान विधानसभा क्षेत्र के कस्बा मुजरिया क्षेत्र का है जहां एक अप्रैल को सहसवान में होने वाले कार्यकर्ता सम्मेलन में जाते समय शिवपाल अपने काफिले के साथ कुछ देर को रुके थे और लोगों को संबोधित किया था। वायरल वीडियो में शिवपाल सिंह के साथ सहसवान सपा विधायक ब्रजेश यादव और शिवपाल के बेटे आदित्य यादव भी साथ खड़े दिखाई दे रहे हैं। जिलाधिकारी बदायूं मनोज कुमार ने शुक्रवार को बताया कि उन्होने भी वीडियो ट्रेस किया है।

### दवा कंपनी के प्रतिनिधि की दुर्घटना में मौत

सुल्तानपुर। उत्तर प्रदेश में सुलतानपुर जिले के कुड़वार क्षेत्र में गुरुवार रात अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार दवा कंपनी के प्रतिनिधि (एमआर) की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि एमआर अजय हर रोज की तरह सुलतानपुर-हलियापुर रूट के लिए घर से निकले थे। हलियापुर की ओर से काम करके लौटते हुए वो ठीक कुड़वार रोड पर आगे बढ़े कि तभी गंजेहड़ी के पास एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वह सीधे सड़क पर जा गिरे और सिर पर चोट लगने से मूर्छित हो गये। ग्रामीणों ने उन्हें फौरन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुड़वार पहुंचाया। लेकिन डॉक्टर ने अजय को मृत घोषित कर दिया। इस बाबत कुड़वार थाना अध्यक्ष अरुण कुमार द्विवेदी ने बताया कि मृतक के परिवार में सूचना देकर शव को पोस्टमार्टम में भेजा गया है। परिवार से तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### सेल्समैन को चाकू मारकर दो लाख लूटे

देवरिया। उत्तर प्रदेश में देवरिया जिले के गौरी बाजार क्षेत्र में बदमाशों ने वसूली कर गोरखपुर जा रहे सेल्समैन को चाकू मारकर दो लाख रूपये लूट लिये। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने शुक्रवार को यहां बताया कि गोरखपुर के निवासी गुलाब चंद एक नमकीन बनाने वाली कम्पनी के के सेल्समैन हैं। वे देवरिया से नमकीन की सप्लाई तथा नमकीन के पैसों की वसूली कर गुरूवार की रात मैजिक वाहन से चालक शहनवाज के साथ जा रहे थे कि इसी बीच अज्ञात बदमाशों ने गाड़ी रोककर उनसे बैग में रखे दो लाख रूपये छीन लिये तथा उनकों पेट में चाकू मारकर कर फरार हो गये। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घायल सेल्समैन को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। उन्होंने बताया कि घटना के पर्दाफाश के लिए पुलिस की पांच टीमों को लगाया गया है। जल्द ही मामले का पर्दाफाश कर बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

### लीकेज से सिलेंडर में लगी आग

श्रावस्ती। श्रावस्ती के सोनवा थाना क्षेत्र के दुगहरा स्थित प्राथमिक विद्यालय में मिड-डे मील का भोजन बनाते समय अचानक से गैस सिलेंडर में लीकेज होने के चलते रसोई में आग लग गई। वहीं रसोइयों ने भाग कर जान बचाई, लेकिन आग बढ़ती जा रही थी। वहीं सूचना के बाद पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पा लिया, तब जाकर विद्यालय के स्टाफ ने चैन की सांस ली, क्योंकि यदि सिलेंडर में ब्लास्ट होता तो बड़ा हादसा हो सकता था। दरअसल सोनवा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत फतुहापुर के मजरा दुगहरा गांव में प्राथमिक विद्यालय स्थित है। वहीं रोज की भांति रसोइया सुबह 11¬40 पर मिड डे मील का मीनू के अनुसार भोजन बनाने की तैयारी कर रही थी। तभी जैसे ही चूल्हे में लाइटर लगाया गया अचानक से गैस सिलेंडर के चारों तरफ आग जलने लगी। आग बढ़ता देख रसोइयों ने किचन से बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। वहीं तेज लपटों के चलते पूरे किचन में आग की लपटें बढ़ने लगीं। तत्काल स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई।

### बंधा में नहाने गये बुजुर्ग की डुबने से मौत

सोनभद्र। सोनभद्र के रामपुर बरकोनिया थाना क्षेत्र अंतर्गत एक बुजुर्ग की बंधें में नहाते समय डूबने से मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार धनुषजग पुत्र स्व0 शम्भूराम उर्फ रीझन गांव बैजनाथ थाना रामपुर बरकोनिया सुबह लगभग 10 बजे नहाने के लिए घर के सामने टेस्वर बंधा जलाशय में गया हुए था। उक्त जलाशय में पानी अधिक होने के कारण नहाते समय गहरे पानी में जाने के कारण डूब गया। गहरे पानी में डूबने से युवक की मौत हो गयी। काफी देर तक जब धनुषजग नहाकर नहीं लौटा, तो परिजनों ने इसकी खोजबीन शुरू की बंधी के किनारे मृतक के कपड़े को देखकर लोगों को आशंका हुई, कि कहीं वह डूब तो नहीं गया। इसके बाद लोगों ने रामपुर बरकोनिया पुलिस को सूचना दी।

### अमेठी में शॉर्ट सर्किट से 20 बीघा गेहूं जला

अमेठी जिला। गर्मी आते ही आग लगने का सिलसिला शुरू हो गया है। अमेठी में आज दोपहर मुसाफिरखाना के दो गांवों मुबारकपुर और मठा रामपुर में शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। आग से आधा दर्जन किसानों की 20 बीघा गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने घंटो की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दरअसल ये पूरा मामला मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र मुबारकपुर गांव का है। यहां आज दोपहर करीब 12 बजे मुबारकपुर और मठा रामपुर गांव के बीच शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और आधा दर्जन किसानों की 20 बीघा गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों ने तत्काल घटना की जानकारी पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस ने फायर ब्रिगेड को जानकारी दी। जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

### रायबरेली में दबंगों ने किसानों को पीटा

रायबरेली। रायबरेली में बेखौफ दबंगों ने खेत में गेहूं काट रहे किसानों के साथ मारपीट की। मारपीट के बाद गेहूं की फसल ट्राली में लादकर मौके से फरार हो गए। पीड़ित इसकी शिकायत लेकर थाने पहुंचे, लेकिन थानेदार ने कोई कार्रवाई नहीं की। जिसके बाद पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर पीड़ितों ने न्याय की गुहार लगाई। पूरा मामला शिवगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत सीवन गांव का है। जहां मोहन लाल पुत्र हरिभजन अपने खेत में गेहूं की फसल काट रहा था। तभी विपक्षी अरुण कुमार अपने साथियों के साथ खेत में पहुंचकर गेहूं की कटी फसल को ले जाने लगे। जब किसान व उसकी पत्नी ने विरोध किया तो दबंगों ने दोनों को जमकर पीटा। इसके बाद ट्रैक्टर-ट्राली मंगवा कर गेहूं की फसल उठा ले गए। पीड़ित मोहनलाल ने आज एसपी कार्यालय पहुंचकर दबंगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# महाकुंभ-2025 : नए पावर स्टेशन, नई लाइनें, जगमग होगी कुंभ नगरी

## अखाड़ों की पेशवाई के मार्गों में बिछायी जा रही अंडर ग्राउंड केबिल

**प्रयागराज।** प्रयागराज में महाकुंभ-2025 को लेकर तैयारियां तेजी से धरातल पर उतरने लगी हैं। योगी सरकार की मंशा के अनुरूप शासन स्तर पर हर कार्य पर पैनी नजर रखी जा रही है। महाकुंभ क्षेत्र में बिजली, सड़क और पानी की बुनियादी व्यवस्था के साथ अन्य कार्यों में तेजी से प्रगति हो रही है। बिजली की व्यवस्था सुचारु रूप से करने के लिए नए पावर स्टेशन स्थापित करने के साथ नई लाइनें बिछायी जा रही हैं।



### अखाड़ों के पेशवाई मार्ग पर बिछायी जा रही अंडर ग्राउंड केबल

महाकुंभ की शुरुआत हिंदू सनातन धर्म के अखाड़ों से निकलने वाली शोभा यात्रा पेशवाई से होती है। इसमें अलग-अलग अखाड़े शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए लाव लश्कर के साथ भव्य जुलूस के साथ कुंभ क्षेत्र में प्रवेश करते हैं। पेशवाई के इन मार्गों में बिजली के पोल अक्सर असुविधा की वजह बन जाते हैं। ऐसे में इन्हे हटाया किया जा रहा है। पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के मुख्य अभियंता प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि पेशवाई के सभी मार्गों से बिजली के पोल हटाए जा रहे हैं। इसके लिए रक्षा मंत्रालय से अनुमति प्राप्त हो चुकी है। अब कुंभ क्षेत्र के परेड ग्राउंड और आसपास के इलाकों में अंडर ग्राउंड केबिल बिछाने का कार्य रफ्तार पकड़ चुका है। इसी तरह ट्रिपल आईटी चौराहे से एयरपोर्ट तक अंडर ग्राउंड केबिल बिछायी जा रही है।

### 140 करोड़ से हो रहे बिजली के स्थायी कार्य

महाकुंभ-2025 के मद्देनजर प्रशासन अक्टूबर तक सभी कार्य पूरे कर लेना चाहता है ताकि कोई कमी हो तो उसे समय रहते पूरा किया जा सके। इसी के तहत शहर में बिजली के स्थायी कार्यों को अमलीजामा पहनाया जा रहा है। इसके तहत शहर में 132 केवी की क्षमता के दो बिजली घर बनाए जा रहे हैं।

इसमें एक हेतापट्टी और दूसरा बेली का इलाका शामिल है। हेतापट्टी का बिजली घर चालू हो चुका है। वहीं बेली के स्टेशन को लेकर कार्यवाही चल रही है। इसके अलावा 94 वितरण परिवर्तक भी स्थापित हो चुके हैं।

# गोरखनाथ मंदिर की गोशाला में मुख्यमंत्री ने की गोसेवा



**गोरखपुर।** लोकसभा चुनाव के दायित्वों की व्यस्तता के बीच गोरखपुर प्रवास के दौरान शुक्रवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोसेवा में रमे रहे। गोरखनाथ मंदिर की गोशाला में जाकर उन्होंने गोवंश का हाल जाना और उन्हें अपने हाथों से रोटी-गुड़ खिलाया।

गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान गोशाला भ्रमण और गोसेवा सीएम योगी की दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा है। शुक्रवार सुबह भी मंदिर में गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन करने, अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर मत्था टेकने के बाद सीएम योगी गोशाला में पहुंचे और वहां कुछ समय व्यतीत किया। गोशाला में उन्होंने चारों तरफ भ्रमण करते हुए श्यामा, गौरी, गंगा, भोला आदि नामों से गोवंश को पुकारा। सीएम योगी की आवाज इन गोवंश के लिए जानी पहचानी है। प्यार भरी पुकार सुनते ही कई गोवंश दौड़ते-मचलते हुए उनके पास आ गए।

सीएम योगी ने सभी के माथे पर हाथ फेरा, उन्हें खूब दुलारा और अपने हाथों से उन्हें रोटी और गुड़ खिलाया। इस दौरान एक गोवंश एक छोटे से गेट के बाहर खड़ा था जबकि कुछ गाय गेट के अंदर की तरफ थीं। इस पर सीएम ने उसके मनोभाव को समझते हुए कहा -तेरी माई वहां है क्या। फिर उन्होंने गोवंश को खूब दुलारा और उसे तथा गेट के अंदर मौजूद गायों को गुड़ खिलाया। मुख्यमंत्री ने गोशाला के कार्यकर्ताओं से सभी गोवंश के स्वास्थ्य व पोषण की जानकारी ली और गर्मी के मौसम में विशेष देखभाल के लिए जरूरी निर्देश दिए।

# शराब के गोदाम से लाखों कैश और तीन असलहा चोरी

**इटावा में पुलिस गश्त की खुली पोल, डीएम-एसएसपी मौके पर पहुंचे, खुलासे को 4 टीमें गठित**

इटावा। इटावा बरेली हाइवे किनारे बीयर और अंग्रेजी व देशी शराब के गोदाम से लाखों की नकदी व तीन लाइसेंसी असलहा लेकर चोर फरार हो गए। गोदाम की छत से टीन हटाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है। घटना की जानकारी पर पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। डीएम, एसएसपी को मौके पर आना पड़ा, क्योंकि सरकारी शराब के गोदाम में चोरी का मामला है। एसएसपी ने चार टीमें गठित कर दी हैं। डीएम ने सीएफओ को गोदाम में फायर फाइटिंग सिस्टम न लगे होने पर कार्रवाई के निर्देश दिए। फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्र के दतावली के पास की घटना है।

इटावा के थाना फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस के द्वारा रात्रि में गश्त करने वाली टीम की पोल खुलती नजर आई। फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र के मंडी चौकी दतावली के पास शिवपाल पेट्रोल पंप के सामने बने अंग्रेजी व बीयर के गोदाम से चोरों ने 7 लाख 30 हजार की नकदी और गोदाम में रखी एक राइफल, एक डबल बैरल बंदूक और सिंगल बैरल बंदूक को चोरी कर लिया। इस मामले की जानकारी जब शुक्रवार सुबह कर्मचारियों को मिली तो उन्होंने इसकी जानकारी गोदाम मैनेजर मृदुल मिश्रा को दी मौके पर पहुंचे मैनेजर ने जब अंदर जाकर देखा तो अलमारी में रखें नगदी और सिक्योरिटी गार्ड की तीन बंदूक भी गायब मिली है। इसकी जानकारी फ्रेंड्स कॉलोनी थाना पुलिस को दी तो मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी।

फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस ने इसकी जानकारी उच्च अधिकारियों को दी मौके पर पहुंचे एसपी सिटी अभयनाथ त्रिपाठी, एसडीएम विक्रम राघव, सीओ सिटी अमित कुमार सिंह ने पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। मौके पर फॉरेंसिक टीम भी जांच पड़ताल के लिए बुलाई गई थी। अधिकारियों ने जानकारी की तो पता चला छत्त पर रखी टीन को खोलकर चोर गोदाम में उतरे।

### बहराइच में महिला का शव मिला

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच शहर में शुक्रवार को कोतवाली नगर के मोहल्ला धनकुट्टीपुरा निवासी एक महिला का शव उसके कमरे में फंदे से लटकता मिला। पुलिस सूत्रों ने बताया कि रूपईडीहा थाना क्षेत्र के बाबागंज बाजार निवासी विनीता का विवाह एक वर्ष पूर्व कोतवाली नगर के मोहल्ला धनकुट्टीपुरा निवासी अक्षय सैनी के साथ हुआ था। गुरुवार रात को महिला ने अज्ञात कारणों से फंदा लगाकर जान दे दी। शुक्रवार सुबह महिला के कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो परिवार के लोगों ने खिड़की से देखा, महिला का शव फंदे से लटक रहा था। इस पर पुलिस को सूचना दी गई। कोतवाली नगर के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पाण्डेय फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने वीडियोग्राफी के साथ शव को फंदे से नीचे उतरवाया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चयुरी में रखवा दिया है। कोतवाल ने बताया कि मायके के लोग अभी नहीं आए हैं। मायके के लोगों के प्रार्थना पत्र के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# दिल्ली-मुंबई और बंगलुरू की नई उड़ान को मंजूरी

## प्रयागराज एयरपोर्ट से जल्द नई फ्लाइटों का संचालन

**प्रयागराज।** हवाई सफर करने वालों के लिए अच्छी खबर है। प्रयागराज एयरपोर्ट से इसी महीने कई और उड़ान शुरू हो रहीं हैं। बंगलुरू, दिल्ली और मुंबई की फ्लाइटों के लिए डीजीसीए (नागर विमानन महानिदेशालय) ने स्वीकृति दे दी है।

एक मई से बंगलुरू-प्रयागराज वाया दिल्ली की उड़ान शूरू करने की तैयारी है।



इसका संचालन प्रतिदिन होगा। हर रोज यह फ्लाइट बंगलुरू से उड़ान भर प्रयागराज एयरपोर्ट आएगी। इसके बाद प्रयागराज दिल्ली जाएगी। दिल्ली से वापस प्रयागराज के लिए उड़ान भरेगी। इसी तरह मुंबई के लिए एक और फ्लाइट का होगा। एक उड़ान मुंबई से प्रयागराज आने के बाद वापस मुंबई जाएगी।

इसका संचालन 20 मई से शुरू होगा। दोनों नई उड़ानों की समय सारिणी इसी सप्ताह जारी की जाएगी। महाकुंभ से पहले 23 शहरों के बीच प्रयागराज से विमान सेवा उपलब्ध कराने की योजना है।

### शाम को दिल्ली से प्रयागराज आ सकेंगे लोग

दिल्ली-प्रयागराज के बीच एक और उड़ान शुरू की जा रही है। यह उड़ान दिल्ली, प्रयागराज वाया बिलासपुर होगी। दिल्ली से प्रयागराज फिर बिलासपुर जाने वाली फ्लाइट वापसी में बिलासपुर से दिल्ली होते हुए प्रयागराज होगी।

इसका फायदा यह होगा कि दिल्ली से प्रयागराज का सफर शाम को हो सकेगा। वर्तमान समय में एक विमान सुबह 9.35 बजे दिल्ली से आता है।

यही विमान 10 बजे बिलासपुर जाता है। इस फ्लाइट के शुरू हो जाने से दिल्ली से शाम के वक्त प्रयागराज आने वालों को राहत मिल जाएगी।

# दो मुंहा सांप की तस्करी करने वाले तीन लोग गिरफ्तार

## अंतरराष्ट्रीय बाजार में सांप की कीमत 35 लाख रुपए, आरोपी यूपी और हरियाणा के रहने वाले

**शामली।** शामली जनपद के आदर्श मंडी थाना पुलिस में जंगली जानवरों की तस्करी करने वाले गिरोह के तीन लोगों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों के पास से एक दो मुंहा सांप को भी पुलिस ने बरामद किया है। पकड़े गए आरोपी यूपी और हरियाणा के रहने वाले हैं। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। आपको बता दे की लोकसभा चुनाव के मध्य नजर रखते हुए पुलिस हर जगह चेकिंग अभियान चला रही है, जिसके चलते आज आदर्श मंडी थाना पुलिस ने 20 लाख रुपए के लूटने की झूठी सूचना मिलने पर गंभीरता से मामले का अनावरण करने के दौरान तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए तीनों आरोपी सोनू पुत्र सीताराम निवासी कोला खेड़ी थाना तितोरो जनपद सहारनपुर ,मंगत पुत्र चमन लाल सिंह निवासी छोटा बांश निकट बगाना चौक थाना रादौर जनपद यमुनानगर, हरियाणा, अंकित उप भूरा पुत्र राजेंद्र निवासी गाव झाल थाना कोतवाली शामली के रहने वाले हैं।



पकड़े गए आरोपियों के पास से पुलिस ने दो मुंह वाला सांप भी बरामद किया है। जिसकी अंतर्राष्ट्रीय कीमत करीब 30 से 35 लाख रुपए बताई जा रही है। घटना के संबंध में आदर्श मंडी थाना पुलिस ने वन विभाग को सूचना देते हुए आगे की वैधानिक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दिया तो वहीं तीनों आरोपियों के अपराधी के इतिहास खंगालने और अन्य कितने प्रतिबंधित जीवित जानवरों की तस्करी कर चुके उसकी भी जांच पड़ताल कर रही है।

इस मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक का कहना है कि दो लोगों ने अपने साथ हुए 20 लाख रुपए की लूट की सूचना दी थी जिसमें पुलिस ने गंभीरता से जांच पड़ताल करते हुए पाया कि लूट की सूचना झूठी है और सूचना देने वाले को हिरासत में लेकर जब पूछताछ की गई तो वह लोग शामली के ही रहने वाले भूरा नाम के युवक के साथ प्रतिबंधित जीवों की तस्करी करने का काम करते हैं। इनके कब्जे से दो मुंह वाला सांप भी बरामद हुआ है। जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 30 से 35 लाख रुपए की बताई जा रही है।

# बस्ती में सड़क हादसे में 2 युवकों की मौत

## बाइक से घूमने के लिए निकले थे दोनों दोस्त, ट्रक ने रौंद दिया

एजेंसी

**बस्ती।** बस्ती में दो युवकों को ट्रक ने टक्कर मार दी। जिसके चलते दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भानपुर ले जाया गया। जहां उपचार के दौरा दोनों युवकों की मौत हो गई, दोनों युवक दोस्त थे और बाइक से घूमने निकलते थे। घटना सोनहा थाना क्षेत्र के कोहड़ा की है।

अर्जुन कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनका छोटा भाई हीरालाल (21) गांव के ही रहने वाले अपने दोस्त सत्यम 22 के साथ बाइक से घूमने के लिए भानपुर गया था। वापस आते समय असनहरा पेट्रोल पंप के समीप सिद्धार्थनगर की तरफ से आ रही ट्रक ने उनकी बाइक में ठोकर मार दिया। जिसके चलते दोनों गंभीर रूप से घायल हो जिन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान दोनों ने दम तोड़ दिया। अर्जुन ने बताया कि हीरालाल 4 भाइयों में सबसे छोटा था। इंटर तक पढ़ाई करने के बाद वह घर पर ही किराने की दुकान संचालित करता था।

# बिजनौर में चौकीदार की पीट-पीटकर हत्या

## शराब देने से मना करने पर 5 लोगों ने मारा

बिजनौर। बिजनौर के फतेहपुर कला में देसी शराब की दुकान पर चौकीदार की अज्ञात बदमाशों ने पीट पीट कर हत्या कर दी। हत्यारों ने बंद दुकान से शराब नहीं देने पर वारदात को अंजाम दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

यह पूरा मामला बिजनौर के हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र का है। जहां के फतेहपुर कला गांव में फतेहपुर गंज रोड पर देसी शराब की दुकान है। क्षेत्र के गांव चक गढ़ी निवासी सोनू पुत्र स्वर्गीय श्याम लाल 42 वर्ष 2 सालों से गंज फतेहपुर रोड स्थित देसी ठेका



शराब की दुकान पर चौकीदारी करता था।

देसी ठेका शराब की दुकान का सेल्समेन वीरेंद्र सिंह उर्फ गोविंद गांव शेखपुरा थाना मंडावर रोजाना की तरह शराब की दुकान बंद करके चौकीदार के साथ दुकान के ऊपर बने दो मंजिला मकान पर सोने के लिए जा रहे थे।

### अमरोहा में नहर में डूबे युवक का मिला शव

अमरोहा। अमरोहा के नौगांवा सादात इलाके में गुरुवार को राम गंगा पोषक नहर में डूबे युवक का शव शुक्रवार नहर से बरामद हुआ। परिजन उसकी तलाश में जुटे थे। परिजनों के मुताबिक युवक अपने तीन दोस्तों के साथ गांव के पास से गुजर रही नहर में नहाने गया था। उसके डूबने के बाद से उसके दोस्त फरार हैं। उधर पुलिस को मामले की जानकारी नहीं दी गई है। मिली जानकारी के मुताबिक नौगांवा सादात इलाके के गांव नौगांवा तगा निवासी 18 वर्षीय युवक आरिफ एक दिन पहले अपने गांव निवासी तीन दोस्तों के साथ गांव के पास से गुजर रही राम गंगा पोषक नहर में नहाने गया था। नहाते वक्त वह डूब गया। आरोप है कि घटना के बाद उसके दोस्त गांव आ गए लेकिन किसी को घटना के बारे में नहीं बताया।

# बंद मकान में चल रहा था असलहा बनाने का कारखाना

## मुजफ्फरनगर पुलिस ने चार को किया गिरफ्तार, 54 बने और 106 अधबने तमंचे बरामद

मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर की बुढ़ाना थाना पुलिस ने बंद मकान में चल रही असलहा बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। चार आरोपियों को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में बना और अधबना तमंचा बरामद किया है। पकड़े गए आरोपी में से एक के अपहरण का मुकदमा दोघट थाने में दर्ज है।

पुलिस लाइन सभागार में एसपी देहात आदित्य बंसल ने बताया, एक सूचना के आधार पर बुढाना कोतवाली प्रभारी आनंद देव मिश्रा ने बुढ़ाना शुगर मिल के पीछे स्थित एक बंद मकान में छापा मारा था, जहां असलहा बनाने की फैक्ट्री चल रही थी। पुलिस ने मौके से चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही 54 बने और 106 अधबने तमंचे बरामद किए हैं।



एसपी देहात के मुताबिक, पकड़ा गया एक आरोपी जाबिर निवासी जोला गांव थाना बुढ़ाना हिस्ट्रीशीटर बदमाश है और उसके खिलाफ 13 मुकदमे दर्ज हैं, जबकि शौकत निवासी निरपुडा थाना दोघट जिला बागपत के खिलाफ दो, महबूब निवासी जौला गांव थाना बुढाना पर दो और सुभाष निवासी शाहपुर बटावली थाना बहसूमा जिला मेरठ पर एक मुकदमा दर्ज है। एसपी देहात ने बताया, लोकसभा चुनाव को देखते हुए आरोपी हथियार बना रहे थे, ताकि डिमांड आने पर सप्लाई कर सकें। उधर, पकड़े गए आरोपी शौकत का दोघट थाना जिला बागपत में अपहरण का मुकदमा दर्ज है। एसपी देहात का कहना है कि इस मामले में बागपत पुलिस से पता किया जा रहा है कि शौकत की गुमशुदगी का मुकदमा दोघट थाने में किस तारीख में दर्ज हुआ था।

# नीतिगत दरें सातवीं बार यथावत; नहीं कम होंगी कार और घर की ईएमआई


मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आर्थिक गतिविधियों में जारी तेजी का हवाला देकर महंगाई पर कड़ी नजर रखते हुये नीतिगत दरों को आज लगातार सतावीं बार यथावत रखने के निर्णय से कार और घर की ईएमआई कम होने की उम्मीद लगाये आम लोगों को निराशा हाथ लगी।

मई 2022 से 250 आधार अंकों तक लगातार छह बार दर वृद्धि के बाद पिछले वर्ष अप्रैल में दर वृद्धि चक्र को रोक दिया गया था और यह अभी भी इसी स्तर पर है।

आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को चालू वित्त वर्ष की पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए कहा कि मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने नीतिगत दरों को यथावत बनाए रखने का फैसला किया है। इसके मद्देनजर रेपो दर के साथ ही सभी प्रमुख दरें यथावत हैं। साथ ही समायोजन के रुख को वापस लेने का निर्णय लिया गया है।

समिति के इस निर्णय के बाद फिलहाल नीतिगत दरों में बढोतरी नहीं होगी। रेपो दर 6.5 प्रतिशत, स्टैंडर्ड जमा सुविधा दर (एसडीएफआर) 6.25 प्रतिशत, मार्जिनल स्टैंडिंग सुविधा दर (एमएसएफआर) 6.75 प्रतिशत, बैंक दर 6.75 प्रतिशत, फिक्स्ड रिजर्व रेपो दर 3.35 प्रतिशत, नकद आरक्षित अनुपात 4.50 प्रतिशत, वैधानिक तरलता अनुपात 18 प्रतिशत पर यथावत है।

दास ने कहा कि निश्चित निवेश और वैश्विक माहौल में सुधार से समर्थन मिलने की बदौलत घरेलू आर्थिक गतिविधियों का तेज गति से विस्तार जारी है। दूसरे अग्रिम अनुमान (एसएई) ने 2023-24 के लिए वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत रखी। यह लगातार तीसरा वर्ष है जब वृद्धि दर सात प्रतिशत या उससे अधिक रहेगी। दक्षिण-पश्चिम मानसून के सामान्य रहने की उम्मीद, रबी गेहूं की अच्छी फसल और खरीफ फसलों की बेहतर संभावनाओं के साथ कृषि और ग्रामीण गतिविधियों में तेजी रहने की उम्मीद है।



ग्रामीण मांग में मजबूती, रोजगार की स्थिति और अनौपचारिक क्षेत्र की गतिविधि में सुधार होने, मुद्रास्फीति के दबाव में कमी आने और विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्र में निरंतर मजबूती से निजी खपत को बढ़ावा मिलने का अनुमान है।

आरबीआई के सर्वेक्षण के अनुसार, एक साल पहले उपभोक्ता विश्वास एक नई ऊंचाई पर पहुंच गया था। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में हमारे बढ़ते एकीकरण के साथ-साथ वैश्विक विकास और व्यापार संभावनाओं में सुधार से वस्तुओं और सेवाओं की बाहरी मांग बढ़ने की उम्मीद है। हालांकि लंबे समय तक भू-राजनीतिक तनाव और व्यापार मार्गों में बढ़ते व्यवधान से उत्पन्न विपरीत परिस्थितियां दृष्टिकोण के लिए जोखिम पैदा करती हैं। इन सभी कारकों को ध्यान में रखते हुए वित्त वर्ष 2024-25 के लिए वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर 7.0 प्रतिशत रहने का अनुमान है। साथ ही चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 7.1 प्रतिशत, दूसरी तिमाही में 6.9 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 7.0 प्रतिशत और चौथी तिमाही में भी 7.0 प्रतिशत पर रहने का अनुमान है।

आरबीआई गवर्नर ने कहा कि खाद्य मूल्यों की अनिश्चितताएं आगे चलकर महंगाई पर दबाव डाल रही हैं। हालांकि रबी गेहूं का रिकॉर्ड उत्पादन मूल्य दबाव को कम करने और बफर स्टॉक को फिर से भरने में मदद करेगा। इसके अलावा मानसून के सामान्य रहने की उम्मीद खरीफ सीजन के लिए अच्छे संकेत हैं। अंतर्राष्ट्रीय खाद्य कीमतें भी नरम बनी हुई हैं।

आने वाले महीनों में सामान्य से अधिक तापमान के पूर्वानुमान को देखते हुए दालों की कुछ श्रेणियों में मांग के अनुरूप आपूर्ति में कमी की स्थिति और प्रमुख सब्जियों के उत्पादन परिणामों पर कड़ी निगरानी की आवश्यकता है। वहीं, प्रतिकूल जलवायु झटके अंतरराष्ट्रीय और घरेलू खाद्य कीमतों के के लिए महत्वपूर्ण जोखिम पैदा करते हैं।

दास ने कहा कि मार्च में एलपीजी की कीमतों में कटौती के बाद निकट अवधि में ईंधन में अपस्फीति गहराने की संभावना है। मार्च के मध्य में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कटौती के बावजूद कच्चे तेल की कीमतों में हालिया बढ़ोतरी पर बारीकी से नजर रखने की जरूरत है। निरंतर भू-राजनीतिक तनाव भी जिंसों की कीमतों और आपूर्ति श्रृंखलाओं के लिए जोखिम पैदा करते हैं। उन्होंने कहा कि मानसून को सामान्य मानते हुए वित्त वर्ष 2024-25 के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा महंगाई के 4.5 प्रतिशत पर रहने का अनुमान है।

साथ ही चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में महंगाई के 4.9 प्रतिशत, दूसरी तिमाही में 3.8 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 4.6 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 4.5 प्रतिशत पर रहने की संभावना है।

## शार्ट न्यूज

### अंबर ग्रुप यूजिन मशीनरी के साथ मिल कर बनायेगा रोलिंग स्टॉक के कल-पुर्जे

नयी दिल्ली। अंबर ग्रुप की अनुषंगी कंपनी एटी रेवले सब सिस्ट्मस प्रा.लि. ने देश में विभिन्न रेलवे प्रणालियों के लिये रोलिंग स्टॉक में काम आने वाले कल-पुर्जों और उपकरणों के डिजाइन और निर्माण के लिये दक्षिण कोरिया की कंपनी यूजिन मशीनरी लिमिटेड के साथ भारत में संयुक्त उद्यम में प्रवेश किया है। कंपनी की शुक्रवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार यह नया संयुक्त उद्यम हाई-स्पीड ट्रेन, मेट्रो ट्रेन, रीजनल रैपिड ट्रांज़िट रेल सिस्टम, वंदेभारत ट्रेन, ट्रैम आदि के रोलिंग स्टॉक के लिये ड्राइविंग गियर्स, कपलर्स और पेंटाग्राफ के डिज़ाइन, विकास और विनिर्माण करेगा। इस संयुक्त उद्यम में एटी रेलवे सब-सिस्टम्स की बहुमत की हिस्सेदारी होगी। इस करार के तहत देश में ड्राइविंग गियर्स, कपलर्स और पेंटाग्राफ के निर्माण के लिये ज़रूरी तकनी की जानकारी हासिल हो सकेगी। अम्बर समूह रेलवे के रोलिंग स्टॉक के लिये एचवीएसी, पेंट्री, डोर्स एवं गैंगवे के विनिर्माण के कारोबार में पहले से जुड़ा है। अंबर एंटरप्राइज़ेज इंडिया लिमिटेड के प्रवक्ता ने कहा, हमें ख़ुशी है कि इस संयुक्त उद्यम के माध्यम से हमें युजिन के साथ जुड़ने का अवसर मिला है। हम इससे अपनी संयुक्त क्षमताओं का उपयोग कर हम भारत के तेज़ी से विकसित होते रेलवे सिस्टम में मुख्य रोलिंग स्टॉक के विभिन्न कल पुर्जों के प्रमुख विनिर्माता के रूप में अपनी स्थिति को और मजबूत कर सकेंगे। कंपनी के मुताबिक भारत में रेलवे सब-सिस्टम का बाजार तकरीबन 75,000-80,000 करोड़ रुपये है।

### निप्पॉन पेंट ने गुरुग्राम से शुरू की 'मास्टरक्राफ्ट' वाहन पेंट, रिपेयर सुविधा

गुरुग्राम/ नयी दिल्ली। रंग-रोगन बनाने वाली एशिया पैसिफिक क्षेत्र की अग्रणी कंपनी निप्पॉन पेंट ने शुक्रवार को गुरुग्राम में आधुनिक सुविधाओं से लैस 'मास्टरक्राफ्ट' वाहन बॉडी एवं पेंट रिपेयर सुविधा शुरू की। मास्टरक्राफ्ट जापानी शुद्धता एवं टेक्नोलॉजी आधारित अनुकरणीय बॉडी एवं पेंट वर्क, कार डेकोरेशन सर्विसेज़ और अल्ट्रा-फास्ट वेलोसिटी रिपेयर का वादा करता है। पहले मास्टरक्राफ्ट स्टोर को गुरुग्राम में स्थापित किया गया है। निप्पॉन पेंट इंडिया के निदेशक एवं अध्यक्ष (ऑटोमोटिव रिफिनिशेस) शरद मल्होत्रा ने इस मौके पर कहा, मास्टरक्राफ्ट की शुरुआत कुशल एवं हरित ऑटोमोटिव आफ्टरमार्केट पेंट सॉल्यूशंस उपलब्ध कराने के लिये भारतीय बाजार के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। हम अपने अंतरराष्ट्रीय अनुभव और टेक्नोलॉजी का उपयोग कर अपने वर्ग में अनूठी एवं सर्वोत्तम सेवायें उपलब्ध कराना चाहते हैं, जिसमें से कई सेवायें अभी भारत में सामान्यत- उपलब्ध नहीं हैं। उन्होंने कहा कि कंपनी भारत में मास्टरक्राफ्ट स्टोर नेटवर्क का विस्तार करेगी। गुरुग्राम में एन-स्क्वायर ऑटोमोटिव सर्विसेज़ द्वारा परिचालित मास्टरक्राफ्ट गुरुग्राम, दिल्ली, गुरुग्राम और एनसीआर के ग्राहकों को सेवा प्रदान करेगा। कंपनी का कहना है कि यह ऐसे वाहन मालिकों को सेवाये प्रदान करेगा जो वहनों की पेंटिंग रिपेयरिंग को पूरी तरह त्रुटिहीन ढंग से देखना चाहते हैं।

### विदेशी मुद्रा भंडार 2.95 अरब डॉलर बढ़कर 645.6 अरब डॉलर पर

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और स्वर्ण में जबरदस्त बढोतरी होने से 29 मार्च को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.95 अरब डॉलर बढ़कर लगातार छठे सप्ताह चढ़ता हुआ 645.6 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 14 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 642.6 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 29 मार्च को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 2.4 अरब डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 570.62 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 67.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 52.2 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 7.3 करोड़ डॉलर की कमी हुई और यह घटकर 18.12 अरब डॉलर रह गया। इसी तरह इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि 20 लाख डॉलर कम होकर 4.7 अरब डॉलर पर आ गया।

### मैकडॉनल्ड्स ने इस्राइल में सभी रेस्तरां खरीदे

नई दिल्ली। मैकडॉनल्ड्स ने घोषणा की कि वह अलोन्याल लिमिटेड से अपनी 30 वर्षीय इस्राइली फ्रैंचाइज़ी खरीदेगा और 5,000 से अधिक व्यक्तियों को रोजगार देने वाले 225 आउटलेट्स के स्वामित्व को फिर से हासिल करेगा। अलजजीरा ने अपनी एक रिपोर्ट में यह बात कही। फिलिस्तीनी समूह हमास की ओर से 7 अक्टूबर को किए गए हमले के बाद इस्राइली सेना को मुफ्त भोजन प्रदान करने की अलोन्याल की घोषणा के बाद, अमेरिकी फास्ट-फूड श्रृंखला को बहिष्कार और विरोध प्रदर्शनों का सामना करना पड़ा था। माना जा रहा है कि इसी कारण यह फैसला लिया गया है। मैकडॉनल्ड्स एक वैश्विक कंपनी है, इसके फ्रेंचाइजी आमतौर पर स्थानीय रूप से स्वामित्व में हैं और स्वतंत्र रूप से काम करते हैं। अलजजीरा के अनुसार, इसके सीईओ, क्रिस केम्पजिंसकी ने पहले कहा था कि कंपनी ने इस्राइल-हमास संघर्ष के कारण मध्य पूर्व के कई बाजारों और क्षेत्र के बाहर कुछ जगहों पर कारोबार पर सार्थक व्यावसायिक प्रभाव पड़ा है। उच्चतम न्यायालय ने ई-गेमिंग कंपनियों पर 28 प्रतिशत वस्तु एवं सेवा कर लगाये जाने के विरुद्ध नौ उच्च न्यायालयों में दाखिल याचिकाओं पर प्रामाणिक निर्णय संबंधी केंद्र की याचिका शुक्रवार को स्वीकार कर ली तथा सभी याचिकाएं अपने पास हस्तांतरित कर ली।

### निवेशकों के साथ विवाद पर बोला बायजू, एनसीएलटी में हो मध्यस्थता

मुंबई। एडटेक स्टार्टअप बायजू फिलहाल वित्तीय संकट से जूझ रही है। एडटेक फर्म थिंक एंड लर्न- बायजू के सह-संस्थापक बायजू रवींद्रन ने गुरुवार को मांग की कि नाराज निवेशकों से जुड़े मामले को मध्यस्थता के लिए भेजा जाए। बायजू ने एनसीएलटी के समक्ष निवेशक परिषद के आरोपों का विरोध किया कि कंपनी ने अधिकृत शेयर पूंजी बढ़ाने की प्रक्रिया पूरी किए बिना राइट इश्यू निवेशकों को शेयर जारी करके ट्रिब्यूनल के आदेश का उल्लंघन किया है। कंपनी की अधिकृत शेयर पूंजी बढ़ाने के लिए 29 मार्च को एक असाधारण आम बैठक (ईजीएम) आयोजित की गई, जिसके बाद एनसीएलटी बेंगलुरु पीठ के समक्ष यह पहली सुनवाई थी। वित्तीय संकट से जूझ रही एडटेक स्टार्टअप बायजू के सह-संस्थापक बायजू रवींद्रन अब अरबपति नहीं रहे। लर्निंग एप के जरिये शिक्षा जगत में क्रांति लाने वाले रवींद्रन अब अर्श से फर्श पर पहुंच गए हैं। उनकी संपत्ति महज एक साल में 17,545 करोड़ रुपये से घटकर शून्य हो गई है। इसके साथ ही, फोर्ब्स ने अपनी वैश्विक अरबपतियों की सूची-2024 से उन्हें बाहर कर दिया है। एक साल पहले फोर्ब्स ने ही रवींद्रन को सबसे युवा भारतीय अरबपति बताया था। फोर्ब्स के मुताबिक, लगातार संकट की वजह से कंपनी के हालात काफी बिगड़ गए हैं।

### एपल ने 600 से ज्यादा कर्मचारियों को नौकरी से निकाला

कैलिफोर्निया। अमेरिकी कंपनी एपल ने अपने 600 से ज्यादा कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। कंपनी ने कार और स्मार्टवॉच डिस्प्ले प्रोजेक्ट बंद करने के बाद इन पर काम कर रहे एंप्लॉइज की छंटनी की है। ब्लूमबर्ग के मुताबिक, एपल ने कैलिफोर्निया एम्प्लॉयमेंट डेवलपमेंट डिपार्टमेंट को दिए अलग-अलग 8 फाइलिंग में यह जानकारी दी है। रिपोर्ट में बताया गया है कि नेक्स्ट जनरेशन स्क्रीन डेवलपमेंट प्रोग्राम में सीक्रेट प्लेस पर काम कर रहे 87 लोग और कंपनी के कार प्रोजेक्ट का हिस्सा रहे लोगों को कंपनी ने फायर किया है। कैलिफोर्निया में नियमों के मुताबिक कर्मचारियों को प्रभावित करने वाले हर फैसले की जानकारी एम्प्लॉइज डिपार्टमेंट को देनी होती है। रिपोर्ट के मुताबिक, कैलिफोर्निया के सांता क्लारा में एपल के मेन कार रिलेटेड ऑफिस में 371 कर्मचारियों के अलावा कई अन्य सैटेलाइट ऑफिस में लोगों की छंटनी हुई है। वहीं, कई लोगों को कंपनी के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और पर्सनल रोबोटिक्स डिपार्टमेंट्स में ट्रांसफर कर दिया गया है। इन प्रोजेक्ट्स के बंद होने के चलते करीब 2000 कर्मचारी प्रभावित हुए हैं।

# अब यूपीआई से भी बैंक खातों में जमा होंगे रुपये

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने यूपीआई (एकीकृत भुगतान इंटरफेस) की बढ़ती लोकप्रियता और स्वीकार्यता को ध्यान में रखते हुए इस पर उपलब्ध सुविधाओं का विस्तार करने का निर्णय लिया है, जिसके तहत अब ग्राहक यूपीआई के माध्यम से भी बैंक खातों में रुपये जमा करा सकेंगे।

आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को चालू वित्त वर्ष की पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए कहा कि बैंकों द्वारा लगाई गईं नकदी जमा मशीनें (सीडीएम) बैंक शाखाओं पर नकदी-हैंडलिंग भार को कम करते हुए ग्राहक सुविधाओं को बढ़ाती हैं। नकद जमा की सुविधा वर्तमान में केवल डेबिट कार्ड के उपयोग के माध्यम से उपलब्ध है।

यूपीआई की लोकप्रियता और स्वीकार्यता को देखते हुए तथा एटीएम पर कार्ड-रहित नकदी निकासी के लिए यूपीआई की उपलब्धता से देखे गए लाभों को ध्यान में रखते हुए अब यूपीआई के उपयोग के माध्यम से नकद जमा की सुविधा प्रदान करने का प्रस्ताव है। इस संबंध में आवश्यक निर्देश शीघ्र ही जारी किए जाएंगे।

दास ने बताया कि वर्तमान में यूपीआई से भुगतान बैंक के यूपीआई ऐप के माध्यम से बैंक खाते को लिंक करके या किसी तीसरे पक्ष के यूपीआई एप्लिकेशन का उपयोग करके किया जा सकता है।

हालांकि पीपीआई (प्रीपेड पेमेंट इंस्ट्रूमेंट्स) के लिए वही सुविधा उपलब्ध नहीं है। पीपीआई का उपयोग वर्तमान में केवल पीपीआई जारी करने वाले के एप्लिकेशन का उपयोग करके यूपीआई लेनदेन करने के लिए किया जा सकता है।

पीपीआई ग्राहकों को और अधिक सुविधा प्रदान करने के लिए अब तीसरे पक्ष के यूपीआई के इस्तेमाल के माध्यम से पीपीआई को जोड़ने की अनुमति देने का प्रस्ताव है। इससे पीपीआई धारक बैंक खाताधारकों की तरह यूपीआई भुगतान करने में सक्षम होंगे।

आरबीआई गवर्नर ने बताया कि अधिक उपयोग के मामलों और अधिक भाग लेने वाले बैंकों के साथ खुदरा और थोक क्षेत्रों में सीबीडीसी पायलट परियोजना चल रही है। इसे आगे भी जारी रखते हुए गैर-बैंक भुगतान प्रणाली ऑपरेटरों को सीबीडीसी वॉलेट की पेशकश करने और सीबीडीसी-खुदरा को उपयोगकर्ताओं के एक बड़े वर्ग के लिए लगातार सुलभ बनाने का प्रस्ताव है। इसे और सुविधाजनक बनाने के लिए तंत्र में आवश्यक बदलाव किए जाएंगे।

# रेपो दर लगातार सातवीं बार 6.5 प्रतिशत पर यथावत

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने आर्थिक गतिविधियों में जारी तेजी का हवाला देते हुये एवं महंगाई पर कड़ी नजर रखते हुये लगातार सतावीं बार नीतिगत दर को यथावत रखने का फैसला किया है जिससे ब्याज दरों में कमी की उम्मीद लगाये आम लोगों को निराशा हाथ लगी है। मई 2022 से 250 आधार अंकों तक लगातार छह बार दर वृद्धि के बाद पिछले वर्ष अप्रैल में दर वृद्धि चक्र को रोक दिया गया था और यह अभी भी इसी स्तर पर है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को चालू वित्त वर्ष की पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए कहा कि मौद्रिक नीति समिति ने मौद्रिक नीति को यथावत बनाए रखने का फैसला किया है। इसके मद्देनजर रेपो दर के साथ ही सभी प्रमुख नीतिगत दरें यथावत हैं और समायोजन के रूख को वापस लेने का निर्णय लिया है। समिति के इस निर्णय के बाद फिलहाल नीतिगत दरों में बढोतरी नहीं होगी। रेपो दर 6.5 प्रतिशत, स्टैंडर्ड जमा सुविधा दर 6.25 प्रतिशत, बैंक दर 6.75 प्रतिशत, फिक्स्ड रिजर्व रेपो दर 3.35 प्रतिशत, वैधानिक तरलता अनुपात 18 प्रतिशत पर यथावत है।

# एसजेवीएन को निर्माण उद्योग का 15वां विश्वकर्मा पुरस्कार

**नयी दिल्ली।** सरकार की क्षेत्र की कंपनी सतलुज जल विद्युत निगम लिमिटेड (एसजेवीएन) को सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिये शुक्रवार को निर्माण उद्योग विकास परिषद (सीआईडीसी) के 15वें विश्वकर्मा पुरस्कार-2024 से सम्मानित किया गया।

विद्युत मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार कंपनी को इस पुरस्कार के तहत %सीआईडीसी पार्टनर्स इन प्रोग्रेस ट्रॉफी% और 'सामाजिक विकास एवं समाज पर सकारात्मक-प्रभाव सृजित करने के लिये पुरस्कार' से सम्मानित किया है। सीआईडीसी-विश्वकर्मा पुरस्कार राष्ट्र के स्वस्थ विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले संगठनों और व्यक्तियों को दिया जाता है।

यहां इंडिया हैबिटेट सेंटर में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में एसजेवीएन के मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) बलजीत सिंह ने कंपनी की ओर ये यह पुरस्कार प्राप्त किया। एसजेवीएन की अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक और सीएसआर फाउंडेशन की अध्यक्ष गीता कपूर ने एक बयान में कहा कहा कि यह पुरस्कार नवोन्मेषी और ठोस कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) की पहलों के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के प्रति एसजेवीएन की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। कंपनी को लगातार तीसरे वर्ष यह पुरस्कार मिला है। एसजेवीएन अपने सामाजिक कार्य पंजीकृत ट्रस्ट 'एसजेवीएन फाउंडेशन' के जरिए करती है और इसके माध्यम से अब तक सामाजिक विकास के लिए तरह-तरह की परियोजनाओं पर 450 करोड़ रुपये से अधिक खर्च कर चुकी है।

# श्यामा प्रसाद मुखर्जी बंदरगाह कोलकाता से माल चढ़ाने-उतारने का नया कीर्तिमान

कोलकाता। कोलकाता के श्यामा प्रसाद मुखर्जी बंदरगाह (एसएमपी-कोलकाता) पर वर्ष 2023-24 के दौरान 6.64 करोड़ टन माल चढ़ाया-उतारा गया। यह इस बंदरगाह के 154 साल के इतिहास में एक नया कीर्तिमान बनाया है। यह जानकारी शुक्रवार को एक सरकारी विज्ञप्ति में दी गयी

श्यामा प्रसाद मुखर्जी बंदरगाह के अंतर्गत कोलकाता गोदी प्रणाली (केडीएस) और हल्दिया गोदी परिसर (एचडीसी) दोनों आते हैं। यह 2022-23 के दौरान इस बंदरगाह से कुल 6.57 करोड़ टन माल लाया-ले जाया गया था जो एक रिकार्ड था। इस तरह इस बार इस बंदरगाह की दोनों गोदियों से पिछले कीर्तिमान से 1.11 प्रतिशत अधिक माल चढ़ाया-उतारा गया।



एसएमपी-कोलकाता के अध्यक्ष रथेंद्र रमन ने बंदरगाह पर माल चढ़ाने उतारने के इस नए रिकार्ड का श्रेय इन गोदियों की उत्पादकता, वहां सुरक्षा उपायों, व्यवसाय के विस्तार के और समग्र क्षमता के उपयोग को बढ़ाने हेतु शुरू की गयी विभिन्न रणनीतिक पहलों को दिया।

रमन ने कहा कि वर्ष 2023-24 के दौरान हल्दिया गोदी परिसर ने 4.95 करोड़ टन माल चढ़ानेङ्कउतारने का कार्य किया, जो इसकी स्थापना के बाद से अब तक का सबसे ऊंचा आंकड़ा है। वर्ष 2022-23 में वहां से 4.86 करोड़ टन माल चढ़ाया-उतारा गया था और एक रिकार्ड था। इस तरह इस बार वहां के जरिए माल ढुलाई में 1.91 प्रतिशत की वृद्धि रही।

इसके विपरीत कोलकाता गोदी परिसर में 2023-24 के दौरान 1.68 करोड़ टन चढ़ानेङ्कउतारने का कार्य किया गया।

कोलकाता बंदरगाह को 2023-24 के दौरान 501.73 करोड़ रुपये की शुद्ध बचत हुई। यह इससे पिछले वर्ष के 304.07 करोड़ रुपये के शुद्ध अधिशेष से 65 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाता है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि एसएमपी कोलकाता माल संभालने की क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से बड़े पैमाने पर पीपीपी परियोजनाओं पर जोर दे रहा है।

# कमजोर रहा शेयर बाजार का प्रदर्शन

एजेंसी

मुंबई। अमेरिका में ब्याज दर समायोजन को लेकर कायम अनिश्चितता से विश्व बाजार में आई गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर आईटी और टेक समूह के करीब आधी फीसदी तक टूटने से आज शेयर बाजार का रुख कमजोर रहा।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 20.59 अंक की मामूली बढ़त के साथ 74,248.22 अंक पर रहा।

वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी गिरावट के साथ 22,513.70 अंक पर सपाट बंद हुआ।

हालांकि बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में हुई लिवाली ने बाजार को संभाला। इस दौरान मिडकैप 0.50 प्रतिशत की तेजी के साथ 40,830.54 अंक और स्मॉलकैप 0.50 प्रतिशत मजबूत होकर 46,032.71 अंक के सार्वकालिक रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ।

इस दौरान बीएसई में कुल 3948 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2424 में लिवाली जबकि 1424 में बिकवाली हुई वहीं 100 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 20 कंपनियों में तेजी जबकि शेष 28 में गिरावट रही।




विश्लेषकों के अनुसार, कुछ प्रतिकूल परिस्थितियां सामने आई हैं, जो शेयर बाजार को प्रभावित करने की क्षमता रखती हैं।

पहली ईरान और इजराइल के बीच झड़प और दूसरी चिंता यह है कि अमेरिकी केंद्रीय बैक फेडरल रिजर्व से अपेक्षित दर में कटौती तीन से कम हो सकती है और पहली कटौती अक्टूबर में ही संभव हो सकती है। अमेरिका में आज जारी होने वाले रोजगार आंकड़ों का नीतिगत दरों के निर्धारण पर असर रहेगा।

मध्य-पश्चिम की झड़पों ने ब्रेंट क्रूड को 91 डॉलर प्रति बैरल तक बढ़ा दिया है। यदि कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि जारी रही तो यह भारत के लिए व्यापक प्रतिकूल स्थिति उत्पन्न कर सकता है।

इससे बीएसई के नौ समूहों पर बिकवाली का दबाव रहा। इनमें कमोडिटीज 0.10, ऊर्जा 0.02, आईटी 0.44, ऑटो 0.17, कैपिटल गुड्स 0.22, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.05, धातु 0.11, तेल एवं गैस 0.15 और टेक समूह के शेयरों में 0.51 प्रतिशत की गिरावट शामिल है।

अंतर्राष्ट्रीय बाजारों के शेयरों में भी गिरावट का रुख रहा। ब्रिटेन का एफटीएसई 0.94, जर्मनी का डैक्स 1.60, जापान का निक्केई 1.96, दक्षिण कोरिया का कोस्पी 1.01, हांगकांग का हैंगसेंग 0.01 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.18 प्रतिशत लुढ़क गया।

# सॉवरेन ग्रीन बॉन्ड में पात्र विदेशी निवेशक भी कर सकेंगे निवेश

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक ने विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों के बाद अब पात्र विदेशी निवेशकों को भी सॉवरेन ग्रीन बॉन्ड में निवेश करने की अनुमति दे दी है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को चालू वित्त वर्ष की पहली द्विमासिक छात्रावास नीति की घोषणा करते हुए बताया गया कि वित्त वर्ष 2022-23 के केंद्रीय बजट में की गई एक घोषणा के आधार पर केंद्र सरकार ने जनवरी 2023 में एसजीआरबी जारी किए। वित्त वर्ष 2023-24 में सरकारी उधारी कैलेंडर के हिस्से के रूप में एसजीआरबी भी जारी किए गए थे। वर्तमान में सेबी में पंजीकृत विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों को सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश के लिए उपलब्ध अलग-अलग रूट के तहत एसजीआरबी में निवेश करने की अनुमति है। एसजीआरबी में व्यापक प्रवासियों की भागीदारी को सुविधाजनक बनाने की दृष्टि से अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र में पात्र विदेशी निवेशकों को भी ऐसे बॉन्ड में निवेश करने की अनुमति देने का निर्णय लिया गया है। सरकार और आईएफएससी प्राधिकरण के परामर्श से आईएफएससी में पात्र विदेशी निवेशकों द्वारा एसजीआरबी में निवेश और व्यापार के लिए एक योजना अलग से अधिसूचित की जा रही है।

# अपोलो स्पैक्ट्रा और अपोलो वन ने दिल्ली में लॉन्च किया प्रीमियर बुटीक हेल्थकेयर हब

नयी दिल्ली। अपोलो हेल्थ एण्ड लाईफस्टाइल लिमिटेड के तहत स्वास्थ्य सेवा प्रदाता अपोलो स्पैक्ट्रा हॉस्पिटल्स एवं अपोलो वन ने दिल्ली के करोल बाग में अपने नए बुटीक हॉस्पिटल लॉन्च किया है।

इस हॉस्पिटल का उद्घाटन टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्ज़ा की मौजूदगी में हुआ। अपोलो स्पैक्ट्रा को शॉर्ट स्टे सर्जरी में स्पेशलटी देखभाल के लिए जाना जाता है, वहीं अपोलो वन एआई आधारित प्रीवेन्टिव हेल्थकेयर समाधान उपलब्ध कराता है। यह बुटीक हॉस्पिटल सुपर-स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की टीम, कन्सलटेन्ट्स एवं आधुनिक तकनीकों के माध्यम से मरीज़ों की स्वास्थ्य संबंधी सभी ज़रूरतों के लिए वन-स्टॉप समाधान उपलब्ध कराएगा।

इस अवसर पर अपोलो हेल्थ एण्ड लाईफस्टाइल लिमिटेड के अध्यक्ष एमबीएन राव ने कहा, ''यह बुटीक हॉस्पिटल प्रीमियम हेल्थकेयर को सभी के लिए सुलभ बनाएगा। हॉस्पिटल में स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की टीम और आधुनिक सुविधाएं मरीज़ों को नए स्तर की देखभाल प्रदान करेंगी।

हॉस्पिटल आधुनिक टेक्नोलॉजी एवं उपकरणों जैसे रोबोटिक सर्जिकल सिस्टम, डायग्नॉस्टिक सेवाओं और प्रीवेन्टिव हेल्थ प्रोग्रामों के माध्यम से मरीज़ों को सर्वश्रेष्ठ परिणाम देकर उनके अनुभव को पूरी तरह से बदल देगा।

इस अवसर पर सानिया मिर्ज़ा ने कहा, ''यह देखकर अच्छा लगता है कि अपोलो भविष्य के लिए तैयार मेडिकल टेक्नोलॉजी के माध्यम से मरीज़ों को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। यह बुटीक हॉस्पिटल एक्यूरेट डायग्नोसिस, पर्सनलाइज़्ड ट्रीटमेन्ट, सर्जिकल उपचार एवं प्रीवेन्टिव हेल्थ मैनेजमेन्ट में नए बेंचमार्क स्थापित करेगा। इस अवसर पर उन्होंने हॉस्पिटल के टेली-आईसीयू प्रोग्राम, रोबोटिक सर्जरी सुइट, कॉम्प्रीहेन्सिव डायग्नॉस्टिक सेंटर और अपोलो प्रो- हेल्थ पर्सनलाइज़्ड हेल्थ स्क्रीनिंग प्रोग्राम का भी अनावरण किया।

अपोलो हेल्थ एण्ड लाईफस्टाइल लिमिटेड के सीईओ ने कहा, ''यह युनिट प्रेसीज़न मेडिसिन, आधुनिक प्रीवेन्टिव केयर प्रोग्राम एवं सर्जिकल एक्सीलेन्स में विशेषज्ञ है। यह डायग्नॉस्टिक सेवाओं जैसे सीटी स्कैन, एक्स-रे, अल्ट्रासाउण्ड स्कैन और मैमोग्राफी आदि के साथ बीमारियां के जल्द निदान को सुनिश्चित करती है।

## शार्ट न्यूज

### सूर्यकुमार यादा आगामी मुकाबले के लिए मुंबई इंडियंस टीम से जुड़ेंगे



मुम्बई। टी-20 टीम के धाकड़ बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव रविवार को वानखेड़े में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ होने वाले वाले मुकाबले के लिए मुंबई इंडियंस टीम से जुड़ेंगे। हालांकि उनके फिटनेस की पुष्टि नहीं हो पाई है। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार सूर्यकुमार यादव शुक्रवार को मुंबई इंडियंस टीम से जुड़ेंगे। उन्होंने फिटनेस की मंजूरी नहीं मिलने के कारण अभी तक इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में कोई मैच नहीं खेला है। इस वर्ष की शुरुआत में हुई टखने की सर्जरी से उबरने के लिए वह बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में थे। उन्हें स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी भी करानी पड़ी थी जिसके कारण वह घरेलु मैदान पर अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 सीरीज से बाहर हो गये थे। उल्लेखनीय है कि सूर्यकुमार ने पिछले वर्ष दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में खेले गये तीसरे टी-20 में 56 गेंदों में 100 रन बनाए थे। इसी मैच में उन्हें टखने में चोट लगी थी।

### आईओए में घमासान चरम पर

नई दिल्ली। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) में सीईओ समेत दो नियुक्तियों को लेकर घमासान चरम पर पहुंच गया है। उपाध्यक्ष राजलक्ष्मी सिंह देव की अगुवाई में आईओए कार्यकारिणी के नौ सदस्यों ने संघ परिसर में नोटिस चस्पा कर अनधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश पर रोक लगा दी है। कार्यकारिणी सदस्यों का इशारा जनवरी में नियुक्त किए गए सीईओ रघुराम अय्यर और आईओए अध्यक्ष पीटी उषा के कार्यकारी सहायक कैप्टन अजय नारंग को लेकर है। सीईओ की नियुक्ति को लेकर छह जनवरी से ही पीटी उषा और कार्यकारिणी सदस्यों के बीच टकराव हो रहा है। कार्यकारिणी सदस्यों का कहना है कि सीईओ का भारीभरकम वेतन (20 लाख रुपये प्रति माह, कुल सालाना वेतन तीन करोड़ रुपये) काफी ज्यादा है। हाल ही में 15 सदस्यीय कार्यकारिणी में से 12 सदस्यों ने सीईओ की नियुक्ति को निरस्त कर दिया था। हालांकि सीईओ अपना कार्यभार संभाले रहे। इसके बाद ही मंगलवार को कार्यकारिणी सदस्यों ने बैठक कर नोटिस चस्पा कर दिया। नोटिस पर राजलक्ष्मी सिंह देव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय पटेल, कोषाध्यक्ष सहदेव यादव, उपाध्यक्ष गगन नारंग, सदस्य योगेश्वर दत्त, डोला बनर्जी, भूपेंद्र सिंह बाजवा, अमिताभ शर्मा और हरपाल सिंह के हस्ताक्षर हैं।

### अनमोल सहित पांच भारतीय कजाखस्तान चैलेंजर के क्वार्टर फाइनल में

अस्ताना। 17 साल की बैडमिंटन खिलाड़ी अनमोल खरब सहित पांच भारतीय शटलरों ने कजाखस्तान इंटरनेशनल चैलेंजर के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। अनमोल के अलावा देविका सिहाग, पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन अनुपमा उपाध्याय, सातवीं वरीय तान्या हेमंत और इशारानी बरुआ भी महिला एकल के अंतिम-8 में प्रवेश कर लिया। एशिया टीम चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जिताने में मदद करने वाली गत राष्ट्रीय चैंपियन अनमोल ने दूसरे दौर में संयुक्त अरब अमीरात नूरानी रातू अजाहरा 21-11, 21-7 से हराया। सिहाग ने अजरबैजान के केशा फामिता को 21-12, 21-12 से हराया। अब उनकी टक्कर हमवतन अनुपमा से होगी जिन्होंने चेक गणराज्य की पांचवीं वरीय टेरेजा को पराजित किया। सातवीं वरीय तान्या ने इस्राइल के सेनिया पोलिकारपोवा को 21-11, 21-18 से मात दी। इशरानी ने न्यूजीलैंड के टिफनी हो 21-10, 20-14 से पराजित किया।

### फिरोजा के खिलाफ अभियान शुरू करेंगे प्रगनानंदा

टोरंटो। भारत के स्टार खिलाड़ी आर प्रगनानंदा कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा के खिलाफ करेंगे। वहीं, ऑल इंडियन मुकाबले में डी गुकेश और विदित गुजराती आमने-सामने होंगे। गुकेश को शुरुआती हाफ में सफेद मोहरों से खेलते हुए फायदा उठाना होगा। विदित के लिए मोहरों का रंग अधिक मायने नहीं रखता और वह अच्छी स्थिति का फायदा उठाने के लिए जाने जाते हैं। दो सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाले खिलाड़ियों फाबियानो कारुआना और हिकारू नाकामूरा के बीच ऑल अमेरिकी मुकाबला होगा। दिन के एक अन्य मुकाबले में निजात अबासोव की भिड़ंत रूस के इयान नेपोमनियाची से होगी। प्रगनानंदा ने कहा, यह रोमांचक होने वाला है। टाइम कंट्रोल का मतलब है कि हमें घड़ी पर भी नजर रखनी होगी क्योंकि शुरुआती 40 चाल तक समय में कोई इजाफा नहीं होगा। टूर्नामेंट के कार्यक्रम को देखते हुए प्रगनानंदा का पलड़ा भारी रह सकता है क्योंकि दूसरा हाफ महत्वपूर्ण रहने की उम्मीद है। भारतीय खिलाड़ी को पहले हाफ में नाकामूरा और कारुआना के अलावा हमवतन गुजराती से काले मोहरों से खेलना है। युवा भारतीय खिलाड़ी को उलट मुकाबलों में सफेद मोहरों से खेलने को मिलेगा।

### मयंक यादव ने बताया फास्ट बॉलिंग का राज

लखनऊ सुपर जायंट्स के तेज गेंदबाज मयंक यादव अपने IPL डेब्यू में पेस के कारण चर्चा में आए। पंजाब किंग्स के खिलाफ पहले मैच में 155.6 किलोमीटर प्रति घंटा सीजन की सबसे फास्ट बॉल थी, जिसे उन्होंने ही दूसरे मुकाबले में RCB के खिलाफ 156.7 की स्पीड के साथ तोड़ दिया। मयंक यादव ने यूट्यूब पर सेकंड इनिंग्स विथ मंजोत के एक एपिसोड में अपनी तेज गेंदबाजी और फिटनेस का राज बताया। यादव ने कहा, इंडियन फास्ट बॉलर्स की बिल्ड बड़ी नहीं होती, जबकि विदेशी बॉलर्स की बिल्ड बेहतर होती है और इस कारण उनका पेस आता है। भारतीय प्लेयर्स का पेस बेहतरीन तकनीक से आता है, आपको फास्ट बॉल फेंकने के लिए रनअप, रिस्ट पोजीशन और रिस्ट फ्लिक पर बहुत ध्यान देना होगा। वहीं, फिटनेस का में डाइट और जिम के अलावा सबसे जरूरी नींद है। बेहतर नींद से फिटनेस पर सबसे ज्यादा असर पड़ता है। मयंक ने प्रोफेशनल क्रिकेट में डेब्यू करने के लिए स्कूल छोड़ा। वहीं, आईपीएल ऑक्शन के पहले राउंड में भी वे अनसोल्ड रहे थे। मयंक ने बताया कि उनके प्रोफेशनल करियर की शुरुआत अंडर-19 कूच बिहार ट्रॉफी से हुई, इसके लिए उन्होंने दसवीं क्लास से नाम कटवा लिया था। मयंक ने इस दौरान 4 मैच खेले और कुल 19 विकेट लिए। शुरुआत में मयंक सिर्फ 2 बॉल डालते थे, यॉर्कर या बाउंसर। इस कारण उन्हें कूच बिहार के मुकाबलों में भी चुनौतियों का सामना करना पड़ा।

### अर्जेंटीना के राष्ट्रपति को मारने के आरोप में हथियारबंद व्यक्ति गिरफ्तार

ब्यूनस आयर्स। अर्जेंटीना की पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है जो छुरी और अन्य नुकीली वस्तुओं के साथ अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर माइली को मारने के लिए ब्यूनस आयर्स के कासा रोसाडा राष्ट्रपति महल में घुसपैठ करने की कोशिश कर रहा था। यह जानकारी सुरक्षा मंत्री पेट्रीसिया बुलरिच ने दी। बुलरिच ने गुरुवार को एक्स पर कहा कि वह एक माचे और अन्य तेज धार की वस्तुओं के साथ कासा रोसाडा पहुंचने की कोशिश कर रहा था और पीएफए (अर्जेंटीना संघीय पुलिस) अधिकारी यानिना वायलेंट ने उसे रोक दिया। अर्जेंटीना ब्रॉडकास्टर टीएन ने देश की पुलिस का हवाला देते हुए कहा कि 29 वर्षीय हमलावर ने सरकारी घर के किनारे एक बंद बाड़ का उपयोग करने का निर्णय लिया, जो खुला था क्योंकि एक अधिकारी इमारत छोड़ कर जा रहा था। पुलिस द्वारा हिरासत में लिए जाने पर हमलावर चिल्लाया कि मैं भगवान हूं और मैं राष्ट्रपति को मार डालूंगा। रिपोर्ट के अनुसार, उसके पास लगभग 8 इंच लंबी छुरी, पांच गोलाकार आरी का ब्लेड और एक कांटा पाया गया।

# एक दशक का सूखा समाप्त करने उतरेगी भारतीय पुरुष हॉकी टीम

नयी दिल्ली। हरमनप्रीत की अगुवाई वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम पर्थ में शनिवार से शुरु वाली पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला जीतकर एक दशक के सूखे को खत्म करने के इरादे से उतरेगी।

श्रृंखला का पहला मैच छह अप्रैल को पर्थ में होगा। दूसरा मैच सात, तीसरा 10, चौथा 12 तथा पांचवां मैच 13 अप्रैल को खेला जायेगा। इस श्रृंखला को पेरिस ओलंपिक की तैयारियों के मद्देनजर महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

भारतीय टीम का लक्ष्य टेस्ट श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया को हराकर एक दशक के सूखे को समाप्त करना है। भारत इससे पहले 2014 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसी की धरती पर टेस्ट सीरीज जीती थी।

आंकड़ों के अनुसार भारतीय हॉकी टीम और ऑस्ट्रेलिया के बीच वर्ष 2013 से अब तक कुल 43 बार भिड़ंत हुई हैं। इन मुकाबलों में ऑस्ट्रेलिया 28 बार विजयी हुआ है, जबकि भारत को आठ मैचों में जीत हासिल हुई है। सात मैच ड्रॉ पर समाप्त हुए हैं। वर्तमान विश्व रैंकिंग में भारत चौथे और ऑस्ट्रेलिया पांचवें स्थान पर है।




भारतीय टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन इस दौरे को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा, यह श्रृंखला पेरिस ओलंपिक से पहले हमारी टीम की तैयारियों के लिए एक लिटमस टेस्ट के रूप में कार्य करती है। हमारा लक्ष्य अपनी रणनीतियों को बेहतर बनाना और सुधार के लिए क्षेत्रों की पहचान करना है ताकि हम सुनिश्चित कर सकें कि हम मेगा इवेंट के लिए हम चरम फॉर्म में हैं। हमारा ध्यान अपने गेम प्लान को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने और ऑस्ट्रेलियाई पक्ष द्वारा पेश की गई चुनौतियों से निपटने पर होगा।

कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, हम आगे आने वाली चुनौती के लिए तैयार हैं।

हर मैच हमारे लिए अपने कौशल दिखाने और अपने देश को गौरवान्वित करने का एक अवसर है। हम ऑस्ट्रेलिया द्वारा पेश की जाने वाली कड़ी प्रतिस्पर्धा से अवगत हैं। हमें अपनी क्षमताओं और अपनी तैयारियों पर भरोसा है। एक टीम के रूप मे एकजुट के साथ मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

हमारा लक्ष्य न केवल इस श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन करना है, बल्कि एक टीम के रूप में सीखना और आगे बढ़ना भी है यह पेरिस ओलंपिक में हमारे अभियान की नींव।

पेरिस ओलंपिक में ऑस्ट्रेलिया, भारत के समान ग्रुप बी में है, इसलिए दांव पहले से कहीं अधिक बढ़ गया है। टेस्ट श्रृंखला दोनों टीमों को पेरिस में होने वाले अंतिम मुकाबले से पहले एक-दूसरे की ताकत और कमजोरियों का परखने का एक सही मंच है।

## हार्दिक पंड्या ने श्री सोमनाथ महादेव के किए दर्शन



सोमनाथ। भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार ऑलराउंडर और मुंबई इंडियंस टीम के कप्तान हार्दिक पंड्या ने ज्योतिर्लिंग देवो के देव श्री सोमनाथ महादेव के शुक्रवार को दर्शन किये।

श्री सोमनाथ ट्रस्ट के महाप्रबंधक विजय सिंह चावड़ा ने इस अवसर पर श्री पंड्या को महादेव का स्मृति चित्र एवं प्रसाद भेंट कर अभिवादन किया।

मुंबई इंडियंस टीम के कप्तान हार्दिक ने सोमनाथ महादेव को पूजा सामग्री अर्पित की, जलाभिषेक किया एवं सोमेश्वर महापूजा और ध्वजा पूजा की।

### चोटिल कुलदीप यादव को दो मैचों में आराम की सलाह

मुम्बई। कमर की चोट के बाद दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाज कुलदीप यादव को एहतियात के तौर पर आराम की सलाह दी गई है। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि वह कब मैच खेलने के लिए उपलब्ध होंगे। कुलदीप चोट के कारण आगामी दो मैचों में नहीं खेल पायेंगे। उन्हे आराम करने की सलाह दी गई। हालांकि उनकी चोट गंभीर नहीं है इसलिए वह टीम के साथ यात्रा कर रहे हैं और वर्तमान में मुंबई में हैं। कुलदीप ने इंडियन प्रीमियर लीग के इस सत्र में दिल्ली कैपिटल के शुरुआती दो मैच खेले और पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैचों में तीन विकेट लिए है। हालांकि विशाखापटनम में चेन्नई सुपर किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ वह अगले दो मैच नहीं खेल पाए। भारतीय चयनकर्ता की कुलदीप की चोट प्रगति पर बारीकी से नजर रहेंगी।

# राफेल नडाल ने मोंटे कार्लो मास्टर्स से नाम लिया वापस

एजेंसी

पेरिस। स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल ने स्वास्थ्य कारणों से मोंटे कार्लो मास्टर्स से नाम वापस ले लिया है।

नडाल की इस घोषणा के बाद मई के आखिर में होने वाले 15वें फ्रेंच ओपन में उनके खेलने की संभावना भी कम दिख रही है।

नडाल ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर लिखा, ये मेरे लिए बहुत कठिन समय है दुर्भाग्य से मुझे आपको बताना पड़ रहा है कि मैं मोंटे-कार्लो में नहीं खेलूंगा। मेरा शरीर मुझे इसकी इजाजत नहीं दे रहा।

भले ही मैं कड़ी मेहनत कर रहा हूं और खेलने की पूरी इच्छा के साथ हर दिन अधिकतम प्रयास कर रहा हूं। उन टूर्नामेंटों में फिर से प्रतिस्पर्धा करू जो मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण रहे हैं, सच्चाई यह है कि मैं आज नहीं खेल सकता।



उन्होंने कहा, आपको अंदाजा नहीं है कि इन स्पर्धाओं में न खेल पाना मेरे लिए कितना कठिन है। केवल एक चीज़ जो मैं कर सकता हूँ वह है स्थिति को स्वीकार करना और खेलने के लिए उत्साह और इच्छाशक्ति को बनाए रखते हुए मुझे चीजों को बेहतर करने का अवसर मिला है।उल्लेखनीय है कि 22 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता नाडाल की पिछली गर्मियों में कूल्हे की सर्जरी हुई थी और इस साल की शुरुआत में वापसी के बाद उन्होंने केवल तीन मैच खेले हैं। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में जॉर्डन थॉम्पसन से हारने से पहले उन्होंने डोमिनिक थिएम और जेसन कुबलर को हराया। इसी दौरान कूल्हे की चोट उभरने के कारण उन्हें ऑस्ट्रेलियन ओपन से हटना पड़ा था।

# भारत मालदीव को जरूरी सामान एक्सपोर्ट करता रहेगा

## दूसरे देशों के लिए चावल-चीनी के निर्यात पर रोक, मालदीव में सप्लाई 43 सालों में सबसे ज्यादा

मालदीव के साथ विवाद के बीच भारत सरकार ने शुक्रवार को घोषणा की कि वो मालदीव में जरूरी सामानों का एक्सपोर्ट जारी रखेगी। मालदीव में मौजूद भारतीय हाई कमीशन ने बताया- मालदीव की सरकार की अपील पर भारत 2024-25 के लिए देश में जरूरी सामानों का एक्सपोर्ट जारी रखेगा। सामानों की जो मात्रा तय की गई है वो 1981 के बाद सबसे ज्यादा होगी। हालांकि यह अभी साफ नहीं किया गया ये सामान कितनी मात्रा में भेजे जाएंगे।

भारत सरकार ने देश में चावल, चीनी और प्याज जैसे मूलभूत उत्पादकों के दाम पर काबू करने के लिए इनके एक्सपोर्ट पर फिलहाल रोक लगा रखी है। लेकिन अब सरकार ने घोषणा की है कि प्रतिबंधों के बावजूद मालदीव में इन सामानों की सप्लाई जारी रहेगी।

हाई कमीशन के मुताबिक, कंस्ट्रक्शन सेक्टर में इस्तेमाल होने वाली नदी की रेत और पत्थरों का 10-10 लाख मीट्रिक टन एक्सपोर्ट किया जाएगा।




इसमें 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। इसके अलावा अंडे, आलू, आटा और दाल के कोटे में भी 5 प्रतिशत बढ़ाया गया है।

### नेबर्स फर्स्ट पॉलिसी के तहत सरकार ने किया फैसला

भारतीय हाई कमीशन ने कहा कि यह कदम भारत के पड़ोसी देशों को प्राथमिकता देने वाली नीति नेबर्स फर्स्ट के तहत उठाए गए हैं। भारत हमेशा से मालदीव में लोगों से जुड़े विकास को बढ़ावा देता है। पिछले साल भी भारत ने चावल, चीनी और प्याज के एक्सपोर्ट पर लगाए गए बैन के बावजूद मालदीव को इनकी सप्लाई जारी रखी थी।

भारत सरकार ने यह घोषणा ऐसे समय की है, जब पिछले कुछ महीनों में मालदीव के साथ रिश्ते चुनौतीपूर्ण रहे हैं। पड़ोसी देश में मोहम्मद मुइज्जू ने राष्ट्रपति बनने के बाद से इंडिया आउट की पॉलिसी अपनाई है। इसके तहत वहां मौजूद 88 भारतीय सैनिकों को हटाने का फैसला किया गया था।

### भारतीय सैनिकों को देश से निकाल रहा मालदीव

सैनिकों का पहला बैच पिछले महीने ही लौट चुका है। वहीं सभी सैनिकों के मालदीव से जाने के लिए 10 मई की तारीख तय की गई है। दूसरी तरफ, मालदीव ने भारत के साथ हाइड्रोग्राफिक सर्वे समझौता भी रद्द कर दिया था। राष्ट्रपति मुइज्जू ने कहा था कि देश इस सर्वे में इस्तेमाल होने वाली मशीनों और तकनीक को खुद जुटाएगा।

इंडिया आउट पॉलिसी के बीच राष्ट्रपति मुइज्जू ने चीन के साथ रिश्तों पर फोकस किया है। करीब 1 महीने पहले दोनों देशों के बीच सैन्य समझौता हुआ था। इसके ठीक बाद मुइज्जू ने बयान दिया था कि 10 मई के बाद कोई भी भारतीय सैनिक न यूनिफॉर्म या सादे कपड़ों में भी मालदीव में नहीं रहेगा।

### राष्ट्रपति मुइज्जू ने कहा था- हमारा देश छोटा, लेकिन कोई धमका नहीं सकता

मालदीव में चुनाव के बाद आम तौर पर नए राष्ट्रपति पहले भारत का दौरा करते थे। लेकिन राष्ट्रपति मुइज्जू पद संभालने के बाद अपने पहले विदेश दौरे पर चीन गए थे। जनवरी में चीन की यात्रा से लौटने के बाद मुइज्जू ने कहा था- हमारा देश छोटा है, लेकिन इसका ये मतलब नहीं कि आपको हमें धमकाने का लाइसेंस मिल गया है। हिंद महासागर किसी एक देश का नहीं है। मालदीव इस महासागर का सबसे बड़ा हिस्सा रखने वाले देशों में से एक है।

## मैकडॉनल्ड्स ने किया अपने सभी इजरायली रेस्तरां को वापस खरीदने का फैसला

वाशिंगटन। अमेरिका की दिग्गज फास्ट फूड कंपनी मैकडॉनल्ड्स ने इजरायल-हमास युद्ध की प्रतिक्रिया में ब्रांड के बहिष्कार के बाद अपने सभी इजरायली रेस्तरां को वापस खरीदने का फैसला किया है। कंपनी ने कहा कि उसने इजरायल में 5,000 लोगों को रोजगार देने वाले 225 आउटलेट की वापसी के लिए फ्रेंचाइजी अलोन्याल के साथ एक समझौता किया है। मैकडॉनल्ड्स की आलोचना तब शुरू हुई, जब अलोन्याल ने हजारों इजरायली सैनिकों को मुफ्त भोजन देना शुरू किया। अक्टूबर में संघर्ष शुरू होने के बाद से क्षेत्र में बिक्री में गिरावट आयी है। मैकडॉनल्ड्स ने गुरुवार को कहा कि 30 वर्षों से अधिक समय से इजरायल में गोल्डन आर्चेस की श्रृंखला चला रहे एलोन्याल के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किये गये हैं। कंपनी ने कहा कि रेस्तरां, संचालन और कर्मचारियों को 'समकक्ष शर्तों पर' कायम रखा जाएगा और वह 'इजरायली बाजार के लिए प्रतिबद्ध' रहेगी। बिक्री की शर्तों का खुलासा नहीं किया गया है। अमेरिकी कंपनी का बहिष्कार तब शुरू हुआ जब कुवैत, मलेशिया और पाकिस्तान जैसे मुस्लिम-बहुल देशों ने इजरायल के कथित समर्थन के लिए मैकडॉनल्ड्स से खुद को दूर करने वाले बयान जारी किये।

## वियतनाम में संदिग्ध भोजन विषाक्तता के कारण एक छात्र की मौत, 28 अस्पताल में भर्ती

हनोई। वियतनाम के केंद्रीय शहर न्हा ट्रांग में शुक्रवार की सुबह रेहड़ी-पटरी वालों या स्थानीय खाद्य स्टॉलों पर बेचा जाने वाला नाश्ता खाने के बाद पांचवीं कक्षा के एक छात्र की मौत हो गयी और 28 अन्य को अस्पताल में भर्ती कराया गया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि विन्ह ट्रूआंग प्राइमरी स्कूल का एक छात्र शुक्रवार सुबह नाश्ता करने के बाद कथित तौर पर बीमार महसूस करने लगा और बेहोश हो गया। स्कूल ने तुरंत प्राथमिक चिकित्सा प्रदान की और उसे आपातकालीन केंद्र तक ले जाने की कोशिश की, लेकिन वहां तक पहुंचने से पहले ही सांस रुक जाने के कारण छात्र की मौत हो गई। इसके अलावा शुक्रवार सुबह इसी स्कूल के 19 अन्य छात्रों को पेट दर्द, उल्टी और सिरदर्द के लक्षण दिखने के बाद अस्पताल भेजा गया। ट्रान हंग दाओ माध्यमिक विद्यालय के नौ अन्य छात्रों में भी यही लक्षण दिखे और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। वीएनएक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार डॉक्टरों ने संदेह जताया है कि ये मामले खाद्य विषाक्तता के हैं। वियतनाम समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, शुक्रवार दोपहर तक उन छात्रों की हालत स्थिर हो गयी थी। स्थानीय अधिकारी मामले के कारणों की जांच कर रहे है।

## मूसलाधार बारिश के कारण सिडनी हवाई अड्डे से 100 से ज्यादा उड़ानें हुई रद्द

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) में शुक्रवार को लगातार मूसलाधार बारिश के कारण सिडनी हवाई अड्डे से 100 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गईं। मूसलाधार बारिश जारी रहने के कारण स्थानीय समयानुसार अपराह्न 2: 30 बजे तक छह अंतरराष्ट्रीय और 109 घरेलू उड़ानें रद्द की जा चुकी हैं। अगले कुछ घंटों में अन्य उड़ानों के रद्द होने की संख्या बढ़ सकती है, क्योंकि मूसलाधार बारिश जारी है। सिडनी हवाई अड्डे के एक प्रवक्ता ने स्थानीय मीडिया से कहा कि मूसलाधार बारिश होने के बावजूद रनवे खुले हैं, लेकिन जैसे-जैस दिन चढ़ेगा यात्रियों को और देरी का समाना करना पड़ सकता है। प्रवक्ता ने कहा तूफान और मूसलाधार बारिश के कारण कुछ उड़ानों में देरी और कुछ उड़ानों को रद्द करना पड़ा है। उन्होंने कहा कि यात्रियों को उड़ान की स्थिति के बारे में अपनी एयरलाइन से पूछताछ करने की नसीहत दी गयी है। राज्य में रात भर तेज और मूसलाधार बारिश से सिडनी सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है। स्थानीय मौसम सेवा प्रदाता वेदरज़ोन के आंकड़ों के अनुसार, सिडनी के केंद्रीय व्यापार केन्द्र में पिछले 24 घंटों में आज सुबह नौ बजे तक 111 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गयी है। खराब मौसम के कारण रेडफर्न स्टेशन के उपकरण क्षतिग्रस्त हो गए और काम करना बंद कर दिया। जो 11 रेल लाइनों को जोड़ने वाला परिवहन केंद्र है, जिसके कारण रेल सेवाएं भी प्रभावित हुई है।

# भारत कच्चाथीवू हासिल करना चाहता है

## वहां चुनावी समय है, इसलिए बयानबाजी हो रही; भारत को 80 गुना बड़ा इलाका मिला

कोलंबो। कच्चाथीवू पर जारी विवाद के बीच श्रीलंका के मंत्री ने कहा है कि इस द्वीप को वापस लेने के भारत के बयानों का कोई आधार नहीं है। श्रीलंका के मत्स्य पालन मंत्री डगलस देवानंद ने कहा, भारत में चुनाव का समय है। ऐसे में कच्चाथीवू पर दावे से जुड़े बयान आना कोई नई बात नहीं है। जाफना में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान गुरुवार को श्रीलंकाई मंत्री ने कहा, मुझे लगता है भारत इस जगह को खुद हासिल करना चाहता है ताकि श्रीलंकाई मछुआरों को यहां कोई हक न मिले।

### मंत्री बोले- 1974 में दोनों देशों के मछुआरे एक-दूसरे की सीमा में मछली पकड़ते थे

डगलस ने कहा, 1974 में भारत-श्रीलंका के बीच समझौता हुआ था। इसके तहत दोनों देशों के मछुआरों को



एक-दूसरे की समुद्री सीमा में मछली पकड़ने की इजाजत दी गई थी। लेकिन इसके बाद 1976 में नया समझौता हुआ और मछुआरों को मिले अधिकार पर रोक लगा दी गई।

श्रीलंकाई मंत्री ने बताया कि नए समझौते के तहत भारत को कन्याकुमारी के पास मौजूद वेज बैंक मिला। यह कच्चाथीवू से 80 गुना बड़ा इलाका है, जहां बहुत से समुद्री संसाधन मौजूद हैं। 1976 रिव्यू में यह इलाका भारत को मिला था।

### दावा- श्रीलंका में गैरकानूनी तरह से घुस रहे भारतीय मछुआरे

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पिछले कुछ महीनों में श्रीलंकाई मछुआरों ने आरोप लगाया है कि भारत के मछुआरे गैरकानूनी तरह से श्रीलंका की समुद्री सीमा में मछली पकड़ने पहुंच रहे हैं। इस साल की शुरुआत से लेकर अब तक श्रीलंकाई नेवी 178 मछुआरों को पकड़ा है। इस मामले को लेकर श्रीलंका में कई जगह प्रदर्शन भी हुए हैं, जिसकी वजह से मत्स्य पालन मंत्री डगलस देवानंद पर प्रेशर बढ़ रहा है। इससे पहले बुधवार को श्रीलंका के विदेश मंत्री अली साबरी ने कहा था, यह मुद्दा 50 साल पहले सुलझा लिया गया था। इसे दोबारा उठाने की कोई जरूरत नहीं है। कच्चाथीवू पर कोई विवाद नहीं है।

## तुर्की में इजरायल के लिए जासूसी करने के आरोप में आठ संदिग्ध हिरासत में

अंकारा। तुर्की पुलिस ने इजरायली खुफिया एजेंसी मोसाद को खुफिया जानकारी बेचने के संदेह में आठ लोगों को हिरासत में लिया है। देश के गृह मंत्री अली येरलिकाया ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा, दो संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है और छह अन्य के लिए न्यायिक नियंत्रण का निर्णय लिया गया है। येरलिकाया ने बताया कि संदिग्धों ने इजरायली खुफिया एजेंसियों के साथ बैठकें कीं और तुर्की में उन व्यक्तियों तथा कंपनियों के बारे में जानकारी संकलित की, जिन्हें मोसाद ने निशाना बनाया था। उन्होंने बताया कि संदिग्धों ने कथित तौर पर खुफिया जानकारी और दस्तावेजों को इजरायली खुफिया एजेंसी को स्थानांतरित किया था।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रवीण कुमार सिंह द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस D 85 सेक्टर 6 नोएडा से मुद्रित एवं 240 A अंसल चैंबर II, 6 भीकाजी कामा प्लेस नई दिल्ली 110066 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# चौधरी साहब का सम्मान, अन्नदाता का सम्मान : योगी आदित्यनाथ

## मुख्यमंत्री ने बागपत में विजय शंखनाद रैली को किया संबोधित, बीजेपी-रालोद के संयुक्त प्रत्याशी डॉ राजकुमार सांगवान का किया प्रचार

बागपत, 5 अप्रैल। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को यहां गेटवे इण्टरनेशनल स्कूल के मैदान में विजय शंखनाद रैली को संबोधित किया। उन्होंने भाजपा एवं लोकदल के संयुक्त प्रत्याशी डॉ राजकुमार सांगवान के समर्थन में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए वीरों और स्वतंत्रता सेनानियों की धरती बागपत को नमन किया। सीएम योगी ने कहा कि ये वही भूमि है, जहां से अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध महाभारत की नींव पड़ी थी। 5 हजार साल पहले भगवान श्रीकृष्ण ने हस्तिनापुर के राजदरबार में जाकर पांडवों के लिए जिन पांच गावों की मांग की थी, उनमें से एक बागपत भी था। मगर %दुर्योधन वह भी दे न सका, आशीष समाज की ले न सका...%, इसलिए महाभारत तो होना ही था।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि उन्हें भारत माता के महान सपूत और पूर्व पीएम चौधरी चरण सिंह की पावन धरा पर आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि इस बार हमारे लिए ये चुनाव और भी महत्व का हो जाता है। पहली बार किसानों के मसीहा के रूप में चौधरी चरण सिंह को भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न प्राप्त हुआ है। ये न केवल कोटि कोटि अन्नदाताओं का सम्मान है, बल्कि यूपी वालों का गौरव भी है। प्रधानमंत्री मोदी का आभार, जिन्होंने चौधरी साहब के मूल्यों और आदर्शों को ध्यान में रखा और अन्नदाताओं के मुद्दों को राजनीतिक एजेंडे का हिस्सा बनाया और किसान के हित में कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बागपत में 26 अप्रैल को चुनाव होना है। भाजपा और रालोद ने मिलकर बागपत के लिए एक योग्य प्रत्याशी दिया है। रालोद प्रमुख जयंत चौधरी को इसके लिए विशेष धन्यवाद, जिन्होंने एक सामान्य व्यक्ति को बागपत से टिकट दिया है। डॉ राजकुमार सांगवान ने चौधरी चरण सिंह के जीवन मूल्यों को अपनाया है। इनके लिए अभी से यहां चुनावी गर्मी देखने को मिल रही है। इस गर्मी को 26 अप्रैल तक आते आते और ज्यादा बढ़ाना है।




सीएम योगी ने वर्तमान सांसद डॉ सत्यपाल सिंह का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने अपना पूरा जीवन महाराष्ट्र के विभिन्न शहरों में व्यतीत किया, मगर बागपत का सांसद बनते ही वो यहां के विकास के लिए प्रण-प्राण से जुट गये। बागपत के लिए विकास की योजनाओं को उन्होंने दौड़-धूप करके 24 घंटे के अंदर दिल्ली और लखनऊ से पास कराया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बागपत पांच हाईवे से जुड़ रहा है। यहां हर घर नल योजना प्रभावी रूप से लागू हो रही है। गन्ना किसानों को गन्ना मूल्यों के भुगतान के लिए 5-10 साल इंतजार नहीं करना पड़ रहा है। अब मात्र एक हफ्ते में ही गन्ना मूल्यों का भुगतान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिना विकास के भावी पीढ़ी को उज्जवल भविष्य नहीं दे सकते। बागपत में विकास के लिए रालोद का नल और बीजेपी का कमल जरूरी है। उन्होंने पिछली सरकारों पर आरोप लगाया कि पहले बागपत का नौजवान सड़कों पर दौड़ता रह जाता था और जब सरकारी नौकरी की बारी आती थी तब उसे छंटनी करके बाहर कर दिया जाता था।

सीएम योगी ने कहा कि आज देश पीएम मोदी के नेतृत्व में दुनिया की बड़ी ताकत बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है। दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है। आतंकवाद और नक्सलवाद खत्म हुआ है, बहन-बेटी और व्यापारी सुरक्षित हुए हैं। व्यापार बढ़ा है और निवेश का माहौल बना है। किसी ने भी नहीं सोचा था कि देश और प्रदेश में इतने सारे कार्य होंगे।

अब बागपत की जनता को यहां चुनाव की गर्मी को बढ़ाना होगा। फिर एक बार मोदी सरकार का संकल्प लेना होगा और मोदी सरकार के लिए बागपत से राजकुमार सांगवान को जिताने की आवश्यकता है। ये निर्वाचन क्षेत्र तीन जनपद में फैला हुआ, ऐसे में हमारे प्रत्याशी डॉ राजकुमार सांगवान घर घर नहीं जा पाएंगे। बीजेपी कार्यकर्ताओं को भी डॉ राजकुमार सांगवान बनकर घर घर जाना होगा।

भाजपा और लोकदल के कार्यकताओं को परस्पर समन्वय बनाकर आगे बढ़ना होगा। विकास की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए हम सभी को प्राण-प्रण से जुटना होगा। सीएम योगी ने पहले मतदान, फिर जलपान का आह्वान भी किया।

इस अवसर पर रालोद प्रमुख जयंत चौधरी, सांसद डॉ सत्यपाल सिंह, सांसद पद के लिए भाजपा और रालोद के संयुक्त प्रत्याशी डॉ राजकुमार सांगवान, बीजेपी जिलाध्यक्ष तेजपाल उपाध्याय, जिला प्रभारी चंद्रमोहन, लोकसभा प्रभारी अशोक नागर, संयोजक जितेन्द्र, प्रदेश सरकार में मंत्री कपिलदेव अग्रवाल, जसवंत सैनी, केपी मलिक, विधायकगण एवं बीजेपी और रालोद के वरिष्ठ पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

# समस्या समाधान की बजाय समस्या उठाने वालों को जेल भेज रही है सरकार : डॉ रघुबीर कादियान

**ललित कुमार गोठवाल**

हरियाणा विधानसभा के पूर्व स्पीकर एवम बेरी हलके से कांग्रेस विधायक डॉ. रघुबीर सिंह कादियान ने कहा कि बीजेपी सरकार जनता की समस्या सुलझाने की बजाय समस्या उठाने वालों को गिरफ्तार करके जेल भेज रही है। मंडियों में किसान की सरसों को खरीदने की बजाय सिर्फ कागजों में उलझाया जा रहा है। इन्ही समस्याओं को लेकर रतिया में किसान मुख्यमंत्री नायब सिंह के पास गए थे, लेकिन मुख्यमंत्री ने उनकी समस्या सुनने की बजाय किसानों को गिरफ्तार करवाकर जेल भिजवा दिया। जो कांड पुराने मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर करते थे वैसे ही काम अब नायब सिंह कर रहे हैं, जिसका जवाब उन्हें जल्द ही मिल जायेगा।



डॉ. कादियान शुक्रवार को बेरी हलके के गांव ढराना, चिमनी, सिवाना, दुबलधन गांव में हलके की सात अप्रैल को बेरी में आयोजित होने वाली कांग्रेस की जनआक्रोश रैली का निमंत्रण देने पहुंचे थे।

इस रैली में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कांग्रेस अध्यक्ष चौ उदयभान व राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। सांसद दीपेंद्र हुड्डा की प्रशंसा करते हुए डॉ कादियान ने कहा कि जब दीपेंद्र हुड्डा राज्यसभा चुनाव जीतकर संसद पहुंचे तो बाकी 250 सांसदों ने खड़े होकर ताली बजाकर इनका स्वागत किया। अन्य नेताओं के मुकाबले देखें तो मुख्यमंत्रियों के बेटों ने अपने बाप का नाम डुबोने का काम किया वहीं दीपेंद्र हुड्डा ने अपने पिताजी का गौरव और सम्मान बढ़ाने का काम किया।

अपने दौरे पर डॉ कादियान ने कहा कि प्रदेश की जनता बेरोजगारी बढ़ाने वाली बीजेपी सरकार को चुनाव में करारा जवाब देगी। ये सरकार सिर्फ बदला - बदली में लगी हुई है। पूरे देश में विपक्ष के नेताओं को बदले की भावना के तहत फर्जी मुकदमे दर्ज करके जेलों में डाला जा रहा है। जहां पर इनके नेताओं का जनता विरोध कर रही है वहां खुद अपने मुख्यमंत्री, मंत्रियों को बदलने में जुटी हुई है। अब चर्चा है कि बीजेपी लोकसभा चुनाव में अपने उम्मीदवार भी बदलने जा रही है, लेकिन सरकार कि इस बदला - बदली से कुछ फर्क नहीं पड़ने वाला है। जनता ने इस सरकार को ही बदलने का मन बना लिया है। आज के समय में सरकार से हर वर्ग किसान, कर्मचारी, नौकरी पेशा लोग परेशान हैं और इसका बदला जनता इनसे वोट के रूप में लेगी और ये चुनाव आने वाली पीढ़ियों का भविष्य निर्धारित करेगा।

इस मौके पर उनके साथ पूर्व विधायक सुखबीर फरमाणा, अमरजीत अहलावत, विजय अहलावत, रवि कादियान, राजेन्द्र प्रधान, अनिल धौड़, सोशल मीडिया विभाग प्रदेश सचिव सुरेश सोलंकी व कांग्रेस पार्टी के अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद थे।

# भ्रष्टाचारियों की दुकाने बंद हो गयी हैं : ब्रजेश

बाराबंकी । उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार गरीबों को समर्पित है जिसके कार्यकाल में भ्रष्टाचारियों व गुंडों की दुकानें बंद हो गई हैं

जीआईसी ऑडिटोरियम में भाजपा के सोशल मीडिया लोकसभा वॉलेंटियर्स सम्मेलन को संबोधित करते हुये उन्होने कहा कि कांग्रेस सरकार में कामनवेल्थ खेल में 50 रुपये वाली मच्छर भगाने की टिकिया 1000 में खरीदी गई। मंत्री जेल गए। इसके बाद कोयला घोटाला, टू जी स्पेक्ट्रम घोटाले में कांग्रेस के मंत्री जेल गए। सेना के सामानों की खरीद में लूट हुई।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में सपा सरकार में गुंडा राज था। प्लाट पर सपा के नेता अवैध कब्जा कर लेते थे। जीप में कई बंदूकधारी बैठकर जनता को धमकाते थे। 2014 में नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने। उन्होंने भ्रष्टाचार पर लगाम लगाई। सभी राष्ट्रों का दौरा किया। देश की गरीब जनता के लिए योजनाएं चलाईं।

आज हर गरीब को पक्का मकान मिला है। अब माताओं बहनों को शौच जाने के लिए शाम होने का इंतजार नहीं करना पड़ता। घरों में शौचालय बने हैं। बहन बेटियां सम्मानपूर्वक जीवन यापन कर रही हैं।

पाठक ने कहा कि अब हर घर में टोंटी से पानी की व्यवस्था हो रही है। किडनी लीवर में दिक्कत आने पर जेवर, घर व खेती नहीं बेचनी पड़ती क्योंकि पीएम मोदी ने आयुष्मान योजना के तहत हर गरीब को पांच लाख तक का मुफ्त इलाज कराने की व्यवस्था कर दी है। अब जरनेटर इन्वर्टर नहीं चलाना पड़ता क्योंकि बिजली जाती ही नहीं है। पहले केवल इटावा व मैनपुरी में बिजली देकर बाकी जिलों को ठेंगा दिखाया जाता था।

# अनियंत्रित रोडवेज गन्ना लदे ट्रैक्टर ट्राला से भिड़ी, चार गंभीर

गोण्डा। जिले के गोंडा-बलरामपुर राजमार्ग पर इटियाथोक कस्बे के पास एक रोडवेज बस अनियंत्रित होकर गन्ना लदे ट्रैक्टर ट्राले से भिड़ गई। इस हादसे में बस के बाईं तरफ का अगला हिस्सा फट कर अलग हो गया। हादसे में कई यात्री घायल हो गए। घायलों में दो बच्चों समेत चार की हालत ? गंभीर बताई जा रही है। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है। मिली जानकारी के मुताबिक कैसरबाग डिपो की रोडवेज बस शुक्रवार की दोपहर बलरामपुर से सवारी लेकर लखनऊ के लिए निकली थी। बस में करीब 25 यात्री सवार थे। रोडवेज बस इटियाथोक कस्बे के समीप पहुंची थी कि अचानक उसका अगला टायर फट गया और बस अनियंत्रित होकर सामने से आ रहे गन्ना लदे ट्रैक्टर ट्राला से जा टकराई। इस भीषण दुर्घटना में बस के बाईं तरफ सीट पर सवार सोनाली उम्र करीब 27 वर्ष पुत्री राजेश दूबे निवासी इटियाथोक बाजार, उसका 8 माह का बेटा विधात, सोनाली के मौसी का बेटा मुन्ना तिवारी उम्र करीब 35 वर्ष व मुन्ना तिवारी का 4 वर्ष का बेटा अर्णव गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके अलावा अन्य कई यात्रियों को भी चोटें आई हैं। दुर्घटना में बस का एक तरफ का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर चीख पुकार मच गई।आसपास के लोग दौड़ कर मौके पर पहुंचे। पुलिस भी तत्काल पहुंच गई और एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक विवेक त्रिवेदी ने बताया कि दुर्घटना में चार लोग गंभीर रूप से घायल हुये हैं। उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बस के चालक नरेंद्र कुमार,परिचालक रितेश कुमार व अन्य यात्री सुरक्षित बच गए हैं। घटना की जांच पड़ताल की जा रही है।



# ट्रिनिटी इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज ने ऊर्जा 2024 कार्यक्रम की मेजबानी की

नई दिल्ली। ट्रिनिटी इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज, द्वारका ने 5 अप्रैल को टिप्स परिसर में श्रीमती की प्रतिष्ठित उपस्थिति के साथ एक प्रबंधन कार्यक्रम यूआरजेए 2024 की मेजबानी की। प्रियंका गोयल, एसडीएम, पश्चिमी दिल्ली। समारोह की शुरुआत अंधेरे पर ज्ञान की विजय के प्रतीक पारंपरिक दीप-प्रज्ज्वलन समारोह के साथ हुई, जिसके बाद मां सरस्वती के आशीर्वाद का आह्वान करते हुए सरस्वती वंदना हुई। माननीय अध्यक्ष, डॉ आर. और सहयोग एवं विकास के हर अवसर का लाभ उठाना। मुख्य अतिथि श्रीमती पश्चिमी दिल्ली की एसडीएम प्रियंका गोयल ने भी प्रेरणादायक भाषण दिए, अपनी बहुमूल्य अंतर्दृष्टि साझा की और चुनौतियों को खुले हाथों से स्वीकार करने के लिए प्रोत्साहित किया, क्योंकि वे महानता की ओर कदम बढ़ाने वाले पत्थर हैं। इस प्रबंधन कार्यक्रम के उद्घाटन में श्रीमती सहित विशिष्ट हस्तियाँ उपस्थित थीं। प्रियंका गोयल, एसडीएम, पश्चिमी दिल्ली, प्रो. (डॉ.) अनुज वक्षा, विकसित भारत प्रतिनिधि, जीजीएसआईपीयू, और सुश्री काजल चानना, सीईओ, महिला उद्यमी समूह (द्वारका एमओएमएस) डॉ. आरके टंडन, चेयरमैन टिप्स की उपस्थिति में। प्रोफेसर (डॉ.) आशुतोष अग्रवाल - निदेशक टिप्स, प्रोफेसर (डॉ.) शशि बाला- प्रिंसिपल लॉ टिप्स, प्रोफेसर (डॉ.) दीपाली सलूजा और डॉ. दीपक त्रिवेदी संयोजक ऊर्जा, और डॉ. सौम्या सिंघल, डॉ. शिखा और डॉ. नेहा अरोड़ा कार्यक्रम संयोजक ऊर्जा 2024। ऊर्जा 2024 में सेक्टर 9 ट्रिनिटी द्वारका परिसर में ऊर्जा के 20 से अधिक कॉलेजों के 100 से अधिक छात्रों की उत्साही भागीदारी देखी गई। इन छात्रों ने इनसाइट इन्वेस्टिगेटर, स्केच आउट, क्वेस्टमास्टर चैलेंज, डिबेटिंग डायनमो, क्रेजी क्रिएटिव हंगामा, फाइनेंशियल फ्रंटियर, सस्टेनेबल प्रोडक्ट डेवलपमेंट, इनोवेंचर ब्लूप्रिंट और जज्बैट सहित विभिन्न विविध प्रतियोगिताओं में प्रतिस्पर्धी भावना के साथ भाग लिया। ऊर्जा के सभी आयोजनों का मूल्यांकन उद्योग जगत के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम को द रेड मेगा फोन, कैसर, वायरल फिसन और प्रथम द्वारा प्रायोजित किया गया था। यह ई सेल टिप्स, विकासशील भारत अभियान, एनएसएस, उन्नत भारत अभियान से जुड़ा था। कार्यक्रम के समापन सत्र में ट्रिनिटी, द्वारका के अध्यक्ष डॉ. आर.के. टंडन ने प्रतिभागियों को उत्सव के सफल समापन के लिए बधाई दी। सत्र में उपस्थित गणमान्य अतिथियों द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों एवं विजेताओं को प्रमाण पत्र वितरित किये गये। उत्सव का समापन निदेशक प्रोफेसर (डॉ.) आशुतोष अग्रवाल द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें सभी उपस्थित लोगों को उनकी उपस्थिति और समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया गया। ट्रिनिटी इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज सभी विजेताओं को हार्दिक बधाई देता है और उनके भविष्य के प्रयासों में सफलता की कामना करता है।



# अपराध मुक्त व विकास युक्त सुल्तानपुर बनाना संकल्प : मेनका

सुलतानपुर। पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद मेनका गांधी ने शुक्रवार को कहा कि अपराध मुक्त व विकास युक्त सुल्तानपुर बनाना हमारा संकल्प व सपना हैं।

उन्होंने कहा कि हमारा दरवाजा सबके लिए खुला था और खुला रहेगा। ना मैं किसी के साथ दुश्मनी करती हूं और ना किसी की बुराई सब तो अपने हैं। क्षेत्र के संजयनगर, कोरों तिराहा, धनपतगंज बाजार, हरौरा, बल्दीराय,पारा बाजार, वलीपुर, सुरेशनगर, राजापुर, शिवनगर,धम्मौर बाजार, करमपुर परवरभार, बंधुआ कला एवं अमहट तिराहा समेत 23 स्थानों पर उमड़े जनसैलाब ने ढोल नगाड़े व पुष्प वर्षा कर अभूतपूर्व स्वागत किया।



गांधी ने देहली बाजार में भाजपा नेता विकास शुक्ला के आवास, बहुरावां, जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा सिंह के संयोजन में सेंट जार्ज स्कूल-गनापुर, ब्लॉक प्रमुख योगेंद्र सिंह बबलू के संयोजन में कुड़वार, संजय सिंह त्रिलोकचंदी के संयोजन में शिवनगर, जि.प.सदस्य जफर खान के संयोजन में इस्लामगंज में सभाओं को सम्बोधित किया। गनापुर में सांसद ने निषादराज जयंती पर निषाद एवं रमजान के शुभ अवसर पर मुस्लिम समाज के लोगों को बधाई व शुभकामनाएं दी।

निषादराज जयंती पर बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि मैं ऐसे निषादों को जिन्होंने भगवान रामचन्द्र जी को पार किया था और जो हर इलेक्शन में मोदी जी का साथ देकर उनको भी पार करते हैं।

वह निषाद समाज के लोग हमारे परिवार के सदस्य हैं। मैंने उनकी कोविद सहित हर मुसीबत में जब जरूरत पड़ी भरपूर मदद की है।

## 15 रुपये की साड़ी पहनकर सुर्खियां बटोर रही अदा शर्मा

मुंबई (अनिल बेदाग)। केरल स्टोरी में अपने जबरदस्त प्रदर्शन और सनफ्लावर सीजन 2 में अपनी कॉमेडी के लिए सुर्खियां बटोरने के बाद अदा शर्मा अब अपनी साड़ी को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। अदा शर्मा जो अपने अनोखे स्टाइल के लिए जानी जाती हैं, स्नीकर्स के साथ सिंपल पीच और ऑरेंज साड़ी में बेहद खूबसूरत लग रही थीं। जब तारीफ की गई तो उन्होंने लोगों को बताया कि यह उनकी दादी की साड़ी है और उन्होंने साड़ी की कीमत भी साझा की जिसे सुनकर लोग हैरान रह गए। अदा कहती हैं, साड़ी मेरी नानी की है। इसलिए मेरे लिए यह अनमोल है। आप इसकी कोई कीमत नहीं लगा सकते। लेकिन जब वह छोटी थीं तो उन्होंने इसे 15 रुपये में खरीदा था। उस समय 15 रुपये की कीमत बहुत ज्यादा थी। मुझे अपनी पाती (नानी) की साड़ियों के साथ अपनी टीशर्ट के साथ ब्लाउज पहनना पसंद है। अदा अगली बार एक इंटरनेशनल फिल्म में नजर आएंगी। उन्होंने अपने प्रशंसकों से यह भी वादा किया है कि वह और अधिक क्षेत्रीय फिल्में करेंगी। अदा ने एक पशु अस्पताल टोल्फ़ा से भी हाथ मिलाया है जो परित्यक्त जानवरों की देखभाल करता है। वह प्रताड़ित हाथियों के पुनर्वास के लिए भी काम कर रही हैं।

# शार्ट न्यूज

## गांवों एवं सैक्टरों में किया चुनावी भ्रमण



गौतमबुद्धनगर लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी डा. महेश शर्मा ने नौएडा के सैक्टरों /सोसाईटियों में जन संपर्क किया जिसमें सैक्टर 49, आगाहपुर, सैक्टर 45, सैक्टर 39 निठारी सैक्टर 31, रघुनाथपुर, मोरना, होशियारपुर , सैक्टर 52, अरावली अपार्टमेंट सैक्टर 52, मेट्रो अपार्टमेंट, सैक्टर 71, सांई अपार्टमेंट सैक्टर 71, बी ब्लाक सैक्टर 71, जनता फ्लेट्स सैक्टर 71 में चुनाव प्रचार करने के लिए पहुचें वहां के निवासियों ने भाजपा प्रत्याशी का स्वगत किया और भाजपा प्रत्याशी ने स्थानीय निवासियों से संवाद किया और उनसे एक बार पुन: आदरणीय प्रधानमंत्री जी के कुशल नेतृत्व में केन्द्र में भाजपा सरकार बनाने की अपील की। इस दौरान पूर्व विधायक सतवीर गुर्जर जी ने कहा कि इस क्षेत्र की जनता को अधिक संख्या में मतदान करना चाहिए। अबकी बार इतिहास बनाना है और गौतमबुद्ध नगर के भाजपा प्रत्याशी को कम से कम 80 प्रतिशत मतदान कर विजयी बनाना है।

## श्रद्धा कपूर और कृति सेनन के साथ नो एंट्री सीक्वल में शामिल होंगी मानुषी छिल्लर



मुंबई (अनिल बेदाग)। मानुषी छिल्लर अपनी उपलब्धि में एक और इजाफा करने के लिए तैयार हैं। ऑपरेशन वेलेंटाइन, बड़े मियां छोटे मियां और पीरियड-ड्रामा सम्राट पृथ्वीराज जैसी एक्शन फिल्मों के बाद, मानुषी कथित तौर पर एक कॉमेडी फिल्म में एक्टिंग करने के लिए तैयार हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मानुषी छिल्लर, श्रद्धा कपूर और कृति सेनन के साथ, नो एंट्री में एंट्री की प्रतिष्ठित स्टार कास्ट में शामिल होंगी, जो 2005 की फिल्म नो एंट्री का सीक्वल है। सूत्रों से पता चला है कि मानुषी अर्जुन कपूर, वरुण धवन और दिलजीत दोसांझ के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करेंगी, जो सीक्वल में मुख्य भूमिका अदा करेंगे। इस साल की शुरुआत में घोषित इस प्रोजेक्ट में मानुषी की कृति और श्रद्धा के साथ न सिर्फ उनकी पहली ऑन-स्क्रीन उपस्थिति होगी बल्कि यह पहली बार है, जब एक्ट्रेस अर्जुन, वरुण और दिलजीत के साथ जोड़ी बनाती हुई दिखाई देंगी। अफवाहों की मानें तो फिल्म में मानुषी, कृति और श्रद्धा की अहम भूमिका होगी। मानुषी छिल्लर अलग-अलग जॉनर की स्क्रिप्ट चुनकर एक एक्ट्रेस के रूप में खुद को तलाश रही हैं।

## डेविड धवन और वरुण धवन एक धमाकेदार एंटरटेनर के लिए टिप्स फिल्म्स के साथ जुड़े



मुंबई (अनिल बेदाग)। बॉलीवुड के दिलों की धड़कन वरुण धवन और मशहूर निर्देशक डेविड धवन सिल्वर स्क्रीन पर धमाकेदार सहयोग से धमाल मचाने के लिए तैयार हैं, जो एक अविस्मरणीय मनोरंजक अनुभव देने का वादा करता है। अभी तक अनावरण होने वाली परियोजना, टिप्स फिल्म्स द्वारा प्रस्तुत की जा रही है, जो सिनेमाई उत्कृष्टता का पर्याय है, और रमेश तौरानी द्वारा निर्मित है। 2 अक्टूबर, 2025 को राष्ट्रव्यापी रिलीज के लिए निर्धारित, यह उद्यम परिवार, प्यार और हंसी का उत्सव बनने के लिए तैयार है। अपने कैलेंडर में चिह्नित करें कि वरुण धवन और डेविड धवन भावनाओं और हंसी की एक रोलरकोस्टर सवारी का वादा करते हुए अपनी दोहरी शक्ति को उजागर करने के लिए तैयार हैं।

## सनी लियोनी हिमेश रेशमिया और प्रभुदेवा के साथ अपनी अगली फिल्म की शूटिंग के लिए मस्कट पहुंचीं



मुंबई (अनिल बेदाग)। एक्ट्रेस सनी लियोनी, हिमेश रेशमिया और प्रभुदेवा एक आगामी अनटाइटल्ड फिल्म के लिए कॉलेबोरेट कर रहे हैं। उसी की शूटिंग के लिए एक्ट्रेस मस्कट जा रही हैं। यह प्रोजेक्ट प्रभुदेवा के साथ सनी का दूसरा कॉलैबोरेशन है। उन्होंने पहले मशहूर फिल्ममेकर-एक्टर के साथ फ़िल्म पेट्टा रैप में एक गाने के लिए साथ काम किया था। हालाँकि, दर्शकों को पहली बार सनी और हिमेश रेशमिया को स्क्रीन स्पेस साझा करते हुए देखने का मौका मिलेगा। इस यूनिक कॉलैबोरेशन ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया है और यह सनी लियोनी के फैंस के लिए एक ट्रीट होने का वादा करता है। यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या सनी को इस फिल्म के ट्रैक के लिए प्रभुदेवा फिर से कोरियोग्राफ करेंगे। सनी लियोनी फिलहाल पॉपुलर डेटिंग शो स्प्लिट्सविला के 15वें एडिशन की होस्टिंग कर रही हैं। उनके पास कैनेडी और कोटेशन गैंग जैसी फिल्में पाइपलाइन में हैं।

## सर्राफ लूट कांड का खुलासा, चार गिरफ्तार

गोण्डा। उत्तर प्रदेश में गोण्डा जिले के कर्नलगंज थाना क्षेत्र में सर्राफा व्यवसायी से हुयी करीब 50 लाख के लूट का खुलासा कर पुलिस ने दो सगे भाई समेत चार आरोपियों को शुक्रवार को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान जवाबी गोली लगने से घायल एक आरोपी को घायलावस्था में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने गुरुवार को यह जानकारी देते हुये बताया कि गत 4 मार्च को कर्नलगंज कोतवली क्षेत्र के गुडाही बाज़ार में स्थित सर्राफा व्यवसायी बिश्वनाथ साहू की दुकान में देर रात्रि में घुसकर तमंचे की नोंक पर बदमाशो ने लाखों की नगदी व जेवरात लूट लिये और फरार हो गये। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज व पूछताछ के आधार पर प्रकाश में आये राघवेन्द्र, सत्येंद्र, सूरज और फरहान नामक बदमाशो की नरायनपुर माझा के पास घेराबन्दी की और पकड़ने का प्रयास किया लेकिन बदमाशो ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग शुरू कर दीं। पुलिस की जवाबी फायरिंग में आरोपी राघवेन्द्र को पैर में गोली लगी।